


लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

लखनऊ | वर्षः 15 | अंकः 183 | मूल्यः ₹ 3.00/- | पेज : 12 | बुधवार | 17 अप्रैल, 2024

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper


देवी दुर्गा अपने नवें स्वरूप में सिद्धिदात्री के नाम से जानी जाती हैं। यह ऐसी मां हैं जो अपने बच्चों के सपनों को सच करने के लिए खुद के सपनों की बलि दे देती है। यही नहीं मुश्किल घड़ी में अपने पति के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी भी रहती हैं।



### सीएम योगी ने नगीना लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार ओम कुमार के लिए की जनसभा

# पांच सौ साल बाद जन्मोत्सव मनाएंगे श्री रामलला : सीएम

**आरोप:** कांग्रेस ने बाबा साहेब को चुनाव हरवाया तो सपा ने दलितों के स्मारकों को तुड़वाने की बात कही थी

- माफिया-अपराधियों का महिमा मंडन कर उनकी कब्रों पर फातिहा पढ़ते हैं विपक्षी नेता: योगी
- बोले, हम सामान्य नागरिकों को राम-राम करते हैं और माफिया-अपराधियों का राम नाम सत्य

जन एक्सप्रेस | बिजनौर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कल रामनवमी की पावन तिथि यानी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्मदिन है। अभी से लाखों लोग अयोध्या धाम में जन्मोत्सव समारोह में पहुंच रहे हैं। पांच सौ वर्षों के बाद पहली बार यह अवसर आ रहा है, जब रामलला अपनी जन्मभूमि पर जन्मोत्सव मनाएंगे। हमारी पीढ़ियां धन्य हो गईं, जो हम जन्मोत्सव कार्यक्रम के साक्षी बनेंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को नहटौर में नगीना के लोकसभा प्रत्याशी ओम कुमार के लिए जनसभा कर वोट देने की अपील की। सीएम ने बासंतिक नवरात्रि की अष्टमी तिथि के साथ ही रामनवमी की अग्रिम बधाई दी। सीएम योगी ने कहा कि भारत एकमात्र ऐसा देश है, जहां आराध्य को अपनी जन्मभूमि के लिए प्रमाण देना पड़ा। यह संकट कांग्रेस व समाजवादी पार्टी ने दिया। इन्होंने हमारी आस्था को संकटग्रस्त करने का प्रयास किया, लेकिन सनातन समाज कहां मानने वाला था, वह प्रभु राम की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण के लिए कृत संकल्पित था और पीएम मोदी के कारण उसे सफलता प्राप्त हुई। कांग्रेस ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को चुनाव हरवाया था और 2012 में सत्ता में आने पर सपा ने कहा था कि दलितों के स्मारकों को तोड़वाएंगे। इनकी मानसिकता थी कि यह बना नहीं पा रहे, लेकिन तोड़वाने की बात करते हैं। वहीं मोदी जी ने बाबा साहेब से जुड़े पंच तीर्थ का निर्माण करवाया।

इस अवसर पर फुलसंदा वाले बाबा, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसौदिया, जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, भाजपा प्रत्याशी व विधायक ओम कुमार, विधायक अशोक राणा, जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

### अपराधियों की घरों पर जाकर पढ़ते हैं फातिहा

सीएम योगी ने कहा कि आपने सरकार बनाने में योगदान दिया, इसलिए यह श्रेय आपको जाता है। सही दिशा में गया एक वोट तस्वीर-तकदीर बदल देता है, गलत दिशा में गया वोट पहचान का संकट खड़ा कर देता है। कांग्रेस, सपा-बसपा दलदल में डूबे दल हैं। इन्हें अच्छाई से नफरत है। माफिया-अपराधियों को गले का हार बनाते हैं, महिमा मंडन करते हैं। उनके घरों में जाकर फातिहा पढ़ते हैं, लेकिन कोई निर्दोष हिंदू दुर्घटना का शिकार हो जाता है तो इनके मुख से संवेदना के एक शब्द भी नहीं निकलते हैं। हम सामान्य नागरिकों को राम-राम करते हैं और माफिया-अपराधियों का राम नाम सत्य।

### भाजपा ने किया महापुरुषों का सम्मान

मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा-बसपा के समय संत रविदास की जन्मभूमि सीर गोवर्धन में दिक्कतें होती थीं। वहां सिंगल रूट था। वहां आने में लाखों श्रद्धालुओं को कठिनाई होती थी। आज सद्गुरु रविदास की पावन धरा पर भव्य स्मारक, 25 फुट ऊंची प्रतिमा, पार्क और फोरलेन की सड़क भी मिलेगी। रामलला के प्रकटीकरण से पहले महर्षि वाल्मीकि के नाम पर अयोध्या का इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नामकरण भी किया गया। एक तरफ समाज को जाति के नाम पर बांटने वाले सपा, बसपा व कांग्रेस के दलों का गठजोड़ है, दूसरी तरफ 140 करोड़ भारतीयों व महापुरुषों को सम्मान देने वाला भाजपा गठबंधन है। कांग्रेस ने चौधरी चरण सिंह का अपमान किया तो पीएम मोदी ने भारत रत्न देकर किसानों का सम्मान बढ़ाया।

### तीन करोड़ ड्रोन दीदी बनेंगी, जो लखपति होंगी

सीएम ने कहा कि संकल्प पत्र में भाजपा ने कहा कि अगले पांच वर्ष में तीन करोड़ और गरीबों के मकान बनाए जाएंगे। शासन की योजनाओं का निरंतर लाभ मिलता रहेगा। तीन करोड़ ड्रोन दीदी बनेंगी, जो लखपति होंगी। बिजनौर की मेरठ व नजीमाबाद से फोरलेन कनेक्टिविटी हो गई। काफी हद तक बाढ़ की समस्या का समाधान हो गया, शेष का भी जल्द समाधान करेंगे। एक तरफ गरीबों के मकान बन रहे हैं तो दूसरी तरफ प्रभु राम का भी भव्य मंदिर बना है।

### समस्या को छोड़ते नहीं, समाधान के निष्कर्ष तक पहुंचाते हैं

सीएम ने कहा कि किसान, नौजवान, महिला हर वर्ग को सम्मान दे रहे हैं। निजी नलकूपों वाले किसानों के बिजली बिल समाप्त कर फ्री में बिजली देने की व्यवस्था प्रारंभ कर दी है। महात्मा विदुर के नाम पर मेडिकल कॉलेज बन रहा है तो उनकी कुटी तक मां गंगा की धारा ले जाने का कार्य कर दिया गया। समस्या को छोड़ते नहीं, समाधान के निष्कर्ष तक पहुंचाते हैं। महिला, वृद्धों, दिव्यांगजनों को पेंशन, कन्या सुमंगला योजना के जरिए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ व बेसिक शिक्षा परिषद के 1.91 करोड़ बच्चों के लिए फ्री में यूनिफॉर्म, बैग, बुक्स, शूज, स्वेटर, शॉक्स, मिल रहे हैं।

### ओम कुमार को दिल्ली पहुंचने से कोई रोक नहीं सकता

सीएम योगी ने कहा कि ओम कुमार दो बार से विधायक हैं। वे अपने क्षेत्र में खूब कार्य कर रहे हैं। उनके साथ जनता का आशीर्वाद है, इसलिए ओम कुमार को दिल्ली पहुंचने से कोई रोक नहीं सकता। सीएम ने सभी मतदाताओं से मतदान करने व अन्य लोगों से भी करवाने का आग्रह किया। बोले कि वोट डालने जरूर जाना।

# छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों ने 29 नक्सली मारे

## 27-27 लाख के दो इनामी मारे गए, 3 जवान घायल, साढ़े 5 घंटे चली मुठभेड़



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के पहले छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी मिली है। कांकेर जिले के माड़ इलाके में सुरक्षाबलों ने 29 नक्सलियों को ढेर कर दिया। सभी के शव बरामद हो गए हैं। इनमें नक्सली लीडर शंकर राव भी शामिल है। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने इसे बस्तर पुलिस का नक्सलवाद पर सर्जिक स्ट्राइक बताया है। मुठभेड़ में बीएसएफ इंस्पेक्टर रमेश चौधरी सहित 3 जवान घायल हुए हैं। इनमें 2 डीआरजी के जवान हैं। मौके से 5 के-47 बरामद की गई। घायल जवानों को हेलीकॉप्टर से रायपुर लाया गया। डीआरजी का घायल जवान सूर्यवंशी श्रीमाली धमतरी जिले के नगरी का रहने वाला है।

### कांकेर सीट पर 26 अप्रैल को मतदान होगा

4 दिन बाद 19 अप्रैल को बस्तर लोकसभा में वोटिंग होनी है। कांकेर लोकसभा में दूसरे चरण में मतदान होना है। इसके लिए नामांकन फॉर्म भी भरे जा चुके हैं। कांकेर में 26 अप्रैल को वोटिंग होगी।

### 25 लाख का इनामी था शंकर

मुठभेड़ में मारे गए शंकर राव और ललिता माड़वी डीवीसी रैंक के नक्सली लीडर थे। दोनों पर 25-25 लाख का इनाम घोषित था। पुलिस ने मौके से 4 ऑटोमेटिक हथियार भी जब्त किए हैं।

### साढ़े पांच घंटे चली मुठभेड़

सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ साढ़े 5 घंटे चली। छ्द्धल्र इंटेलिजेंस आलोक कुमार सिंह ने बताया, पिछले कुछ दिनों से कांकेर इलाके में नक्सलियों के मूवमेंट के इनपुट्स मिल रहे थे। इसके बाद पुलिस और क्चस्स्न ने ऑपरेशन की तैयारी की। इसी के तहत आज का ऑपरेशन प्लान किया गया। नक्सलियों को दोपहर करीब एक बजे घेर लिया गया। 2 बजे मुठभेड़ शुरू हुई और शाम को 7.30 बजे तक यह चली। इस दौरान, सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के शव भी बरामद भी किए।

### गांव-गांव में लग रहे नक्सलियों के पोस्टर

कबीरधाम जिले में नक्सलियों की सूचना देकर उन्हें पकड़वाने वाले को 5 लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा की गई है। एसपी अभिषेक पल्लव ने इनाम के साथ ही पुलिस विभाग में सरकारी नौकरी देने का भी ऐलान किया है। सूचना देने के लिए एक हेल्प लाइन नंबर 78988 15399 भी जारी किया गया है। इसके लिए जवान गांव-गांव में नक्सलियों की तस्वीर वाली पोस्टर दीवारों पर लगा रहे हैं।

# भाजपा के 'तेल' में बसपा की 'बाती'

### सपा का गढ़ माने जाने वाली मैनपुरी सीट पर मायावती ने बदला प्रत्याशी, शिव प्रसाद यादव को दिया टिकट

- समाजवादी पार्टी से सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव लड़ रही चुनाव
- राजनीतिक हलकों में चर्चा, सपा का गढ़ तोड़ने के लिए यह भाजपा और बसपा के बीच समझौता
- यादव वोट बंटेंगे, जिसका सीधा फायदा भारतीय जनता पार्टी को मिल सकता है

जन एक्सप्रेस | डॉ. वैभव शर्मा



**लखनऊ।** राजनीति में कुछ भी असंभव नहीं है। सार्वजनिक मंच पर भाजपा को मनुवादी सोचवाली पार्टी होने का आरोप लगाने वाली बसपा सुप्रीमो मायावती ने मैनपुरी लोकसभा सीट पर अपना प्रत्याशी एन वक्त बदलकर भाजपा को फायदा पहुंचाने का काम किया है। समाजवादी पार्टी से वहां सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव प्रत्याशी हैं। बसपा ने अपना प्रत्याशी बदलकर यादव कैंडिडेट उतार दिया है। इसके बाद अगर यादव वोट बंटता है तो सीधा फायदा बीजेपी को मिलेगा। कुछ पुराने राजनेताओं ने ऑफ द रिकॉर्ड यह तक कहा कि यह भाजपा और बसपा की सोची समझी रणनीति का हिस्सा है। सपा का मजबूत किला मैनपुरी सीट पर बहुजन समाज पार्टी ने बड़ा दांव चला है। पूर्व में घोषित प्रत्याशी गुलशन कुमार शाक्य का टिकट काटते हुए मायावती ने शिव प्रसाद यादव को डिंपल यादव के खिलाफ मैदान में उतार दिया है। मायावती के इस कदम को जानकार काफी सोची समझी रणनीति बता रहे हैं। मायावती ने मंगलवार को 11 प्रत्याशियों की 5वीं सूची जारी की, इसमें मैनपुरी सीट से गुलशन कुमार शाक्य का टिकट काटते हुए शिव प्रसाद यादव को प्रत्याशी बनाया। इसके अलावा इस लिस्ट में तीन मुसलमानों पर भी बसपा ने दांव लगाया है।

### मुसलमानों पर मायावती मेहरबान

अभी तक मायावती ने सबसे अधिक कुल 14 मुस्लिम प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है। समाजवादी पार्टी की तरफ से तीन, कांग्रेस ने दो और अपना दाल (के) की पल्लवी पटेल के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ रहे असदुद्दीन ओवैसी ने एक मुस्लिम प्रत्याशी को टिकट दिया है।

### बसपा से इन्हें मिला टिकट

बांदा से मयंक द्विवेदी, डुमरियागंज से ख्वाजा समसुद्दीन, जौनपुर से धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला सिंह को टिकट मिला है। इसके अलावा बदायूं से मुस्लिम खां, बरेली से छोटेलाल गंगवार, सुल्तानपुर से उदराज वर्मा, फर्रुखाबाद से क्रांति पांडेय, बलिया से लल्लन सिंह यादव और गाजीपुर से उमेश कुमार सिंह को प्रत्याशी बनाया है।

# यूपीएससी सिविल सर्विसेज 2023

# आदित्य श्रीवास्तव ने किया टॉप




- लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव ने ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल की
- अनिमेष प्रधान दूसरी और अनन्या रेड्डी को मिली तीसरी रैंक
- इस साल टॉप 5 रैंक में आने वाले 3 कैंडिडेट्स पहले से ही आईपीएस ऑफिसर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

देश की सबसे कठिन परीक्षा यानि कि यूपीएससी सिविल सर्विसेज 2023 का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। जिन अभ्यर्थियों ने इंटरव्यू दिया था, वे ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर रिजल्ट चेक कर सकते हैं। आयोग की ऑफिशियल वेबसाइट पर रिजल्ट चेक करने का स्टेप्स दिया गया है। इस बार सिविल सर्विसेज की परीक्षा में आदित्य श्रीवास्तव ने टॉप किया है। वहीं, दूसरे स्थान पर अनिमेष प्रधान हैं। जबकि तीसरे स्थान पर दोनुरु अनन्या रेड्डी हैं। आयोग की तरफ से कुल 1016 अभ्यर्थियों का फाइनल रूप से चयन किया गया है।

### कुल 352 महिला अभ्यर्थियों का हुआ चयन

सिविल सेवा के लिए कुल 664 पुरुष और 352 महिलाओं का चयन किया गया है। यूपीएससी के मुताबिक अलग-अलग चरणों में आयोजित किए गए इंटरव्यू में कुल 2,800 से अधिक उम्मीदवार शामिल हुए थे। इस पूरी प्रक्रिया के उपरांत सिविल सर्विस (आईएएस, आईएफएस, आईपीएस व अन्य केंद्रीय पद) पर चयनित हुए उम्मीदवारों के नाम व रोल नंबर उनकी रैंक के हिसाब से जारी किए गए हैं। सिविल सर्विस परीक्षा को पास करने वाले उम्मीदवारों को यूपीएससी विभिन्न सरकारी विभागों में 1,105 पदों पर भर्ती होगी।

### 5 वर्षों में बढ़ी महिलाओं की सक्सेस रेट

पिछले 5 सालों से यूपीएससी सिविल सर्विसेज के एग्जाम में महिलाओं के पास पर्सेंटेज में इजाफा हुआ है। 2018 और 2019 में फीमेल पास पर्सेंटेज 24 प्रतिशत रहा। 2020 में ये 29 प्रतिशत तक पहुंच गया। जबकि 2021 में 3 पॉइंट्स गिरकर 26 प्रतिशत तक पहुंच गया। इसके अलावा 2022 में ये आंकड़ा एक बार फिर 34 प्रतिशत पर था। पिछले साल सिलेक्ट हुए 933 कैंडिडेट्स में 320 महिलाएं थीं।

### रिजल्ट से जुड़ी जानकारी के लिए कर सकते हैं आयोग से संपर्क

संघ लोक सेवा आयोग के परीक्षा भवन के नजदीक सुविधा काउंटर स्थापित किया गया है। उम्मीदवार अपनी परीक्षा से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए संपर्क कर सकते हैं। जिसका दूरभाष : 011-23385271/ 23381125/ 23098543 है। सुविधा काउंटर 10.00 बजे से शाम 5.00 बजे के बीच सभी कार्य दिवसों पर खुला रहेगा।

### 28 मई को हुआ था प्रीलिम्स एग्जाम

यूपीएससी सिविल सर्विस प्रीलिम्स परीक्षा का आयोजन 28 मई को हुआ था। प्रीलिम्स पास करने वाले स्टूडेंट्स मेंस एग्जाम दिए थे।,मेंस एग्जाम सितंबर में आयोजित किया गया था। इसके बाद 8 दिसंबर को मेंस का रिजल्ट जारी किया गया था। मेंस वालों के पर्सनेल्टी टेस्ट 2 जनवरी से 9 अप्रैल के बीच आयोजित किए गए थे।

### 180 पद आईएएस के लिए हैं

180 पद आईएएस के लिए हैं। जबकि 200 पद आईपीएस के लिए हैं। आदित्य श्रीवास्तव ने ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल की है। इस साल यूपीएससी-सीएसई-2023 एग्जाम के लिए 2 जनवरी से 9 अप्रैल के बीच तीन फेज में यूपीएससी इंटरव्यू लिए गए थे। कुल 1026 कैंडिडेट्स इस पर्सनैलिटी टेस्ट में शामिल हुए थे। यूपीएससी-सीएसई 2023 का प्रीलिम्स एग्जाम 28 मई को हुआ था।

### किस वर्ग के कितने उम्मीदवार?

**यूपीएसी में सफलता पाने वाले**
1016 उम्मीदवारों
347 सामान्य वर्ग
115 ईडब्ल्यूएस
303 अन्य पिछड़ा वर्ग
165 अनुसूचित जाति
86 अनुसूचित जनजाति

**टॉप 40 कैंडिडेट...**

| रैंक | नाम |
|---|---|
| 1 | आदित्य श्रीवास्तव |
| 2 | अनिमेष प्रधान |
| 3 | दोनुरु अनन्या रेड्डी |
| 4 | पीके सिद्धार्थ रामकुमार |
| 5 | रुहानी |
| 6 | सृष्टि डबास |
| 7 | अनमोल राठौड़ |
| 8 | आशीष कुमार |
| 9 | नौशीन |
| 10 | एश्वर्यम प्रजापति |
| 11 | कुश मोटवानी |
| 12 | अनिकेत शांडिल्य |
| 13 | मेधा आनंद |
| 14 | शौर्यअरोड़ा |
| 15 | कुणाल रस्तोगी |
| 16 | अयान जैन |
| 17 | स्वाति शर्मा |
| 18 | वरदाह खान |
| 19 | शिवम कुमार |
| 20 | आकाश वर्मा |
| 21 | पुरुराज सिंह सोलंकी |
| 22 | अंशुल भट्ट |
| 23 | प्ज्ञानंद गिरि |
| 24 | ऋतिका वर्मा |
| 25 | रूपल राणा |
| 26 | नंदाला साईकिरण |
| 27 | पवन कुमार गोयल |
| 28 | सलोनी छाबड़ा |
| 29 | गुरलीन |
| 30 | विष्णुशशिकुमार |
| 31 | अर्जुन गुप्ता |
| 32 | ऋतिका आइमा |
| 33 | जुफिशान हक |
| 34 | अभिनव जैन |
| 35 | आयुषी प्रधान |
| 36 | तेजसअग्निहोत्री |
| 37 | अनिमेषवर्मा |
| 38 | दीप्ति रोहिल्ला |
| 39 | अर्चना पी पी |
| 40 | टी भुवनेशराम |

### टॉपर्स की कहानी

### लखनऊ के आदित्य बने टॉपर

इस साल यूपीएससी फाइनल रिजल्ट में आदित्य श्रीवास्तव ने टॉप किया है। आदित्य भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) में तैनात हैं। वो लखनऊ के अलीगंज में रहते हैं। आदित्य सिटी मोंटेसरी स्कूल (सीएमएस) के छात्र रहे हैं। उन्होंने 2019 में आईआईटी कानपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की। यूपीएससी टॉपर बने आदित्य ने प्राइवेट नौकरी की है। वह आईआईटी कानपुर में शो मैनेजमेंट के प्रमुख रह चुके हैं। उन्होंने मई 2017 से जुलाई 2017 के बीच हरियाणा के गुरुग्राम स्थित अमेरिकन एक्सप्रेस इंडिया कैंपस में बतौर प्रशिक्षु काम किया है। इसके बाद जून 2019 से अक्तूबर 2020 तक बैंगलोर की गोल्डमैन सैक्स कंपनी में एनालिस्ट रहे।

### ओडिशा के अनिमेश की दूसरी रैंक

यूपीएससी फाइनल रिजल्ट में दूसरे नंबर पर ओडिशा के अनिमेश प्रधान हैं। अनिमेश अभी इंडियन ऑयल कॉर्प लिमिटेड में ग्रेड ए के अधिकारी हैं। वह इंडियन ऑयल की रणनीतिक सूचना प्रणाली में सूचना प्रणाली अधिकारी हैं। अनिमेश प्रतिस्पर्धी प्रोग्रामिंग, मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स और जैव-सूचना विज्ञान जैसे विषयों में खासी रूचि रखते हैं।

### तेलंगाना की अनन्या पहले प्रयास में सफल

2023 यूपीएससी फाइनल रिजल्ट में तीसरी टॉपर डोनुरु अनन्या रेड्डी हैं। वह रेड्डी तेलंगाना के महबूबनगर की रहने वाली हैं। अनन्या ने अपने पहले प्रयास में ही यूपीएससी की परीक्षा पास की है। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के मिरांडा हाउस से भूगोल में स्नातक की डिग्री हासिल की है। अनन्या ने मीडिया को बताया कि अपनी डिग्री की पढ़ाई के दौरान उन्होंने सिविल पर ध्यान केंद्रित किया। इसलिए दिन में 12 से 14 घंटे मेहनत से पढ़ाई की। वैकल्पिक विषय के रूप में मानव विज्ञान को चुना। इसके लिए हलपदला हैदराबाद में कोचिंग ली और जमकर पढ़ाई की। अनन्या कहती हैं कि उन्हें इन नतीजों में तीसरी रैंक की उम्मीद नहीं थी।




## बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर तीन महिला मजदूरों को अनियंत्रित डंपर ने रौंदा

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर काम कर रही तीन महिला मजदूरों को अनियंत्रित डंपर ने रौंद दिया। डंपर की टक्कर से घायल एक महिला की मौत हो गई। जबकि दो महिलाओं को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। टक्कर मारने के बाद आरोपी डंपर चालक मौके पर डंपर छोड़कर भाग निकला। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर किमी संख्या 211 के पास मंगलवार को सहाव गांव की महिला मजदूर गुलब्सा (19) पुत्री जामिन, मुन्नी (40) पत्नी हसन अली व गुड्डी (42) पत्नी देवेंद्र काम कर रही थी। एक्सप्रेस-वे के डिवाइडर पर लगी घास को मंगलवार की सुबह से ही महिला मजदूर काटने व हटाने का काम कर रही थीं। दोपहर में थकान होने पर तीनों वहीं डिवाइडर पर बैठकर खाना खाने लगीं। इसी दौरान तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर डिवाइडर की रेलिंग तोड़ता हुआ डिवाइडर अंदर जा घुसा और खाना खा रही तीनों महिला मजदूरों को रौंदता हुआ आगे जाकर खड़ा हो गया। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से भाग निकला। वहीं, हादसे में तीनों महिला मजदूर घायल हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर एक्सप्रेस वे के स्टॉफ ने एंबुलेंस की मदद से तीनों महिला मजदूरों को सीएचसी पहुंचाया।

# जिलाधिकारी ने ली संचारी रोग एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण सबन्धी बैठक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में मंगलवार को संचारी रोग एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण के सम्बन्ध में बैठक जिला कलेक्टरेट सभागार में हुई।

जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान का प्रथम चरण 30 अप्रैल तक चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज अंतर विभागीय समन्वय समिति की साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों को अपने कार्यों को शत् प्रतिशत पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए। सहयोगी संस्थाओं यूनिसेफ व डब्ल्यूएचओ द्वारा दिए गए फीडबैक पर विस्तृत चर्चा करते हुए समस्त विभागों को कार्यों में सुधार के लिए कहा गया।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि दस्तक अभियान बीते 10 अप्रैल से चलाया जा रहा है। जिसमें जनपद में आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की कुल 824 टीमों द्वारा घरों का भ्रमण कर बुखार के मरीज, कुपोषित बच्चों, खांसी जुकाम के लक्षण वाले व्यक्तियों, क्षय रोग के लक्षण वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उन्हें समुचित इलाज व प्रबंधन के लिए संदर्भित कर रही है। साथ ही मच्छरों से बचाव के लिए शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन कार्ययोजना के अनुसार एंटी लारवा दवा के छिड़काव व फॉगिंग का कार्य भी नियमित रूप से किया जा रहा है। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी वेक्टर बोर्न डॉ जीआर रतमेले ने बताया कि इस बार दस्तक अभियान में आशाओं द्वारा घर के समस्त व्यक्तियों की आभा आईडी का भी सृजन किया जा रहा है। जिला मलेरिया अधिकारी लाल साहब सिंह ने बताया कि दस्तक अभियान के अंतर्गत अभी तक आशाओं द्वारा कुल 34422 घरों का भ्रमण किया गया है। जिसमें खांसी, जुकाम, बुखार के कुल 23 मरीज, क्षय रोग के लक्षण वाले कुल 1 मरीज चिन्हित किए गए हैं। जिनका समुचित इलाज व प्रबंधन किया जा चुका है।

जिलाधिकारी ने कहा कि नालियों की साफ सफाई, झाड़ियां की सफाई व हैंड पंपों के मरम्मत भी करायें। साथ ही जो हैंडपंप खराब है, उसे पर लाल पेंट से मार्क भी कराएं। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि सचिवों के साथ मीटिंग कर झाडियां की सफाई सुनिश्चित कराएं। साथ ही निर्देशित किया कि बाजार में व पंचायत घरों में पानी के लिए घड़ा भी रखे है।

उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि जहां पर खड़े रखे जा रहे हैं, अपनी टीम द्वारा निरीक्षण कराएं। जिलाधिकारी ने नगर विकास से सम्बन्धित सभी अधिशासी अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि बाजार में आरो व पानी का घड़ा रखवाएं। उन्होंने दस्तक अभियान के सम्बन्ध में निर्देशित किया कि आशा और आंगनवाड़ी द्वारा जो स्टीकर लगाए जा रहे हैं, उसकी भी मॉनिटरिंग करते रहें। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, मुख्य चिकित्साधिकारी भूपेश द्विवेदी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव, जिला मलेरिया अधिकारी लाल सिंह साहब, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीडी विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### 10 के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा जनता में भय आतंक फैलाकर गुण्डा-गर्दी करने वाले शिवशरण उर्फ शिवा निवासी बघौंडा, नत्थु सोनकर उर्फ नत्थी सोनकर, ओमप्रकाश उर्फ पट्टू, लवलेश निवासी रामायण मेला सीतापुर, महेश यादव निवासी गोलतालाब तुलसीनगर कर्वी, अनिल सिंह निवासी चकला चकौंध, विष्णु निवासी बलदाऊगंज कर्वी, राजू गौतम निवासी पुरवा तरौंहा, अर्जुन निषाद निवासी टिकुरा कपसेठी व आशीष पटेल निवासी बेडी पुलिया रानीपुर भट्ट के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की।

### अवैध शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर रीता सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक मुकेश सिंह परिहार तथा उप निरीक्षक यूटी पवन चैधरी, आरक्षी जलील अहमद द्वारा बब्बू सेन निवासी ऊंचाडीह को 90 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना मानिकपुर में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

### चौपाल लगाकर ग्रामीणों को निर्भीक होकर अधिक से अधिक मतदान करने के लिए किया जागरुक

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** आगामी लोकसभा चुनाव की दृष्टिगत उप जिलाधिकारी राजापुर प्रमोद कुमार झा एवं क्षेत्राधिकार राजापुर निष्ठा उपाध्याय द्वारा प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल की उपस्थिति में थाना पहाड़ी के बल्नरेवल ग्राम हर्रा एवं संवेदनशील ग्राम ओरा में जन-चौपाल का आयोजन कर लोकसभा चुनाव में स्वतंत्र, निर्भीक निष्पक्ष अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान ग्रामवासियों से उनकी समस्याएं पूछी गई एवं निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### शार्ट सर्किट के चलते कार में लगी आग, कार सहित लाखों का कैश जलकर स्वाहा

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** आटा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर कार में टोल



प्लाजा के समीप हुए शार्ट सर्किट के चलते आग लग गई। जिससे कार सहित उसमें रखा लाखों रुपए का केश जलकर स्वाहा हो गया। आटा थाना क्षेत्र के ग्राम हेदलपुर निवासी नरेंद्र मुखिया हाल निवासी उरई मोहल्ला पटेल नगर नलकूप विभाग में सींच पर्वेक्षक के पद पर तैनात है। वह मंगलवार को इटवा जिले के गाव ट्रैक्टर खरीदने के लिए जा रहे थे। जो ड्राइवर को लेने जा रहे थे। आटा क्षेत्र के टोल प्लाजा के पास कार में शार्ट सर्किट के चलते आग लग गई। आग का गोला बनी कार को देखकर वहां अफरातफरी मच गई। मौजूद लोगों ने कार में फंसे नरेंद्र को किसी तरह सकुशल बाहर निकाला और तत्काल सूचना पुलिस व दमकल कर्मियों को दी। सूचना मिलते ही पुलिस व दमकल कर्मी मौके पर पहुंच गए, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। नरेंद्र ने बताया कि उसकी कार में साढे पांच लाख रुपये से भरा बैग रखा था, जो जलकर राख हो गया। मामले में आटा थाना प्रभारी निरीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने बताया कि सिर्फ आग लगने की जानकारी मिली है। पैसे जलने की बात अभी तक किसी ने नही बताई है।

### 4 देशी बम के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान क्रम में प्रभारी निरीक्षक बरगढ राकेश मौर्य ने बताया कि उप निरीक्षक राधेश्याम सिंह तथा मुख्य आरक्षी रमेश चन्द्र द्वारा उन्नत उर्फ जावेद निवासी हरदी कला को 4 देशी बम के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना बरगढ में विस्फोट पदार्थ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

### गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मऊ थाना प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पाण्डेय ने बताया कि उप निरीक्षक विनय विक्रम सिंह तथा आरक्षी प्रवीण पाण्डेय द्वारा भानु प्रताप निवासी ग्राम पिपरौंद को 1 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना मऊ में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

### शिवमंगल बने जिलाध्यक्ष

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** द जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव ने वरिष्ठ पत्रकार शिवमंगल अग्रहरि को एसोसिएशन का चित्रकूट जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। मनोनयन के बाद नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शिवमंगल अग्रहरि ने कहा कि वरिष्ठ पत्रकारों द्वारा दी गयी जिम्मेदारी का निर्वाह पुरी निष्ठा के साथ करेंगे। जिले और ग्रामीण क्षेत्रों में निष्पक्ष पत्रकारिता कर रहे पत्रकार साथियों के मान सम्मान के लिए वह हमेशा खडे रहेंगे। साथ ही पत्रकारों के साथ हो रही जादती के विरोध में खुलकर लड़ाई लड़ेंगे।

### ऋणी व उसके पुत्र सहित आधा दर्जन लोगों ने बैंक कर्मचारियों को पीटा

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोंच नगर के पंचानन चौराहे पर ऋणी व उसके पुत्र सहित आधा दर्जन लोगों ने बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मारपीट कर दी। इतना ही नहीं बैंक कर्मियों के कब्जे से टैक्टर भी छीन ले गए। पीड़ित बैंक प्रबंधक ने तहरीर पुलिस को दी। कोंच कोतवाली में अनुभव सचान पुत्र अरुण कुमार ने बताया कि वह एक इण्डसइंड बैंक उरई में प्रबंधक के पद पर कार्यरत्त है। वह शाखा के क्लस्टर हेड इमरान खान व सेल्स मैन और कलैक्शन कर्मचारी सज्जीत कुमार, सतीश पटेल के साथ तीतरा खलीलपुर गांव में ऋणी मलखान सिंह पाल पुत्र तुलाराम के घर ऋण पर लिए ट्रेक्टर की किस्त लेने के लिए गये थे। बताया कि ऋणी ने किस्त जमा करने मे असमर्थता व्यक्त की और स्वेच्छा से ट्रेक्टर सौंपने पर रजामंदी दी। शाखा प्रबंधक ने बताया कि जब टीम के लोग ट्रेक्टर लेकर वापिस लौट रहे थे। तभी कोंच के पंचानन चौराहे पर ऋणी व उसके पुत्र राजाराम पाल ने गांव के चार पांच लोगों के साथ हमला बोल दिया।

# अधिवक्ता व जमीन का काम करने वाले युवक के बीच जमकर हुई मारपीट

**जन एक्सप्रेस । उरई**

**रजिस्ट्री कार्यालय के अन्दर हुआ हाईवोल्टेज ड्रामा, तमासहीन बनी देखती रही उप निबंधक अधिकारी**



उपनिबंधक कार्यालय के अंदर रजिस्ट्री के बैनामा होने के दौरान अंदर मौजूद अधिवक्ता और जमीन का काम करने वाले युवक के बीच जमकर मारपीट हो गई। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। शहर कोतवाली क्षेत्र के जेल रोड स्थित उपनिबंधक कार्यालय के अंदर रजिस्ट्री के बैनामा होने के दौरान अंदर मौजूद अधिवक्ता और जमीन का काम करने वाले युवक के बीच विवाद हो गया। जहां फाइल पास होने के बाद ऊपर नीचे लगी फाइलों को हटाकर आगे करने के प्रयास में कार्यालय के अंदर ही दोनों आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते मामला इतना तूल पकड़ा कि उनके बीच मारपीट शुरू हो गई। घटना से कार्यालय में अफरा तफरी मच गई और लोग अपने-अपने काम छोड़कर मारपीट कर रहे लोगों को हटाने का प्रयास करने लगे। लेकिन एक दूसरे पर हावी दोनों एक दूसरे के साथ मारपीट करते रहे। इतना ही नहीं इस दौरान उनके कपड़े तक फट गए। इस मारपीट की घटना को कार्यालय में मौजूद उप निबंधक अधिकारी कल्पना अवस्थी देखती रही और उन्होंने किसी भी व्यक्ति को अलग कराने का प्रयास भी नहीं किया। घटना की जानकारी मिलते ही लोगों की भीड़ जमा हो गई, और इस मारपीट का वीडियो बनाना शुरू कर दिया। साथ ही कुछ लोगों ने अधिवक्ताओं को हटाने का प्रयास किया और बड़ी देर बाद दोनों को हटाया जा सका। वहीं इस मारपीट की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची जो मारपीट करने वाले लोगों के बारे में पता कर रहे है। वही मारपीट करने वाले दोनों पक्षों की तरफ से किसी ने भी पुलिस में शिकायत नहीं की है। इस घटना के बारे में उप निबंधक अधिकारी कल्पना अवस्थी से जानकारी लेनी चाही, तो उन्होंने इस मामले में कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया।

## असामाजिक तत्वों को छोड़ अध्यापकों पर हुई शांतिभंग की कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस/नदीगांव।** लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस खुराफातियों और समाज के ऐसे तत्वों जिनसे चुनाव दौरान खलल पड़ने की आशंका रहती है ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जाती है। लेकिन नदीगांव पुलिस ने भी कुछ ऐसा किया है, जिस पर उसकी किरकिरी होती नजर आ रही है। दरअसल नदीगांव पुलिस को अब असामाजिक तत्वों से ज्यादा अध्यापकों से शांतिभंग का खतरा नजर आ रहा है। पुलिस के द्वारा की गई।निरोधात्मक कार्रवाई के चलते शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े दो लोगों को मंगलवार को एसडीएम के यहां से मुचलकों पर जमानत करानी पड़ी है। इनमें एक अंबिका प्रसाद पुत्र सूरज प्रसाद निवासी कनासी अकनीबा इंटर कॉलेज में सहायक अध्यापक है जबकि दूसरा अजय पाल सिंह पुत्र लल्लू राम निवासी कनासी महावीर इंटर कॉलेज सामी में लिपिक है। इन दोनों ने एसडीएम सुशील कुमार सिंह को प्रार्थना पत्र देकर भी अपनी व्यथा बताई है।

## भाजपा-सपा और कांग्रेस ने खोले पत्ते, अब बसपा की बारी

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**

बहुजन समाज पार्टी जल्द ही अपने प्रत्याशियों की लिस्ट जारी कर सकती है। पार्टी इस बार ब्राह्मण और ओबीसी प्रत्याशियों पर दांव लगाने की तैयारी में है। इस हफ्ते किसी भी दिन लिस्ट जारी हो सकती है।

लोकसभा चुनाव के लिए फूलपुर और इलाहाबाद संसदीय सीट से भाजपा, सपा और कांग्रेस ने अपने पत्ते खोल दिए है। अब बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की बारी है। प्रत्याशियों के नाम घोषित करने में बसपा अब तक सबसे पीछे है। पार्टी ब्राह्मण या ओबीसी प्रत्याशी पर दांव लगाने की तैयारी में है। इस हफ्ते प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की जा सकती है।

बसपा के सूत्रों का कहना है कि पार्टी अब तक अन्य प्रमुख दलों के प्रत्याशी घोषित होने का इंतजार कर रही थी, ताकि रणनीतिक तौर पर मंथन के बाद मजबूत प्रत्याशी मैदान में उतारा जा सके। इलाहाबाद सीट से ब्राह्मण और ओबीसी प्रमुख दावेदार माने जा रही हैं। वहीं, फूलपुर से मुस्लिम, ब्राह्मण, ओबीसी समाज से जुड़े लोगों से बसपा से टिकट के लिए दावेदारी की है।

पार्टी टिकट बंटवारे में पार्टी जातिगत जनसंख्या को आधार बना सकती है। इसके साथ ही पार्टी एक ऐसे प्रत्याशी की तलाश में है, जो हर तरह से मजबूत और जातिगत समीकरण में फिट बैठता हो। पार्टी सूत्रों का कहना है कि इलाहाबाद सीट से किसी ओबीसी प्रत्याशी को मैदान में उतारा जा सकता है। वहीं, फूलपुर से ब्राह्मण प्रत्याशी को वरीयता दी जा सकती है। हालांकि, दोनों ही सीटों से पार्टी के कई कैडर कार्यकर्ताओं ने भी दावेदारी की है और उनके आवेदन भी बसपा सुप्रीमो मायावती तक पहुंचाए गए हैं। पिछले चुनाव में सपा के साथ गठबंधन के कारण बसपा ने दोनों ही सीटों से अपने प्रत्याशी नहीं उतारे थे और दोनों ही सीटें सपा के पास थीं। इस बार बसपा की लड़ाई भाजपा के साथ इंडिया गठबंधन से भी है, जिसमें कांग्रेस और सपा दोनों शामिल हैं।

# गोशाला की आड़ में चल रही गो-तस्करी का पर्दाफाश

**जन एक्सप्रेस । गजरौला-अमरोहा**

पुलिस द्वारा पकड़े गए तस्करों में पांच बंगलुरू व दो बिहार के लोग भी शामिल हैं। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर पशु पालन विभाग व पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। हसनपुर व मंडी धनौरा के एसडीएम सीओ ने घटनास्थल का जायजा भी लिया है। सभी पशुओं को एक गौशाला में रखा गया है। औद्योगिक पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव शहबाजपुर डोर में गोशाला की आड़ में गोवंशीय पशुओं की तस्करी का खेल पकड़ा गया है। पुलिस ने हाईवे पर घेराबंदी करते हुए दो कैंटर को पकड़ा है। जिसमें 18 गाय बरामद हुई और 11 तस्कर गिरफ्तार किए गए हैं। यह गाय बंगलुरू भेजी जा रही थीं। हाईवे पर गांव ख्यालीपुर ढाल के सामने से शहबाजपुर डोर को जाने वाले मार्ग पर ही निवेदिता फूड प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के नाम से एक डेयरी संचालित हुई थी लेकिन, कुछ समय बाद डेयरी का काम बंद कर दिया गया। इसके बाद यहां पर गोशाला चलाने की आड़ में गो-तस्करी का धंधा शुरू कर दिया गया। इसका संचालन एक महिला के माध्यम से किया जाता है।

**कर्नाटक नंबर के कैंटर में भेज रहे थे गाय:** सोमवार की रात को यहां से कर्नाटक नंबर प्लेट लगे दो कैंटर में 18 गाय लदकर भेजी जा रही थीं। इसी बीच प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह, चौपला पुलिस चौकी के प्रभारी प्रवीण कुमार सहित पुलिस टीम ने हाईवे पर कैंटरों का पीछा कर पकड़ लिया। दोनों कैंटर पल्ली से ढके हुए थे और पशुओं की आवाज न आए। इसलिए कैंटर में मिट्टी भी डाल रखी थी। पूछताछ में बताया गया कि इन गायों को कर्नाटक ले जाया जा रहा था। पुलिस दोनों कैंटरों को पकड़कर थाने ले आई और मामले में दस लोगों को गिरफ्तार कर लिया। दिन निकलने पर मंगलवार को प्रशासनिक अधिकारी व पशु पालन विभाग के पांच चिकित्सकों की टीम मौके पर पहुंच गई। यहां पर 87 गाय बंधी हुई मिली। जिनमें पांच गाय बीमार भी हैं। वो, अब प्रशासन की देखरेख भी रहेंगी। उधर, पुलिस-प्रशासन इस गोशाला का संचालन करने वाली महिला के बारे में छानबीन कर रही है, कोई क्लू नहीं मिल पा रहा है। काम करने वाले मजदूरों ने भी महिला के नाम-पते, मोबाइल इत्यादि नंबर के बारे में जानकारी नहीं होने की बात कहीं है।

''हसनपुर क्षेत्र क्षेत्र के गांव शहबाजपुर माफी में जहां से गाय लादकर ले जा रहे थे। वहां पर अब 87 गाय मौजूद है। जिनकी देखरेख तहसील प्रशासन के माध्यम से कराई जा रही है। फिलहाल पकड़े गई गायों के मामले में प्राथमिकी दर्ज है। गोशाला में बांधी गायों पर कोई केस नहीं बना है। बाकी इस मामले में कौन-कौन लोग शामिल है। संचालिका महिला के बारे में पता लगाया जा रहा है।''

**-भगत सिंह, एसडीएम, हसनपुर।**

# चैत्र नवरात्रि समापन को यादगार बनाएगा वन्दन महोत्सव: आचार्य रामचन्द्र दास

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



तुलसीपीठाधीश्वर जगदुरू स्वामी रामभद्राचार्य महाराज के नेतृत्व में इस बार चैत्र नवरात्रि का समापन एतिहासिक तरीके से किया जाएगा। जिसमें रामानन्द मिशन द्वारा 1100 कन्याओं का पूजन वंदन किया जाएगा। तुलसीपीठ में होने वाले इस आयोजन की जिम्मेदारी जगद्गुरू के उत्तराधिकारी युवराज आचार्य रामचन्द्र दास को सौंपी गयी है। चैत्र नवरात्र में इस बार धर्मनगरी स्थित तुलसीपीठ के पीठाधीश्वर पद्मविभूषण जगदुरू स्वामी रामभद्राचार्य महराज 9 दिन तक व्रत हैं। उनके साथ उनके सभी शिष्य भी 9 दिन तक नवरात्रि व्रत हैं। नवरात्रि समापन के बाद आगामी 18 अप्रैल को दशमी की तिथि पर तुलसीपीठ में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इस कार्यक्रम की जिम्मेदारी सम्भाल रहे युवराज आचार्य रामचन्द्र दास ने बताया कि रामानन्द मिशन द्वारा आगामी 18 अप्रैल को 1100 कन्याओं को पूजन वन्दन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत होने वाले इस कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। क्षेत्र में समाज के सभी वर्गों की कन्याओं को आमंत्रित किया जा रहा है। जिनका एक साथ पूजन किया जाएगा। शास्त्रों में भी कहा गया है कि सौ पुत्रों के समान एक पुत्री होती है। सनातन धर्म में हमेशा से कन्याओं को देवी मानकर पूजा की जाती रही है। उन्होंने कहा कि तुलसीपीठ में होने वाले इस कार्यक्रम में रामानन्द मिशन के कार्यकर्ताओं के साथ तिरंगा समूह के निदेशक पं नरेन्द्र शर्मा की टीम भी अति उत्साह से लगी हुई है।

# अपर एसपी ने पुलिस बल को हरी झण्डी दिखाकर बसों से किया रवाना



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी द्वारा लोकसभा चुनाव-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए जनपद में लगाये गये पुलिस बल को पुलिस लाइन्स से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने पुलिस बल को यात्रा तथा मतदान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में हिदायत दी। साथ ही निर्देशित किया कि सतर्क एवं संवेदनशील रहकर चुनाव ड्यूटी करें। लोकतंत्र के इस महापर्व में अपना अभूतपूर्व योगदान देकर बूथ पर मतदाताओं के साथ विनम्र व्यवहार रखें। किसी भी व्यक्ति द्वारा मतदान के दौरान कोई अव्यवस्था की जाती है या मतदान को शान्तिपूर्ण व निष्पक्ष होने से प्रभावित किया जाता है तो किसी भी दशा में उस व्यक्ति, अराजकतत्वों को रोकें तथा तत्काल इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दें। इस दौरान चुनाव डियूटी में लगे समस्त पुलिस बल को लंच बॉक्स, रास्ते के लिये नास्ता एवं फर्स्ट एड किट भी प्रदान की गयी। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर, लाइन्स राज कमल, क्षेत्राधिकारी मऊ जय करन सिंह, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण आदि मौजूद रहे।

## श्रीराम जन्मोत्सव व विशाल शोभा यात्रा को लेकर तैयारियां पूरी

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** चैत्र नवरात्रि की राम नवमी के अवसर पर कालपी धाम में श्रीराम जन्मोत्सव तथा शोभा यात्रा का 17 अप्रैल को धूमधाम से आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के मुताबिक 17 अप्रैल को दोपहर 12 बजे श्री द्वारकाधीश राम जानकी मन्दिर में श्रीराम जन्मोत्सव का भव्य कार्यक्रम होगा। इसके बाद श्रीराम शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा में दर्जनों सुन्दर सुन्दर झांकियां, डीजे, ढोल, नगाड़े ,घोड़ो का नृत्य के अलावा भगवान भोलेनाथ की झांकी शामिल रहेगी। शोभा यात्रा अपने पूर्व निर्धारित श्रीराम जानकी मन्दिर टरननगंज से दोपहर 1 बजे प्रस्थान करेगी। जो नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए श्री पाहूलाल देवालय अदलसरांय में पहुंचेगी।

# प्रभु राम माता सीता की विवाह कथा सुन भाव विभोर हो उठे कथा प्रेमी

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



परमहंस संत रणछोड दास महराज द्वारा जानकीकुंड में स्थापित श्री रघुवीर मंदिर ट्रस्ट बडी गुफा में अरविंद भाई मफत लाल की जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में चल रही नौ दिवसीय कथा में मिथिला धाम से पधारे किशोरी शरण मधुकर महाराज (मुढिया बाबा सरकार) राम कथा का गान कर रहे है।

किशोरी शरण मधुकर महाराज ने कथा के सातवें दिन श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के अध्यक्ष विशद भाई मफत लाल और उनकी धर्म पत्नी रूपल बहन ने राम कथा पोथी और किशोरी महाराज का पूजन अर्चन किया। कथा वाचक ने प्रभु श्री राम और माता सीता के विवाह की कथा सुनाते हुए बताया कि एक बार ब्रह्म ऋषि विश्वामित्र राजा दशरथ से राम और लक्ष्मण को यज्ञ की रक्षा के लिए मांगने आते है। विश्वामित्र राम लक्ष्मण को अपने साथ लेकर जाते, जहां तडका आदि असुरों को मार कर यज्ञ की रक्षा करते है।

उन्होंने बताया कि मिथिला के राजा जनक के यहां भगवान शिव का धनुष रखा था। जिसको उनकी पुत्री सीता ने उठाकर उसके नीचे गाय के गोबर से लीपा और पुनः उसी जगह धनुष को उठा कर रख दिया। यह देख राजा जनक ने प्रतिज्ञा की कि जो इस धनुष की प्रत्यंचा चढाएगा उसी के साथ उनकी पुत्री का विवाह होगा। धनुष यज्ञ में देश देशांतर के तमाम राजा महाराजा आए। सब ने धनुष उठने का प्रयास किया पर कोई हिला तक न पाया। राजा जनक दुखी हो गए और विलाप करने लगे तब धनुष यज्ञ शाला में राम लक्ष्मण के साथ आए विश्वामित्र ने प्रभु राम को धनुष उठने की आज्ञा दी।

गुरु विश्वामित्र की आज्ञा का पालन करते हुए भगवान राम ने शिव जी के धनुष की प्रत्यंचा चढाते है और प्रत्यंचा चढाते ही धनुष का खंडन हो जाता है। इतना सुनते ही कथा स्थल सीता राम के जयकारों से गूंजने लगता है। इसके बाद माता सीता प्रभु राम के गले में जयमाला डाल देती और बडे ही विधि विधान से प्रभु राम और माता जानकी के विवाह के साथ भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न का भी विवाह संपन्न होता है। कथा वाचक ने बताया कि राम सीता का जीवन प्रेम, आदर्श, समर्पण मूल्यों को प्रदर्शित करता है। इस मौके पर श्री सदगुरू सेवा संघ के अध्यक्ष विशद भाई मफत लाला, उनकी धर्म पत्नी रूपल बहन, ट्रस्टी डॉ बी के जैन, उनकी धर्म पत्नी उषा जैन, ट्रस्टी विष्णु जोबन, ट्रस्टी मनोज पंड्या, इलेश जैन आदि मौजूद रहे।

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस


**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पाँच दिनों मे हल्के से मध्यम बादल छाए रहने की संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 38.4 (+1.4)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 23.4 (+2.8)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 56 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 28 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 3.2 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- दक्षिण-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# अष्टमी के दिन जवारों में दिखी माता की शक्ति भक्तों ने अपने मुख के आर पार करवाई सांगे







**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

मंगलवार को चैत्र नवरात्र की अष्टमी के दिन शहर में माता रानी के भक्तों ने माता महागौरी का पूजन करने के बाद जगह-जगह से माता रानी के विशाल जवारे निकाले। जिधर देखो उधर माता रानी की भक्ति और शक्ति का अनोखा संगम देखने को मिल रहा था। 5 साल के बच्चों से लेकर के 60 से 70 साल के बुजुर्ग महिलाएं एवं पुरुष जवारों में नंगे पैर दिखे और साथ ही साथ उनके मुंह से आर पार सांगे दिखाई दी। जिन सांगों को भक्तों ने अपने मुंह से आर पार करवा रखा था उनके वजन के बारे में सुनकर लोग चौके भी क्योंकि यह सांगे 10 किलो से लेकर ढाई से तीन कुंतलों वजन की थी। लेकिन माता रानी का नाम लेकर जयकारे लगाते हुए भक्त बारा देवी माता के मंदिर में देर रात्रि तक पहुंचते रहे।






आपको बताते चलें कि चैत्र के नवरात्रे में अष्टमी और नवमी के दिन कानपुर शहर के सैकड़ों मोहल्लों से माता रानी के जवारे निकाले जाते हैं। इन जवारों में माता रानी पर भक्तों का अटूट विश्वास देखने के साथ ही भक्ति और शक्ति का अनूठा संगम देखने को मिलता है। कानपुर नगर के मरियमपुर स्कूल के पास ही नारायणपुरवा लक्ष्मी रतन से सैकड़ों माता के भक्तों ने जवारे निकाले, लाजपत नगर वार्ड के पार्षद अमनदीप सिंह उर्फ लबी गंभीर ने माता रानी के नाम से नारियल फोड़ कर जवारे को रवाना किया। उनके साथ साथ-साथ हरविंदर सिंह उर्फ छोटू सरदार, बाबा छोटेलाल, संदीप, डाक्टर अरविंद, अशोक कुमार,आदि भी शामिल रहे। नारायणपुरवा पसियाने से जुगनू बाबा के नेतृत्व में जवारा निकाला गया। यहां से भी लगभग सैकड़ो महिलाओं पुरुषों और बच्चों ने माता रानी के जयकारे लगाते हुए अपने मुंह से सांगों को आर पार करवाया और नंगे पैर सफर करने के बाद बारा देवी मंदिर पहुंचकर वहां पर माता रानी का नाम लेकर अपनी सांगे निकलवाई। रावतपुर क्षेत्र का भी विशाल जावरा मरियमपुर से होता हुआ बारादेवी पहुंचा इस जवारे में भी सैकड़ो की संख्या में माता रानी के भक्तों ने सांगे लगवा रखी थी कुछ लोगों ने सुई भी चुभो रखी थी।

## आरोग्य क्लीनिक, लाल बंगले में स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम हुआ संपन्न



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेज अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य केन्द्र, राजकीय बाल गृह, कानपुर और आरोग्य क्लीनिक, लाल बंगले में मंगलवार को स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमे सम्मिलित होने वाले 100 बच्चों का निशुल्क स्वर्णप्राशन कराया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डॉ. वंदना पाठक, संस्थान के निदेशक डॉ.दिग्विजय शर्मा, डॉ.राम किशोर, हरीश चन्द्र शर्मा, आकांक्षा बाजपेई द्वारा दीप प्रज्वलन व धन्वन्तरि पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर डॉ.वंदना पाठक ने उपस्थित अभिभावकों और लोगों को ग्रीष्म ऋतु के अनुसार आहार-विहार और बच्चों में कुपोषण जनित रोगों पर विशेष रूप से ध्यान देने का परामर्श दिया। उन्होंने स्वर्णप्राशन संस्कार के बारे में बताते हुए कहा कि आयुर्वेद की यह विधा बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में काफी कारगर है। उन्होंने संस्कार की महत्ता बताते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रचलित 16 संस्कारों में से एक संस्कार है। यह बच्चों के शारीरिक, मानसिक विकास में विशेष योगदान करता है। जिन बच्चों यह संस्कार नियमित रूप होता है, उनमें मौसम और वातावरणीय प्रभाव के कारण होने वाली समस्याएं अन्य बच्चों क अपेक्षा कम देखी गयी हैं। उन्होंने बताया कि स्वर्णप्राशन में प्रयुक्त होने वाली औषधि स्वर्ण भस्म, वच, गिलोय, ब्राह्मी, गौघृत, मधु आदि द्रव्यों के सम्मिश्रण से बनाया जाता है। उन्होंने कहा बच्चों को नियंत्रित करने के लिए डांटना, पीटना आदि भी उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को प्रभावित करता है। इसलिए बच्चों को प्यार से समझाना चाहिए। उन्होंने बच्चों को मौसम के अनुसार फल और सब्जियों के सेवन पर विशेष बल दिया।

## गोल्ड मेडलिस्ट को श्रेयांश कपूर ने चाँदी का स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

डिस्ट्रिक्ट आर्चरी एसोसिएशन की वार्षिक बैठक मंगलवार को होटल ग्रांड गीत में अध्यक्ष श्रेयांश कपूर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में गोल्ड मेडलिस्ट अपूर्व वशिष्ठ को अध्यक्ष श्रेयांश कपूर द्वारा चाँदी का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्य समिति बैठक में पिछले दो वर्षो के कार्यों की समीक्षा व आगामी सत्र में तीरन्दाज़ी को बढ़ावा देने के लिए आम सहमति से प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक का संचालन महासचिव राजा भरत अवस्थी ने किया। उन्होंने बताया कि बैठक में प्रत्येक रविवार को बच्चों व अभिभावकों को यूथ आर्चरी अकादमी किदवईनगर में निःशुल्क प्रशिक्षण दिये जाने, जिले में 117 तीरंदाजों की संख्या को बढ़ाकर 300 किए जाने के लिए स्कूलों में फ्री कैम्प लगाए जाने, सी एस जे एम यूनिवर्सिटी कानपुर में तीरन्दाज़ी खेल का प्रशिक्षण डिस्ट्रिक्ट आर्चरी एसोसिएशन के सहयोग से प्रारम्भ कराए जाने, रतन



लाल नगर में भी एक अकादमी तीरन्दाज़ी प्रशिक्षण के लिए स्थापित किये जाने, हर तीन माह में जिला स्तरीय प्रतियोगिता कराई जाने संबंधी कई महत्वपूर्ण विषयों पर निर्णय लिए गए। बैठक में संदीप पासवान के द्वारा तीरन्दाज़ी खेल को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रशंशा की गई। बैठक में श्रेयांश कपूर, राजा भरत अवस्थी, यासीर इब्राहीम, संदीप पासवान, मौसमी साहू, शैलेश कुमार, अविनाश दीक्षित, शैय्यद मोहम्मद अतहर, वैभव गौड़, धर्मेंद्र अवस्थी, विवेक त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

## स्किन केयर, पोषण और महिला उद्यमिता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में मंगलवार को विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.पी.के.उपाध्याय एवं अन्य अतिथियों ने स्किन केयर, पोषण एवं महिला उद्यमिता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ.रश्मि वर्मा ने स्वस्थ त्वचा और पोषण के महत्व पर जानकारी देते हुए कहा कि हमारे आहार में विभिन्न प्रकार के विटामिन का महत्व है जो त्वचा को चमकदार बनाए रखने के लिए मदद करता है। उन्होंने बताया कि विटामिन ए.सी.डी. और ई त्वचा के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने महिला उद्यमियों की सफलता की कहानी साझा कर छात्राओं को नए उद्यम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। डॉ.संध्या मिश्रा ने स्किन वैलनेस और उद्यमिता पर ध्यान केंद्रित करते हुए कहा कि व्यक्ति को अपनी आंतरिक सौंदर्य पर बाहरी सौंदर्य की अपेक्षा ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। मुख्य अतिथि डॉ.पी.के. उपाध्याय ने कहा कि छात्राओं के लिए काफी उपयोगी जानकारी रही है।


उन्होंने शिक्षिकाओं के संगठनात्मक क्षमता की सराहना की। प्रसार शिक्षा एवं संचार प्रबंधन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.विनीता सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर डॉ.रश्मि सिंह, डॉ.अर्चना सिंह, डॉ.संगीता गुप्ता, डॉ.सुमायल, डॉ.सुमेधा चौधरी एवं रेनू सहित अन्य शिक्षिकाये मौजूद रही।

## कथित भाजपा नेता के उत्पीड़न से त्रस्त महिला ने डीसीपी से लगाई न्याय की गहार

*** पहले भाजपा नेता ने महिला संग की छेड़छाड़, और फिर दबंगई से तोड़े उसके कैमरे**

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

भाजपा नेता से परेशान एक महिला ने डीसीपी साउथ से न्याय की गुहार लगाई है। महिला ने एक कथित भाजपा नेता लाल जी तिवारी पर आरोप लगाया है कि वह यशोदा नगर मे स्थित उसके मकान मे किराए पर रहता है। बीते माह लाल जी तिवारी ने उसके साथ अभद्रता और छेड़छाड़ की थी जिसका विरोध करने पर लालजी तिवारी ने उनके साथ मारपीट भी की थी। महिला ने बताया कि किसी तरह जान बचाकर उसने नौबस्ता थाने पहुंचकर लाल जी तिवारी के खिलाफ तहरीर देकर छेड़छाड़ जैसी गंभीर धारा मुकदमा



पंजीकृत कराया था। इसके बाद भी कथित नेता लाल जी तिवारी को नौबस्ता पुलिस ने कोई कार्रवाई नही की है इसी बात का फायदा उठाकर लाल जी तिवारी ने फिर मकान मे कब्जा करने की कोशिश की और उन पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहा है। आरोप है कि लालजी तिवारी ने पीड़िता के घर पर लगे कैमरे भी तोड़े हैं जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

## विधवा भाभी को देवर ने बना डाला अपनी हवस का शिकार

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

चौबेपुर थाना क्षेत्र के मिगनीपुरवा गांव में बीती रात घर में विधवा महिला को अकेला पाकर उसके देवर निखिल ने बुरी नीयत से दबोच लिया और दुष्कर्म कर डाला। पीड़िता के प्रार्थना पत्र की आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई आरंभ कर दी है।

आवास विकास तीन थाना कल्याणपुर निवासी दुष्कर्म पीड़िता ने बताया कि उनकी शादी चौबेपुर थाना क्षेत्र के मिगनीपुरवा गांव में हुई थी शादी के कुछ वर्षों बाद उनके पति की मौत हो गई थी। उनका तीन वर्ष का एक बेटा भी है पति की मौत के बाद से बेवा अपने 3 वर्षीय पुत्र के साथ अपनी ससुराल में ही रह रही थी। पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि गत रविवार को उनके पड़ोस में मांगलिक कार्यक्रम था जिसमें पूरा परिवार शामिल होने गया था। वह घर पर अकेले थीं। उनको घर में



अकेला पाकर उनका देवर उसके कमरे में जबरन घुस आया और उनके साथ दुष्कर्म कर डाला,दुष्कर्म करने के बाद आरोपी मौके से भाग गया जिसकी सूचना उन्होंने अपने मायके वालों को दी इस पर उनकी बहन ने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी सूचना पाते ही उनके परिजन मौके पर आ गए इसके बाद वह परिजनों के साथ अपने मायके चली गई सोमवार को वह अपने परिजनों के साथ चौबेपुर थाने गई और आरोपी देवर के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया है


चौबेपुर थाना प्रभारी रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़िता की प्रार्थना पत्र के आधार पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और महिला को डाक्टरी परीक्षण हेतु अस्पताल भेजा गया है पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपी देवर को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। सूत्रों के मुताबिक उसी गांव में रहने वाले एक युवक महिला पर समझौता का लगातार दबाव बना रहे हैं।

## पत्नी ने फौजी पति पर लगाए गंभीर आरोप, शिकायत

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

थाना सेन पश्चिम पारा स्थित गांव मे रहने वाले फौज मे तैनात रोबिन सिंह उर्फ मोनू की पत्नि ने उसपर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस के उच्च अधिकारियों के पास जाकर शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित विवाहिता रूपल ने जानकारी देते हुए बताया कि उसकी शादी रोबिन सिंह से बीते वर्ष 2018 मे हुई थी। आरोप है कि शादी के 2 साल बाद ही रूपल ने अपने पति को उसकी ममेरी बहन के साथ नाजायज संबंधों के चलते पकड़ा था जिस पर रूपल के ससुरालीजनो ने उस पर दबाव बनाकर और मारपीट करके पुलिसिया कार्रवाई करने को मना कर दिया था। किंतु रॉबिन और उसकी ममेरी बहन का प्रेम प्रसंग लगातार चलता रहा और रूपल ने अपने पति रॉबिन को दोबारा इसकी ममेरी बहन के साथ बाथरुम मे नग्न अवस्था मे पकड़ा। इसके बाद रूपल को उसके पति ने घर से भगा दिया और कहा कि मुझे तुम्हारे साथ नही रहना है। वहीं रूपल ने बताया कि जब उन्होने इस बात की सूचना थाना सेन पश्चिम पारा प्रभारी को दी तो थाना प्रभारी कोई भी कार्यवाही न करते हुए मामले को दबाने की कोशिश कर रहे हैं। महिला ने अपने पति पर आरोप लगाया है कि वह ससुराल मे रहकर छोटे-छोटे बच्चों को ट्यूशन पढ़ाती थी और उस कमाई से अपना खर्च चलाती थी लेकिन उस पैसे पर भी घात लगाए उसका पति मारपीट कर पैसे छीन लेता था और अकाउंट नंबर पर अपना नंबर डलवा कर सारे पैसे निकाल लेता था। पीड़ित महिला रूपल कमिश्नर ऑफिस, डीसीपी ऑफिस और थाने के चक्कर लगा लगा के परेशान हो चुकी है।

## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

रावतपुर थाना क्षेत्र के हितकारी नगर में नव विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में जलकर मौत हो गई मायके वालों ने आरोप लगाया है की बेटी की हत्या की गई है। मायके पक्ष वालों ने यह भी आरोप लगाया है कि ससुराल वाले उनकी बेटी को इतना प्रताड़ित कर रहे थे की बेटी के मुंडन संस्कार को बुलाया तक ही नहीं था इतना ही नहीं रोजाना मारपीट कर प्रताड़ना दी जाती थी।

कानपुर देहात रसूलाबाद के ग्राम जगमनपुर धार निवासी कृष्ण मोहन ने बताया कि 9 दिसंबर 2022 को उन्होंने अपनी बेटी अलका 26 वर्ष की शादी हितकारी नगर निवासी सोनू अग्निहोत्री से की थी। सोनू दादा नगर के एक दोना पत्तल फैक्ट्री में नौकरी करता था 11 महीने की बेटी भी है। आरोप है कि सोनू शादी के बाद से ही दहेज के लिए उनकी बेटी को प्रताड़ित करता था इसके साथ ही अन्य महिला से अवैध संबंध भी थे पिता का कहना है उनकी बेटी की हत्या उसके पति सोनू ने की है।

## नाबालिग छात्रा संग यौन उत्पीड़न करने वाला आरोपी भेजा गया जेल



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** थाना कल्याणपुर के शिवली रोड स्थित अपकमिंग कोचिंग सेंटर में 11 साल की नाबालिग छात्रा से यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए थाने में छात्रा के पिता ने प्रार्थना पत्र दिया है। इस दौरान छात्रा ने पुलिस को बताया है कि कोचिंग सेंटर संचालक मुकेश गोयल उसके साथ अश्लील हरकत करता था। जिसके चलते वह बहुत परेशान थी। कोचिंग संचालक की हरकतों से परेशान होकर उसने पूरी बात अपनी मां को बताई थी। वही पुलिस ने गंभीर धारा में मुकदमा दर्ज कर आरोपी कोचिंग सचालक मुकेश गोयल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी कल्याणपुर ने बताया है कि छात्रा कक्षा 6 में पढ़ती है। छात्रा ने 3 महीने पहले ही कोचिंग शुरू की थी। वही कोचिंग पढ़ने के लिए दोपहर में जाती थी। इस दौरान कोचिंग संचालक उसके साथ अश्लील हरकतें करते थे। जिससे परेशान होकर उसने पूरी घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी थी। परिजनों तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी कोचिंग संचालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई और पूछताछ के पश्चात नियमानुसार कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## ऑपरेशन त्रिनेत्र में बहुत बड़ी भूमिका निभाएंगे विजय कपूर



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** मंगलवार को 4:30 बजे कोआपरेटिव इस्टेट सभागार में चेयरमैन विजय कपूर की अध्यक्षता में शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा के लिये उद्यमियों की एक बैठक हुई, जिसमें कानपुर शहर के पुलिस विभाग के कमिश्नर अखिल कुमार, एडीशनल कमिश्नर हरीश चन्द्र, डिप्टी कमिश्नर रविन्द्र कुमार, एडीशनल डीसीपी अंकिता शर्मा ने उद्यमियों को शहर की सुरक्षा व्यवस्था के लिये चलाये जा रहे आपरेशन त्रिनेत्र के विषय में जानकारी दी और उद्यमियों, व्यवसायियों और नागरिकों को इससे जुड़ने की अपील की। सी.ओ. (लॉ एण्ड आर्डर) चित्रांशू ने उद्यमियों को आपरेशन त्रिनेत्र के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह परियोजना गोरखपुर में प्रारम्भ की गयी थी, जहाँ इसके प्रयोग से अपराध दर में बहुत कमी आ गयी है।

# मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी ने मेला क्षेत्र का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । अयोध्या



मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने जिलाधिकारी नितीश कुमार, अयोध्या विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार पांडेय एवं मेलाधिकारी अपर जिलाधिकारी नगर सलिल कुमार पटेल सहित अन्य मेले से जुड़े अधिकारियों के साथ मेला परिसर, राम की पैड़ी तथा विभिन्न पथों पर अस्थायी तौर पर बनाये गये पी0एफ0सी0 सेन्टर जूता-चप्पल रखने के स्थान का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों द्वारा मेले के अवसर पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हों इसके लिए सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये तथा मेले से सम्बंधित सम्पूर्ण तैयारियों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिये गये।

इसके पूर्व जिलाधिकारी नितीश कमार ने चैत्र रामनवमी मेला में बड़ी संख्या में अयोध्या धाम में दर्शनार्थियों को सम्भावित आगमन के दृष्टिगत सम्बंधित अधिकारियों के साथ भक्तिपथ श्रृंगारहाट से हनुमानगढ़ी पर श्रद्धालुओं के सुगम आगमन हेतु की गयी छाये, मैटिंग, रेलिंग, प्याऊ वाटर क्रियास्क आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। तदोपरांत कनक भवन में दर्शन व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान समस्त तैयारियां पूर्ण पायी गयी। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने सरयू आरती स्थल पर स्नानार्थियों हेतु की व्यवस्थाओं यथा-फ्लोटिंग बैरीकेटिंग अर्थात जल सुरक्षा, साफ-सफाई आदि का जायजा लिया व सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि रामनवमी मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुगमता हेतु प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्थायें की गयी। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं के सुविधा हेतु सम्पूर्ण मेला क्षेत्र के 29 महत्वपूर्ण स्थानों पर ÷मे आई हेल्प यू बूथ÷खोया पाया केंद्र बनाये गये हैं। जगह-जगह जल प्याऊ वाटर क्रियास्क लगाये गये हैं। भक्तिपथ, जन्मभूमि पथ, धर्मपथ व राम पथ पर आवश्यकतानुसार मैटिंग करायी गयी है।

धूप से बचाव के लिए छाये हेतु भक्ति पथ पर अस्थायी व जन्मभूमि पथ पर स्थायी शेड की व्यवस्था की गयी। 12 महत्वपूर्ण स्थानों पर अस्थायी चिकित्सालय शिविर संचालित हैं जहां पर एम्बुलेंस की भी व्यवस्था है। अपरिहार्य परिस्थितियों से निपटने हेतु मेडिकल कॉलेज दर्शननगर, जिला चिकित्सालय व श्रीराम चिकित्सालय में वेड भी आरक्षित किये गये हैं। श्रद्धालुओं के जूता-चप्पल रखने हेतु जगह-जगह अस्थायी पब्लिक फैसिलिटी सेंटर भी संचालित किये जा रहे है। सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था के साथ ही पी0ए0 सिस्टम लगाया गया है। सम्पूर्ण मेला क्षेत्र को जोन व सेक्टर में विभाजित कर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की तैनाती की गयी है।

इसी के साथ ही समस्त व्यवस्थाओं के मानीटरिंग हेतु कन्ट्रोल रूम भी संचालित किया जा रहा है। मेला कन्ट्रोल रूम नम्बर 05278-232043, 232044, 232046, 232047, 9120989195, 9454402642 कोई भी व्यक्ति उक्त नम्बर पर मेला के सम्बंध में जनोपयोगी जानकारी का आदान प्रदान कर सकता है।

## निशुल्क होमियोपैथी चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** राम नवमी मेले को देखते हुए अयोध्या आने वाले भक्तों की सेवा करने के लिए चिकित्सा स्वास्थ्य अधीक्षक होमियोपैथी डॉ संगीता भाटिया के नेतृत्व व प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय कुमार गुप्ता की देख रेख में दिनांक 15 अप्रैल से लेकर 19 अप्रैल तक चलने वाले चिकित्सा स्वास्थय शिविर का विधिवत उद्धघाटन किया गया। शिविर में आने वाले मरीजो को सभी चिकित्सक पूरी तनमयता के साथ सबकी सेवा करते दिखे। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी होमियोपैथी डॉ अजय कुमार गुप्ता ने बताया कि अयोध्या में राम मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठ के बाद अयोध्या में आने वाले राम भक्तों की संख्या में निरन्तर वृद्धि हो रही है। वर्तमान समय में लोगों का विश्वास होमियोपैथी पर ज्यादा हो रहा है द्य इसी को देखते हुए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 4 दिनों तक चलने वाले इस शिविर में कुशल चिकित्सक द्वारा इलाज किया जायेगा द्य होमियोपैथी विभाग के चिकित्सको द्वारा टीम वर्क की तरह से श्रद्धांलुओं की सेवा की जा रही है।

# मौर्य साम्राज्य की गौरव गाथा लिखने का कार्य सम्राट अशोक मौर्य की देन: डॉ0 के0के0 मौर्य

जन एक्सप्रेस । अयोध्या



सम्राट अशोक मौर्य पूरे भारत के उन महान राजाओं में थे जिन्होंने बौद्ध धर्म के लिए अपना राज पाठ छोड़कर मानवता का संदेश दिया और बौद्ध धर्म के लिए सब कुछ समर्पित कर दिया द्य उक्त बाते ग्राम पंचायत समदा में डॉ के0के0 मौर्य ने सम्राट अशोक मौर्य महान की जयन्ती के शुभ अवसर पर कहा। श्री मौर्य ने कहा कि मौर्य सामराज्य की गौरव गाथा लिखने का कार्य सम्राट अशोक मौर्य की देन है। सम्राट अशोक मौर्य की जयंती के अवसर पर सर्व प्रथम ध्यान साधना के कार्यक्रम के साथ शुरुआत की गयी। तत्पश्चात महामानव गौतम बुद्ध जी के चित्र पर पुष्प अर्पित और दीप प्रज्वलित कर किया गया साथ ही सम्राट अशोक मौर्य और बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर जी को भी पुष्प अर्पित करके कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। डॉ कृष्ण कुमार मौर्य ने अपने संबोधन में कहा कि यह पूरा माह हमारे महापुरूषों के जन्मदिन का महिना है। संबोधित करने में मुख्य अतिथि किशन मौर्य ने कहा कि हमारे महा पुरुषों ने शिक्षा पर विशेष रूप से ध्यान दिया और समाज को जागरूक किया। श्री मौर्य ने डॉ के के मौर्य को बहुत बहुत धन्यवाद दिया और कहा कि डॉ साहब का यह जयंती मनाने का प्रयास समाज के महापुरुषों के बारे में जानने का मौका भी मिलेगा और समाज में एक नया संदेश जायेगा। गुरु जी राम अवतार मौर्य ने अपने संबोधन में कहा कि जिस तरह से सम्राट अशोक मौर्य ने बौद्ध धर्म का प्रचार करने के लिए अपने पुत्र और पुत्री को बौद्ध धर्म के प्रचार के लिए श्रीलंका भेजा था। जिस प्रकार बौद्ध धर्म में किसी भेद भाव, जात-पात नही मानता द्य हमारे सम्राट अशोक मौर्य महान ने बुद्ध जी के विचारों को जन जन तक पहुँचाया। इस अवसर पर विनीत चंद्र मौर्य, दीप चंद्र मौर्य, अखिलेश कुमार मौर्य सहित कई लोगों ने सम्राट अशोक मौर्य महान के बारे अपने अपने विचार व्यक्त किये द्य इस अवसर पर अखिलेश कुमार मौर्य, बलराम मौर्य, शिवकुमार मौर्य, हरिओम मौर्य, कृपा शंकर मौर्य, कृष्ण कुमार मौर्य, राम अवतार मौर्य गुरुजी, अजीत मौर्य, भूपेंद्र कुमार मौर्य, जय प्रकाश शर्मा, संतोष कुमार मौर्य, सुनील कुमार मौर्य, राम अवतार मौर्य, दीप चंद्र मौर्य, अभिषेक पटेल, दीपक कनौजिया, रजनीश मौर्य, अमित मौर्य, संदीप मौर्य, किशन मौर्य, विनीत चंद्र मौर्य, कृष्ण चंद्र मौर्य, करम चंद्र मौर्य, एस0पी0 यादव, संतोष कुमार मौर्य सहित दर्जनों लोग जयंती समारोह में मौजूद रहे। कार्य क्रम का संचालन डॉ0 के0के0 मौर्य ने किया और अंत में आये हुए सभी लोगो को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# रामनवमी के दिन होता है अयोध्या में देवी देवताओं का वास: राजेश महराज

जन एक्सप्रेस । अयोध्या धाम



रामनवमी का मानव जीवन में बहुत ही महत्त्व है। अयोध्या का मुख्य पर्व के रूप में रामनवमी मेला ही माना गया है। आज के ही दिन भगवान राम का अवतार हुआ था। रामनवमी के ही दिन मानव की उत्पत्ति और धर्म और सत्य के लिए ही हुआ था। भगवान राम जी ने अयोध्या जैसे पवित्र भूमि पर और धर्मात्मा जैसे सम्राट महाराज दशरथ के यहां रघुकुल में उन्होंने जन्म लिया था।

जहि दिन राम सकल सुत गांवे, तीरथ सकल मेंदिन राम जन्म महोत्सव मनाया जाता द्य रामनवमी के दिन 33 कोटि देवी देवता और रूप में अयोध्या पधार करके वह राम जन्म महोत्सव का आनंद लेते हैं। आज के दिन ही अयोध्या में पधारने वाले सभी मानव जाति सरयू मैया में स्नान करके और परमात्मा राम जी के जन्म महोत्सव में शामिल होने के सौभाग्य प्राप्त होता है। रामनवमी जैसा दृश्य और कहीं हो ही नहीं सकता है इस बार तो राम जन्म भूमि मंदिर का भी विशेष रूप से निर्माण पूर्ण हो चुका है राम अयोध्या का महत्वपूर्ण विशेष रूप से है क्योंकि ट्रस्ट के द्वारा भी रामनवमी का तैयारी चल रही है। परम पूज्य संतों ने जिस प्रकार से मठ और मंदिरों में रामनवमी का विशेष महत्व हैं। सभी राम भक्तों के साथ रूप से जो है जल शरबत का ठंडा शरबत का वितरण श्री रामनवमी के शुभ अवसर की ओर से पूर्ण रूप से व्यवस्था कर ली गई है रामनवमी के दिन सभी सहयोग के द्वारा सभी श्रद्धालुओं को जल और मीठा शरबत का भी वितरण कराया जाता हैं।

रामनवमी के अवसर पर जिस दिन परमात्मा का पृथ्वी भूमि पर होता है उसे दिन धन-धन और दान पूर्ण करने से जिस प्रकार से व्यक्ति करता है उसका चार गुना उसको लाभ मिलता है और उनके प्रति होता है जीव को बैकुंठ की प्राप्ति होता है। रामनवमी के दिन दान पुण्य करने से ब्रत व उपवास करने से सभी वन मन वांछित फल प्राप्त होते हैं। अयोध्या तीर्थ पुरोहित धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश महाराज जय सियाराम का उद्घोष किया।

## अवध विवि के फार्मेसी संस्थान में व्याख्यान का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के फार्मेसी संस्थान में कंपार्टमेंट मॉडल एवं फार्माकोकाईनेटिक पैरामीटर यूजिंग विषय पर व्याख्यान का आयोजन हुआ। व्याख्यान को संबोधित करते हुए सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय, प्रयागराज, इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंस की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 वंदना गुप्ता ने कहा कि कंपार्टमेंटल मॉडलिंग से दवा डेवलपर्स को सहायता मिलती है। इसकी मदद से शरीर पर पड़ने वाले दवाओं के प्रभावों को समझा जा सकता है। उन्होंने बताया कि फार्माकोकाइनेटिक्स एवं कम्पार्टमेंट मॉडलिंग की तकनीक से दवा की खुराक का निर्धारण किया जाता है। इससे रोगी के बीच दवा का परस्पर तालमेल बना रहता है। कार्यक्रम में इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर प्रो0 शैलेंद्र कुमार ने फार्माकोकाईनेटिक पैरामीटर यूजिंग की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

# मतदाता जागरूकता हेतु बनाई गई मानव श्रंखला

## छात्राओं द्वारा किया गया मतदाता जागरूकता से सम्बंधित विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर



लोकसभा सामान्य निर्वाचन की घोषणा के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की उपस्थिति में महाविद्यालय के राजनीति शास्त्र विषय एवं स्वीप के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम बीएन के बी पीजी कॉलेज अकबरपुर में आयोजित किया गया। बीएनकेबी महाविद्यालय में विद्यार्थियों को वोट के महत्व तथा मतदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप विभिन्न स्कूलों में स्वीप कार्यक्रम के तहत अनेक प्रकार के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराए जा रहे हैं, एक तरफ जहां विद्यार्थियों को वोट के महत्व के बारे में बताया जा रहा है, वहीं जनपद के विभिन्न स्कूलों में मतदान विषय पर प्रश्नोत्तरी, रंगोली, भाषण आदि प्रतियोगिताएं भी कराई जा रही हैं।

स्कूली बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक, मतदाता जागरूकता गीत और नृत्य के माध्यम से जागरूक किया गया। बी एन के बी में बच्चों ने मतदाता जागरूकता हेतु भारत के नक्शे में मानव श्रृंखला बनाई तथा आई विल वोट पर भी मानव श्रृंखला बनाई उसके पश्चात विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक किया जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए अधिक से अधिक वोट डालने के लिए प्रेरित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा विद्यार्थियों से अपील किया गया कि वे इन कार्यक्रमों में जो जानकारी प्राप्त कर रहे हैं, उसे अपने तक सीमित न रखकर अपने अभिभावकों और आस-पड़ोस के मतदाताओं को भी दें। वोट करने से लोकतंत्र को मजबूती प्रदान होती है, इसलिए हर मतदाता को मतदान कर भारत को मजबूत बनाना है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रियंका तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, उप जिलाधिकारी अकबरपुर पवन कुमार जायसवाल, जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह तथा अन्य अधिकारी/ कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# प्राथमिक विद्यालय मोहनगंज में तिलोई की संकुल बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । अमेठी




प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत निपुण लक्ष्य की प्राप्ति हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी के निर्देशानुसार प्रत्येक मास संकुल बैठक का आयोजन होता है। इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय मोहनगंज तिलोई अमेठी में संकुल बैठक का आयोजन राम किशन कश्यप,खण्ड शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। प्रधानाध्यापक ने पुष्प गुच्छ भेंट कर खण्ड शिक्षा अधिकारी एवम प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला अध्यक्ष शिक्षक संघ अमेठी धीरेन्द्र प्रताप सिंह का स्वागत किया।बैठक का संचालन शशि कुमारी सिंह नोडल शिक्षिका ने किया।बैठक में एआरपी बृजेश कुमार सिंह ने बैठक के एजेण्डा के अनुसार परियोजना संबंधी समस्त प्रकार की जानकारियों से शिक्षकों को अवगत कराया।उन्होंने बताया कि निपुण भारत के साथ-साथ कक्षा एक में रेडीनेस कार्यक्रम चलाया जा रहा है।जिसे हम लोगों को पूर्ण निष्ठा व लगन से करना है।

और समय से निपुण लक्ष्य की प्राप्ति करनी है।कार्य पुस्तिका भरने के बारे में विस्तार से जानकारी दी।बैठक में निपुण रेडीनेस कार्यक्रम,शिक्षण पाठ योजना, शैक्षिक नवाचार,टी एल एम निर्माण, शत-प्रतिशत नामांकन,हाउस होल्ड सर्वे सहित कई बिंदुओं पर चर्चा - परिचर्चा की गई।नोडल शिक्षिका ने कार्य योजना के अनुसार प्रत्येक विद्यालय से एक शिक्षक को पूर्व से दिये गये टापिक पर सम्प्रेषण हेतु आमंत्रित किया।

बैठक में शिक्षण सहायक सामग्री के माध्यम से पढ़ाने की नवीन गतिविधियों से शिक्षकों के बीच में जानकारी साझा की गई। धीरेन्द्र प्रताप सिंह प्रधानाध्यापक व जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ-अमेठी ने मतदाता जागरूकता शपथ ग्रहण भी कराया। और परियोजना के बारे में विस्तार से बताते हुए शिक्षकों से निपुण लक्ष्य की प्राप्ति पर जोर दिया।राम किशन कश्यप खण्ड शिक्षा अधिकारी ने सभी शिक्षकों से निर्देशित किया कि जो कुछ भी यहां हम चर्चा-परिचर्चा में सीखते हैं, और जो भी परियोजना के दिशा निर्देश हैं, उनका पालन करते हुए अपने-अपने विद्यालयों में नन्हे-मुन्ने बच्चों को गुणवत्ता परक शिक्षा प्रदान करने का पूरा प्रयास करें।

## डीएम ने मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण स्थल का जायजा

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** जनपद में लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष,पारदर्शी,सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए दिनांक 20, 22, 23 व 24 अप्रैल को मनीषी महिला महाविद्यालय व इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज गौरीगंज में मतदान कार्मिकों को प्रथम प्रशिक्षण दिया जाएगा ।जिसकी तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी निशा अनंत ने मगलवार को प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने वहां पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था, मोबाइल टॉयलेट, पार्किंग, साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी व सहायक प्रभारी अधिकारी कार्मिक तेजभान सिंह ने बताया कि प्रथम प्रशिक्षण पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारी प्रथम को दिया जाएगा ।प्रशिक्षण 38 मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रोजेक्टर व लैपटॉप के माध्यम से दिया जाएगा।

# चुनाव ड्यूटी में लगे पुलिस फोर्स को ब्रीफ कर हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर



लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत होने वाले मतदान को निष्पक्ष, पारदर्शी, सकुशल व शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराए जाने हेतु रिजर्व पुलिस लाइन, में पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ द्वारा बाह्य जनपद चुनाव ड्यूटी में लगे पुलिस जवानों को ब्रीफ किया गया। ब्रीफिंग के दौरान सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित अधिकारो /कर्तव्यों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। साथ ही अपने ड्यूटी स्थान पर सतर्कता बरतते हुए कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें ताकि मतदान को निष्पक्षता एवं शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराया जा सके । यह भी निर्देश दिये गये कि अपने ड्यूटी पॉइन्ट पर सतर्क रहें एवं किसी भी बाहरी व्यक्ति से किसी प्रकार की सुविधा न लें, न ही किसी भी प्रकार के प्रलोभन में पड़े तथा मतदान स्थलों पर किसी प्रकार की अव्यवस्था या मतभेद होने पर इसकी सूचना तत्काल सम्बन्धित अधिकारियों को दें।

इसी क्रम में निर्देशित किया गया कि चुनाव डयूटी एक अतिमहत्वपूर्ण डयूटी है इसमे किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये तथा सभी पुलिस बल की गरिमा बनाये रखते हुए पूर्ण सतर्कता बरतते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे इसी के साथ समस्त पुलिस के वाहनों को हरी झंडी दिखाकर शुभकामनाओं के साथ रवाना किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी विशाल पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी आलापुर, क्षेत्राधिकारी टांडा, प्रतिसार निरीक्षक तथा बाह्य जनपद चुनाव ड्यूटी में लगे समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण आदि मौजूद रहे ।

# अण्डर-23 व सीनियर आयु वर्ग में 280 खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय क्रिकेट ट्रायल में लिया हिस्सा

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



मंगलवार को रायबरेली डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (आर0डी0सी0ए0) द्वारा उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यू0पी0सी0ए0) की ओर से पूरे प्रदेश के जिलों में आयोजित की जा रही अण्डर-23 (पुरूष) व सीनियर आयु वर्ग (पुरूष) के जिला स्तरीय ट्रॉयल के क्रम में मंगलवार को रायबरेली मण्डल के अंतर्गत रायबरेली, प्रतापगढ़ व अमेठी जिले का जिला स्तरीय ट्रॉयल एन0एस0 क्रिकेट एकेडमी, रायबरेली के ग्राउण्ड पर सम्पन्न हुआ। यू0पी0सी0ए0 के चयनकर्ता व पूर्व रणजी खिलाड़ी अलीगढ़ से असलम अली ने रायबरेली जिले भर से आये हुए रायबरेली जिले के अण्डर-23 व सीनियर आयु वर्ग (पुरूष) के 110 पंजीकृत खिलाड़ियों का ट्रॉयल लिया। इसी तरह जनपद प्रतापगढ़ से 95 खिलाड़ी व अमेठी जनपद से 75 पंजीकृत खिलाड़ियों का ट्रॉयल लिया गया। चयनकर्ता ने आज कड़ी धूप में कड़ी मेहनत व परिश्रम करने के बाद जनपद रायबरेली, जनपद प्रतापगढ़ व जनपद अमेठी के अण्डर-23 व सीनियर आयु वर्ग के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अलग-अलग चयनित करते हुए तथा उत्तर प्रदेश के सत्र 2024-25 हेतु बनने वाली अण्डर-23 व सीनियर आयु वर्ग की टीम के लिए तीनों जनपदों के जिला स्तर के ट्रॉयल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की प्रतिभा को गहराई से परखते हुए चयन किया।

यू0पी0सी0ए0 के मीडिया मैनेजर व आर0डी0सी0ए0 के डायरेक्टर मोहम्मद फहीम ने बताया कि अण्डर-23 व सीनियर आयु वर्ग (पुरूष) के ट्रॉयल आज एन0एस0 क्रिकेट अकेडमी के ग्राउण्ड पर सम्पन्न कराये गये। अण्डर-23 तथा सीनियर आयु वर्ग (पुरूष) के कुल 280 खिलाड़ियों ने कड़ी धूप में अपनी क्रिकेट की प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## डीईओ ने निर्वाचन सामग्री, स्टेशनरी की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल, सुगमतापूर्वक, स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक व शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिला सेवा योजन कार्यालय में निर्वाचन प्रपत्र, स्टेशनरी, मतदान, मतगणना सामग्री किट की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतदान टोलियों को किट विवरण के सम्बन्ध में मतपेटिकाओ में रबड़, मोहर, ब्रास सील तथा पेपर सील तथा स्टेशनरी आदि व्यवस्थाओं के बारे में सम्बन्धित अधिकारी से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन प्रपत्र, स्टेशनरी पैकेजिंग एवं प्रपत्र छपवाने की व्यवस्थाओं को नियमानुसार किया जाए।

# एनएसपीएस त्रिपुला में मनाया गया मर्यादा-पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव

जन एक्सप्रेस । रायबरेली




न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में आयोजित एक कार्यक्रम में भगवान श्री राम के जन्मोत्सव को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ भगवान् श्री राम की पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्रा अपर्णा ने रामनवमी के उपलक्ष में गीत प्रस्तुत किया और पालक त्रिपाठी ने राम नवमी के महत्व पर प्रकाश डाला।

प्रधानाचार्य ने अपने सम्बोधन में कहा कि रामनवमी का पर्व भगवान श्री राम के जन्मोत्सव के रूप में पूरे देश में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर भगवान विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम का जन्म हुआ था।जिसकी वजह से हर वर्ष चैत्र माह की नवमी तिथि पर भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि भगवान राम धर्म के प्रतीक थे। भगवान राम के लिए, एक पुत्र, पति, मित्र और नेता के रूप में उनके कर्तव्य सर्वोच्च प्राथमिकता थे। उन्होंने शालीनता, सम्मान और साहस के साथ अपने कतर्व्यों का पालन किया।

श्री राम संपूर्ण पृथ्वी पर मानव समाज के लिए एक आदर्श हैं और उनका चरित्र समाज के लिए मानवता का संविधान है, प्रभु श्रीराम के चरित्र से प्रेरणा लेते हुए मानव अपने जीवन में यश, ऐश्वर्य, सम्मान और सफलता के नये कीर्तिमान स्थापित कर सकता है।

इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य मो. फैज़ान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, शाहीन खान, धर्मेंद्र शुक्ला, अभिषेक श्रीवास्तव, आरजू यादव, रामदेव, अभिषेक भारद्वाज, पिंकी जायसवाल एवं गिरीश श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक/शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

# लखनऊ एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | लखनऊ | बुधवार | 17 अप्रैल 2024



तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 38°C | 24°C |
| कानपुर | 38°C | 24°C |
| देहरादून | 32°C | 19°C |
| नई दिल्ली | 36°C | 24°C |

# महाकुंभ से पहले तीन बड़े शहरों के लिए एयर अकासा भरेगी उड़ान

* विमानन कम्पनी एयर अकासा ने मुंबई के लिए जारी किया उड़ान का शेड्यूल
* दिल्ली और बेंगलुरु की उड़ान सेवा के टाइम स्लॉट के लिए मंथन जारी




जन एक्सप्रेस । लखनऊ

महाकुंभ से पहले कुंभनगरी को एयर कनेक्टिविटी को लेकर एक और सौगात मिलने जा रही है। 25 मई से प्रयागराज तीसरी विमान सेवा से भी जुड़ जाएगी। विमानन कंपनी एयर अकासा की तरफ यह प्रस्तावित सेवा शुरू हो रही है। प्रयागराज से मुंबई के लिए तीसरी विमान सेवा की शुरुआत का रास्ता खुल गया है। विमानन कंपनी एयर अकासा ने अपनी वेबसाइट में प्रयागराज को प्रणाम करते हुए कहा है कि प्रयागराज-मुंबई उड़ान 25 मई से शुरू हो जायेगी। अभी यह तय हुआ है कि इसका संचालन सप्ताह में रविवार को छोड़कर छह दिन होगा। प्रयागराज एयरपोर्ट के निदेशक राजेश कुमार बताते हैं कि नागर विमान निदेशालय (डीजीसीए) भी अकासा एयर को प्रयागराज से मुंबई, प्रयागराज से दिल्ली और प्रयागराज से बेंगलुरु विमान संचालन की अनुमति दे चुका है। अकासा ने अपनी वेबसाइट पर विमान शुरू होने की जानकारी दी है। उसकी वेबसाइट के होम पेज पर लिखा है प्रणाम प्रयागराज। होम पेज पर कुंभ मेले की अद्भुत छटा के संगम का दृश्य भी दिखाया गया है।

### 40 मिनट के अंतराल में मुंबई के लिए होगी उड़ान


अकासा एयर ने उड़ान की समय सारिणी भी जारी की है । प्रयागराज में 40 मिनट के अंतराल में दो विमान उपलब्ध रहेंगे ।विमान प्रयागराज से मुंबई के लिए दोपहर 1:40 पर उड़ान भरेगा और शाम चार बजे मुंबई पहुंच जाएगा । मुंबई से अकासा एयर का विमान सुबह 10:35 बजे उड़ान भरेगा और इसका प्रयागराज पहुंचने का समय दिन में एक बजे रहेगा ।प्रयागराज से विमानन कंपनी इंडिगो भी वर्तमान समय में प्रयागराज से मुंबई के लिए विमान संचालित कर रहा है। इसका संचालन प्रतिदिन हो रहा है। प्रयागराज से दूसरी विमानन कंपनी इंडिगो का विमान 2:30 पर उड़ान भरकर 4:40 बजे मुंबई पहुंचेगा । इधर इंडिगो का विमान मुंबई से 11:45 बजे उड़ान भरेगा और दोपहर दो बजे प्रयागराज एयरपोर्ट पहुंचेगा। रविवार को इसका संचालन नही होगा।

### बेंगलुरु और दिल्ली के टाइम स्लॉट पर मंथन जारी

25 मई से अकासा एयर प्रयागराज एयरपोर्ट से मुम्बई के लिए उड़ान भरेगी , लेकिन बचे दो शहरों दिल्ली और बेंगलुरु के लिए इस विमानन कंपनी को अभी टाइम स्लॉट नही मिला है। प्रयागराज एयरपोर्ट के निदेशक राजेश कुमार बताते हैं कि अकासा एयर प्रयागराज-बेंगलुरु उड़ान के लिए जो वक्त मांग रही है वह उसे नहीं मिल पा रहा है। क्योंकि उसी टाइम स्लॉट में इंडिगो के तीन विमानों का संचालन है। ऐसे में अगर अकासा की भी उड़ान इसी अवधि में चलती है तो वहां विमान पार्किंग में समस्या आ सकती है। अकासा ने सुबह 11 से 12 बजे का स्लॉट मांगा है। अकासा यहां से 180 सीटेड एयर बस चलाएगी। ऐसे में प्रस्थान और आगमन का समय तय हो जाने के बाद इन दो शहरों के लिए यह सेवा शुरू होगी। सेवा शुरू हो रही है ।

## लखनऊवासी अनिमेष वर्मा ने संघलोक सेवा आयोग परीक्षा-2023 में प्राप्त की सफलता

* अनिमेष वर्मा ने यूपीएससी परीक्षा में 38वीं रैंक हासिल की
* अनिमेष वर्मा की सफलता पर उनके शुभचिन्तकों ने बधाई और शुभाशीष दिया



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

संघलोक सेवा आयोग परीक्षा-2023 में लखनऊ निवासी अनिमेष वर्मा ने 38वीं रैंक प्राप्त कर चयनित होने में सफलता प्राप्त की है। यह उत्तर प्रदेश के साथ-साथ लखनऊवासियों के लिए गर्व की बात है। अनिमेष वर्मा का पैतृक निवास मूलतः उत्तर प्रदेश का हरदोई जिला है। यूपीएससी की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले अनिमेष वर्मा के पिता डा0 सर्वेश कुमार उत्तर प्रदेश के उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग में संयुक्त निदेशक के पद पर कार्यरत है। उनकी माता श्रीमती रेखा वर्मा गृहणी हैं। अनिमेष वर्मा ने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल, लखनऊ से वर्ष 2016 में 97.2: अंकों के साथ हाईस्कूल पास किया और इसी संस्थान से वर्ष 2018 में 97.75: अंकों के साथ इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण किया। वर्ष 2022 में आई आई टी, नई दिल्ली से इलेक्ट्रानिक इंजीनियरिंग में स्नातक किया और स्नातक के बाद अपने प्रथम प्रयास वर्ष 2022 में ही उन्होंने यूपीएससी की प्रारम्भिक और मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण कर इन्टरव्यू दिया। उन्होंने अपने दूसरे प्रयास में यूपीएससी की वर्ष 2023 की भर्ती परीक्षा में उन्होंने सफलता प्राप्त की और 38वीं रैंक हासिल की। अनिमेष वर्मा की यूपीएससी परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर उनके माता-पिता, रिश्तेदारों, शुभचिन्तकों, मित्रों एवं लखनऊवासियों ने शुभाशीष और बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### 'विकसित भारत के लिए फिर मोदी सरकार की जरूरत'

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र की सरोजनीनगर विधानसभा अंतर्गत ग्राम सदरौना में जनसभा में केंद्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद प्रत्याशी भाजपा कौशल किशोर ने प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही गांव और गरीब के कल्याण को हर क्षण विचार करते हैं और उनकी मूलभूत समस्याओं के निराकरण को चिंतित रहते हैं। आज देश में उज्वला योजना,सौभाग्ययोजना, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाओं का लाभ गरीबों को मिल रहा है। जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी को लगातार मिलता रहे, गरीब कल्याण होता रहे, सभी के बच्चों को, नई पीढ़ी को बेहतर भारत मिले, विकसित भारत बने इसके लिए फिर से मोदी सरकार बनाने की जरूरत है। जनमानस ने पूर्ण उत्साह के साथ भाजपा प्रत्याशी को आश्वस्त किया कि सदरौना ग्राम एवं क्षेत्र की जनता पूर्ण रूप से मोदी जी और भारतीय जनता पार्टी के साथ है।इस अवसर पर वरिष्ठ नेता राजेंद्र सिंह राजू ,लोकसभा प्रतिनिधि प्रवीण अवस्थी,मंडल अध्यक्ष शिव बक्श सिंह,तेजी राम रावत,जिला पंचायत सदस्य ताराचंद रावत ,अनुसूचित मोर्चा जिला अध्यक्ष कामता प्रसाद रावत, विशाल रावत ,श्याम मनोहर लोधी जी,यशोदा ,कंचन लता,संजय कुमार,सदफ, जितेंद्र नाथ, भरत वर्मा, पिंटू वर्मा,आशीष रावत,रति पाल लोधी,जय देवी,रिंकू वर्मा, रामदयाल मौर्य, रूबी, सहदेव वर्मा, मोहित सिंह, धर्मवीर यादव लाली सोनकर आदि सैकड़ों ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रामनवमी पर दी बधाई एवं शुभकामनाएं

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रामनवमी के पुनीत पर्व पर देश व प्रदेशवासियों को अपनी शुभकानाएं देते हुए सभी सुखमय व खुशहाल जीवन की कामना की है। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन हमें मर्यादाओं का पालन कर सत्य व धर्म के मार्ग पर चलने की सीख देता है। प्रभु श्री राम सभी पर अपनी कृपा व आशीर्वाद बनाए रखें मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन, कर्तव्यनिष्ठा और उच्च आदर्श पूरी मानवता के लिए मार्गदर्शन और प्रेरणा के स्रोत हैं। आइए, हम सब प्रभु राम के आदर्शो को अपने जीवन में आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान का संकल्प लें।

### विधान परिषद के सभापति कुं. मानवेन्द्र सिंह ने दी राम नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के सभापति कुँवर मानवेन्द्र सिंह ने राम नवमी के पावन अवसर पर प्रदेश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की है। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम भारत के सनातन धर्म एवं सनातन संस्कृति के केन्द्रबिन्दु हैं। सृष्टि के कण-कण में व्याप्त प्रभु श्री राम के उच्चादर्शो से भारतीय संस्कृति समृद्धिशाली एवं गौरवान्वित है।अस्तु चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के अवतरण दिवस के सुअवसर पर उन्होंने एक बार पुनः कोटिशः बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### हटाये जा रहे पोस्टर, बैनर व प्रचार सामग्री

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है। आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से 1,00,43,240 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 60,69,933 व निजी स्थानों से 39,73,307 प्रचार सामग्री हटायी गयी।

## आपराधिक व्यक्तियों के 485 लाइसेंसी शस्त्र जब्त 4233 निरस्त और 17,61,114 लोग पाबन्द

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1855 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 15 अप्रैल तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 485 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4233 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 23,69,139 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 17,61,114 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। पुलिस विभाग द्वारा 6573 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 6670 कारतूस, 2853.5 किलोग्राम विस्फोटक व 353 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 2441 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 123 केन्द्रों को सीज किया गया।

## 08 सीटों के चुनाव प्रचार का आज अंतिम दिन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने स्वतंत्र, समावेशी और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के तहत किसी भी निर्वाचन क्षेत्र में मतदान समाप्ति के लिए निर्धारित समयावधि के समाप्त होने से पूर्व के 48 घंटे की अवधि में किसी भी राजनैतिक दल और प्रत्याशियों व प्रतिनिधियों द्वारा निर्वाचन क्षेत्र में किये जाने वाले चुनाव प्रचार संबंधी सम्पूर्ण गतिविधियॉ समाप्त हो जायेगी। इस अवधि में निर्वाचन क्षेत्र के भीतर किसी भी प्रकार की चुनाव प्रचार संबंधी गतिविधियॉ संचालित नहीं होगी। राजनैतिक दलों के बाहरी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की चुनाव प्रचार की अवधि समाप्त होने के बाद निर्वाचन क्षेत्र में मौजूदगी प्रतिबंधित रहेगी। प्रदेश के प्रथम चरण की 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 19 अप्रैल को मतदान होना है। इसके लिए मतदान समाप्त होने से पूर्व के 48 घंटे की अवधि में अर्थात कल दिनांक 17 अप्रैल को सायं 06 बजे के बाद से इन निर्वाचन क्षेत्रों में राजनैतिक दलों व उनके प्रत्याशियों द्वारा चुनाव प्रचार संबंधी गतिविधियों व अभियानों पर प्रतिबंध रहेगा। चुनाव प्रचार अभियान की समाप्ति के बाद निर्वाचन क्षेत्र के जिला निर्वाचन अधिकारी यह सुनिश्चित करेगे कि ऐसे सभी बाहरी राजनैतिक पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस दौरान निर्वाचन क्षेत्र छोड़ दें और इसके लिए मतदान से पहले चुनाव प्रचार पर रोक संबंधी आयोग का निर्देश राजनैतिक दलों, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों और उनके एजेंटों के ध्यान में लायें। निर्वाचन आयोग ने मतदान के दिन मतदान केंद्रों के अंदर मोबाइल फोन, स्मार्ट फोन, वायरलेस सेट आदि ले जाने पर रोक लगा दी है, जबकि पीठासीन अधिकारी अपने फोन साइलेंट मोड में ले जा सकेंगे और आवश्यकता पड़ने व आपात स्थिति में केवल सेक्टर अधिकारियों, रिटर्निंग अधिकारियों और पर्यवेक्षकों के साथ संचार के लिए उपयोग कर सकेंगे। प्रदेश की 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 19 अप्रैल को मतदान होना है, उसमें 1-सहारनपुर, 2-कैराना, 3-मुजफ्फरनगर, 4-बिजनौर, 5-नगीना अजा, 6-मुरादाबाद, 7-रामपुर, 26-पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र आती हैं। प्रथम चरण की ये 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, पीलीभीत तथा बरेली जनपद में आते हैं। प्रथम चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 80 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इसमें 73 पुरुष और 07 महिला उम्मीदवार हैं।

## जाति-समुदाय विशेष को नौकरी देने वाले क्या जाने सबका साथ-सबका विकास : भूपेंद्र सिंह

* भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने अखिलेश यादव पर किया तीखा प्रहार
* सपा अध्यक्ष का जमीनी हकीकत से नहीं रहा कोई सरोकार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी मंगलवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि सपा कार्यकाल में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी चरम पर थी। सपा कार्यकाल में युवा पलायन को मजबूर हो गए थे, लिहाजा प्रदेश के युवा पहले ही सपा को नकार चुके हैं। सपा कार्यकाल में प्रदेश में बेरोजगारी दर 18 प्रतिशत तक थी। इसकी मुख्य वजह अखिलेश सरकार की तुष्टिकरण की राजनीति थी,क्योंकि उस दौर में कुछ जाति-समुदाय विशेष को ही नौकरी मिलती थी। ऐसा करने वाले सबका साथ-सबका विकास की परिभाषा क्या जानेंगे। सपा प्रमुख बेबुनियाद बातें कर रहे हैं, लेकिन प्रदेश की जनता उनके झांसे में नहीं आने वाली है।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले सात वर्षों में साढ़े छह लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी है, जबकि ढाई करोड़ से अधिक युवाओं को रोजगार के साधन उपलब्ध कराये हैं। भाजपा सरकार की नीतियों का ही असर है कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ रहा है। विदेशों में नौकरी के लिए भी उनकी डिमांड हो रही है। अखिलेश सरकार की भ्रष्टाचार नीतियों के कारण प्रदेश में बेरोजगारी दर घटने की जगह बढ़ गयी थी। उनके शासन काल में प्रदेश में बेरोजगारी दर 18 प्रतिशत तक पहुंच गई थी, भाजपा सरकार में यह घटकर 2.4 प्रतिशत हो गई है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अखिलेश का जमीनी हकीकत से कोई सरोकार नहीं है। वह अपनी करारी हार से लगातार बेसुध हो गये हैं। उन्होंने कहा कि पिछले सात वर्षों में प्रदेश में एक भी किसान ने आत्महत्या नहीं की है। आज किसानों के चेहरे की मुस्कान साफ-साफ जाहिर कर रही है कि उनकी आय में दोगुने से अधिक वृद्धि हुई है। प्रदेश के गांव की बदलती तस्वीर इसकी जीता जागता उदाहरण है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने अखिलेश यादव को नसीहत देते हुए कहा कि वह एसी कमरे से बाहर निकलकर गांवों का दौरा करें तो हकीकत का पता चलेगा।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अखिलेश सरकार में किसान इस तरह प्रताड़ित थे कि वह अपने मूल काम खेती को छोड़ने को मजबूर हो गये थे और दूसरे प्रदेशों में जाकर मजदूरी को विवश थे। सपा शासन में गन्ना किसानों को भुगतान नहीं होता था। चीनी मिलें बंद हो गयी थीं। अपने कार्यकाल में किसानों का गन्ना खेतों में सड़ाने वाले उनका दर्द क्या समझेंगे। भाजपा सरकार ने गन्ना किसानों का दर्द समझते हुए गन्ना मूल्य में वृद्धि की है। आज एक हफ्ते में गन्ना मूल्य का भुगतान हो रहा है। भाजपा सरकार में गन्ना किसानों को अब तक ढाई लाख करोड़ रुपये गन्ना मूल्य का भुगतान किया जा चुका है। भाजपा सरकार ही किसानों की सच्ची हितैषी है। भाजपा सरकार ने न केवल किसानों की आय दोगुनी की है, बल्कि उनके मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर हर किसान को गौरवान्वित किया है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि परिवारवाद की राजनीति करने वाले नेशन फर्स्ट की भावना को क्या समझेंगे, क्योंकि उन्हें अपने परिवार के अलावा कुछ भी नहीं दिखता है।

## सरकार कर्मचारी संगठनों को देने जा रही है कई सुविधाएं

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी एवं महामंत्री अरुणा शुक्ला ने कल प्रदेश के अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक डॉ देवेश चतुर्वेदी से कार्यालय कक्ष में मुलाकात कर कर्मचारियों की महत्वपूर्ण समस्याओं पर वार्ता किया। संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी ने अवगत कराया है कि मान्यता प्राप्त संगठनों के अध्यक्ष, महामंत्री सचिव को संगठन के कार्यो के लिए एक कैलेंडर वर्ष में 7 दिन का विशेष अवकाश दिए जाने का शासनादेश निर्गत किया जा रहा है। शासनादेश के निर्गत हो जानेसे संगठनों के पदाधिकारियों को कर्मचारियों की महत्वपूर्ण समस्याओं पर पैरवी करना आसान हो जाएगा ।संगठनों के अध्यक्ष महामंत्री एवं सचिव के लिए उनके ड्यूटी आवर्स में अधिकारियों से मुलाकात करने के लिए समय में रिलैक्सेशन किए जाने एवम् बायोमैट्रिक अटेंडेंस से छूट प्रदान किए जाने संबंध में भी सरकार विचार कर रही है। ऐसा आदेश हो जानेसे संगठनों के पदाधिकारियों को काफी राहत मिलेगी। बहुधा पदाधिकारी को शासन के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलने के लिए ड्यूटी आवर्स के दौरान शासन अथवा विभाग अध्यक्ष से मिलने आना पड़ता है, ऐसी स्थिति मे कुछ कार्यालयों के अधिकारी, अपने अधीनस्थ कार्यरत पदाधिकारी को वरिष्ठ अधिकारियों से मिलने की अनुमति देने में व्यवधान उत्पन्न करते हैं, जिसके कारण वरिष्ठ पदाधिकारी से संवाद हीनता के कारण कर्मचारियों की समस्याओं का समय पर उचित हल नहीं निकल पाता है और समस्याएं गंभीररूप धारण कर लेती है, और आंदोलन का कारण बन जाती है। अपर मुख्य सचिव के साथ राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया था। अपर मुख्य सचिव ने राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के इस मुद्दे पर ग दूरगामी परिणाम के दृष्टिगत पदाधिकारियों को ड्यूटी आवर्स में अधिकारियों से मुलाकात करनेके लिए अधीनस्थ अधिकारियों द्वारा अनुमति नहीं दिए जाने के प्रकरण को गंभीरता से लिया है। इस संबंध में शीघ्र ही आदेश जारी हो सकता है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की महामंत्री अरुणा शुक्ला ने अवगत कराया है कि जनजाति विकास विभाग में कार्यरत नान बी एड शिक्षकों को सातवें वेतन आयोग के क्रम में संविदा राशि में संशोधन का लाभ दिए जाने के संबंध में अपर मुख्य सचिव ने प्रमुख सचिव समाज कल्याण एवं जनजाति विकास विभाग को निर्देश भेजा है।

## तृतीय चरण में 10 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 45 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

तृतीय चरण में 16 अप्रैल को 26 प्रत्याशियों ने नामांकन किया।लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 8-सम्भल में 04, 16-हाथरस अजा में 02, 18-आगरा अजा में 02, 19-फतेहपुर सीकरी में 04, 20-फिरोजाबाद में 00, 21-मैनपुरी में 02, 22-एटा में 02, 23-बदायूं में 02, 24-ऑवला में 04 तथा 25-बरेली में 04 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। तृतीय चरण में नामांकन भरने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल और मतदान 07 मई को होगा। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा निर्वाचन की तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। 12 अप्रैल को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के तृतीय चरण की अधिसूचना जारी होने के साथ ही अब तक 45 प्रत्याशियों ने नामांकन किए। तृतीय चरण की 10 लोकसभा सीटों के लिए 16 अप्रैल को 26 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किया गया। इसके पहले 19 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में तृतीय चरण की 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 16 अप्रैल को जिन प्रत्याशियों ने नामांकन किया, उसमें 8-सम्भल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए बहुजन समाज पार्टी से चौधरी सौलत अली, किसान क्रांति दल से संतोष, निर्दलीय प्रत्याशियों में राजेश कुमार व अरविन्द कुमार ने नामांकन पत्र भरा। 16-हाथरस अजा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए भारतीय जनता पार्टी से अनूप सिंह, राष्ट्र उदय पार्टी से जयवीर सिंह ने नामांकन पत्र भरा। 18-आगरा अजा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए बहुजन समाज पार्टी से पूजा, आदर्श समाज पार्टी से चन्द्रपाल ने नामांकन पत्र भरा। 19-फतेहपुर सीकरी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए बहुजन समाज पार्टी से रामनिवास, न्यायधर्म सभा पार्टी से चन्द्रसेन शर्मा, भारतीय मजदूर जनता पार्टी से संगीता व राष्ट्रीय जनसंचार दल से वेदप्रकाश ने नामांकन पत्र भरा।20-फिरोजाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए किसी भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र नहीं भरा गया। 21-मैनपुरी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए समाजवादी पार्टी से डिम्पल, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से मंजू पाल ने नामांकन पत्र भरा। 22-एटा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए समाजवादी पार्टी से देवेश शाक्य तथा निर्दलीय प्रत्याशी में कमरूद्दीन खान ने नामांकन पत्र भरा। 23-बदायूं लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए परिवर्तन समाज पार्टी से मुकेशचन्द्र राठौर, राष्ट्रीय क्रांति पार्टी से लता यादव ने नामांकन पत्र भरा। 24-ऑवला लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए समाजवादी पार्टी से नीरज मौर्या, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से राजकुमार पटेल, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से निर्मोद कुमार सिंह, पीस पार्टी से कौसर खां ने नामांकन पत्र भरा। 25-बरेली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए बहुजन समाज पार्टी से मास्टर छोटेलाल गंगवार, समाजवादी पार्टी से प्रवीन सिंह ऐरन, भारत जोड़ो पार्टी से मो नाजिम अली, निर्दलीय प्रत्याशी में संजीव ने नामांकन पत्र भरा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के तृतीय चरण की 10 लोकसभा सीटों के लिए नामांकन भरने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 20 अप्रैल को की जायेगी। 22 अप्रैल को अपराह्न 03 बजे तक नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है। तृतीय चरण का मतदान 07 मई को सम्पन्न होगा। उत्तर प्रदेश के सभी निर्वाचन क्षेत्रों की 04 जून को मतगणना की जायेगी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु प्रत्येक सामान्य श्रेणी के प्रत्याशी को 25,000 रुपये तथा अनुजाति,अनु जनजाति के प्रत्याशी को 12,500 रुपये जमानत धनराशि जमा करनी होगी। राष्ट्रीय राज्यीय दलों के प्रत्याशियों को निर्वाचन क्षेत्र का एक निर्वाचक प्रस्तावक के रूप में तथा रजिस्ट्रीकृत अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दल एवं निर्दलीय प्रत्याशियों को 10 प्रस्तावक की आवश्यकता होगी। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में व्यय की अधिकतम सीमा 95 लाख रुपये निर्धारित है। नामांकन के समय रिटर्निंग ऑफिसर सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय के 100 मीटर की परिधि के भीतर अधिकतम 03 वाहन तथा प्रत्याशी सहित अधिकतम 05 व्यक्तियों के प्रवेश की अनुमति होगी। राजनैतिक दलों द्वारा खड़े किये गये उम्मीदवारों को फार्म-ए तथा फार्म-बी अंतिम तिथि 19 अप्रैल को अपरान्ह 03 बजे तक दाखिल करना होगा।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विधुत अभियंता/सा., मंडल रेल प्रबंधक, हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई-निविदा सूचना सं. | 1119-वरिष्ठ मंडल विधुत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ-तृतीय कॉल दिनांक 15.04.2024 |
| 2 | कार्य का नाम | विद्युत आपूर्ति प्रणाली और विधुत सुविधाओं के संवर्धन सहित ब्रिज वर्कशॉप और टीपीपी लखनऊ में नवीकरण के संबंध में विद्युत कार्य। |
| 3 | अनुमानित लागत | रु. 2,33,82,631.82/- (दो करोड़ तैंतीस लाख बयासी हजार छः सौ इकतीस रूपये एवं बयासी पैसा मात्र) |
| 4 | ई निविदा की कीमत | शून्य |
| 5 | बयाना राशि | रु. 2,67,000/- (दो लाख सड़सठ हजार रूपये मात्र) |
| 6 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 7 | ई-निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 10.05.2024 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:30 बजे वरिष्ठ मंडल विधुत अभियंता/सा., उत्तर रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| 8 | प्रस्ताव की वैधता | ई-निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन |
| 9 | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |

सूचना सं.:1119-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ-तृतीय कॉल दिनांक 15.04.2024

1127/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# अरुणाचल प्रदेश में विपक्ष की भूमिका निभाने में विफल रही कांग्रेस

**अरुणाचल प्रदेश में उम्मीदवारों की बात करें तो 50 विधानसभा सीटों के लिए कुल 133 उम्मीदवार मैदान में हैं। सभी सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होगा। पहले विधानसभा चुनावों की मतगणना लोकसभा चुनावों की मतगणना वाले दिन ही कराने का ऐलान किया गया था लेकिन राज्य विधानसभा का कार्यकाल खत्म होने के चलते अब दो जून को ही पता चल जायेगा कि राज्य में किस पार्टी की सरकार बनेगी। हम आपको बता दें कि भाजपा के जिन 10 उम्मीदवारों ने निर्विरोध जीत हासिल की है उनमें मुख्यमंत्री पेमा खांडू भी शामिल हैं।**

*कांग्रेस और विपक्ष के तमाम नेता दिल्ली में बैठ कर दावे करते हैं कि लोकतंत्र को कुचला जा रहा है, देश में तानाशाही का माहौल बनाया जा रहा है और विपक्ष को जांच एजेंसियों का डर दिखाया जा रहा है। लेकिन जब आप राज्यों में जाकर देखेंगे तो पाएंगे कि विपक्ष अपनी भूमिका सही ढंग से नहीं निभा रहा है। इस बात का सबसे सशक्त उदाहरण अरुणाचल प्रदेश है। अरुणाचल प्रदेश में विधानसभा और लोकसभा के चुनाव साथ ही हो रहे हैं। राज्य में लोकसभा की दो सीटें हैं जबकि विधानसभा की 60 सीटें हैं। इस चुनाव को लेकर विपक्ष कितना गंभीर है इसका अंदाजा आपको इस बात से ही लग जायेगा कि दस विधानसभा सीटें भाजपा चुनाव से पहले ही निर्विरोध जीत चुकी है क्योंकि इन दस सीटों पर विपक्ष का कोई भी दल अपना उम्मीदवार नहीं खड़ा कर सका। राज्य में दशकों तक शासन करने वाली कांग्रेस की इस समय क्या स्थिति है इसे इस बात से भी समझ सकते हैं कि 10 सीटों पर निर्विरोध निर्वाचन के बाद जिन 50 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव कराया जा रहा है उसमें भी कांग्रेस ने सिर्फ 19 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किये हैं। यानि कांग्रेस राज्य की 60 में से सिर्फ 19 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इसका मतलब यह है कि वह यह चुनाव जीतने के लिए या सरकार बनाने के लिए लड़ ही नहीं रही है। सवाल उठता है कि क्या यही है लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका? सवाल उठता है कि जो दल विपक्ष की भूमिका के साथ न्याय नहीं कर पा रहा वह यदि सत्ता में आया तो क्या कर पायेगा? देखा जाये तो विपक्ष अपनी भूमिका सही ढंग से नहीं निभाये तो लोकतंत्र को खतरा हो सकता है। इसलिए मतदाताओं को चाहिए कि कांग्रेस को मुख्य विपक्ष की भूमिका से भी कुछ समय के लिए बाहर कर किसी और दल को यह अवसर दें। आप विडंबना देखिये कि अरुणाचल प्रदेश में कांग्रेस ने जिन 19 उम्मीदवारों को उतारा है उसमें से 17 नये चेहरे हैं। बताया जा रहा है कि कांग्रेस का टिकट लेने के लिए कोई पुराना नेता राजी ही नहीं था इसलिए नये चेहरों को आगे बढ़ाया गया है। संभवतः यही कारण है कि राहुल गांधी ने अरुणाचल प्रदेश में अपनी पार्टी का चुनाव प्रचार नहीं किया जबकि वह अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर इस साल के शुरू में अरुणाचल पहुँचे थे। चुनावों में जनता से किये जा रहे वादों की बात करें तो कांग्रेस एक ओर जहां तमाम तरह के न्यायों की गारंटी देने की बात कर रही है वहीं भाजपा ने %विकसित भारत, विकसित अरुणाचल प्रदेश% नामक संकल्प पत्र में तमाम वादे जनता से किये हैं। महिला सशक्तिकरण, राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण, युवाओं के लिए तमाम सहूलियतें, सरकार की जवाबदेही, राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कई और कदम उठाने, राज्य की संस्कृति और पर्यटन को बढ़ावा देने, सबका साथ सबका विकास के सिद्धांत पर आगे बढ़ते रहने, किसानों को आर्थिक दृष्टि से मजबूत बनाने और राज्य की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने जैसे कई प्रमुख वादे किये गये हैं जोकि जनता को भा रहे हैं। आप पूरे अरुणाचल प्रदेश में पाएंगे कि कांग्रेस चुनाव प्रचार से पूरी तरह गायब है जबकि भाजपा के नेता और कार्यकर्ता गली-गली घूम रहे हैं। वैसे अरुणाचल प्रदेश की यह बात अच्छी लगी कि यहां राजनीतिक पार्टियां उत्तर भारत की तरह अनाप शनाप खर्चे नहीं करतीं। यहां लगातार बड़ी रैलियां आयोजित करने से बचा जाता है और लाउडस्पीकरों पर दिनभर अपने उम्मीदवार के लिए प्रचार करते चुनावी वाहनों से मचने वाले शोर भी नहीं सुनाई देते।*

## एक्सप्रेस आलेख

**रामनवमी के अवसर पर भगवान राम के दर्शन के लिए इस बार लाखों लोगों के अयोध्या पहुंचने का अनुमान है और इसके लिए राम मंदिर ट्रस्ट द्वारा खास प्रबंध किए गए हैं। विधि के विधान के अनुसार भगवान श्रीराम को दुष्ट राक्षसों का विनाश करने के लिए ही वनवास मिला था। उन्होंने अपने मानव अवतार में न तो भगवान श्रीकृष्ण की भांति रासलीलाएं खेली और न ही कदम-कदम पर चमत्कारों का प्रदर्शन किया बल्कि उन्होंने सृष्टि के समक्ष अपने क्रियाकलापों के जरिये ऐसा अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसकी वजह से उन्हें 'मर्यादा पुरुषोत्तम' कहा गया। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम में सभी के प्रति प्रेम की अगाध भावना कूट-कूटकर भरी थी।**

# सदैव अनुकरणीय रहेंगे भगवान श्रीराम के आदर्श



योगेश कुमार गोयल

**श्रीराम का चरित्र बेहद उदार प्रवृत्ति का था। उन्होंने उस अहिल्या का भी उद्धार किया, जिसे उसके पति ने देवराज इन्द्र द्वारा छलपूर्वक उसका शीलभंग किए जाने के कारण पतित घोषित कर पत्थर की मूर्त बना दिया था। जिस अहिल्या को निर्दोष मानकर किसी ने नहीं अपनाया, उसे भगवान श्रीराम ने अपनी छत्रछाया प्रदान की।**

समूचे भारतवर्ष में प्रतिवर्ष चैत्र मास की शुक्ल पक्ष नवमी को रामनवमी का त्यौहार भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है, जो इस वर्ष 17 अप्रैल को मनाया जा रहा है। मान्यता है कि त्रेता युग में इसी दिन अयोध्या के महाराजा दशरथ की पटरानी महारानी कौशल्या ने मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम को जन्म दिया था। रामनवमी के दिन श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में उत्सवों का विशेष आयोजन होता है, जिनमें भाग लेने के लिए देशभर से हजारों भक्तगण अयोध्या पहुंचते हैं। अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर में जनवरी महीने में हुई भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद इस बार पहली बार रामनवमी बेहद खास होगी। समूची अयोध्या नगरी इस दिन पूरी तरह राममय नजर आएगी और हर तरफ भजन-कीर्तनों तथा अखण्ड रामायण के पाठ की गूंज सुनाई पड़ेगी। रामनवमी के अवसर पर भगवान राम के दर्शन के लिए इस बार लाखों लोगों के अयोध्या पहुंचने का अनुमान है और इसके लिए राम मंदिर ट्रस्ट द्वारा खास प्रबंध किए गए हैं। विधि के विधान के अनुसार भगवान श्रीराम को दुष्ट राक्षसों का विनाश करने के लिए ही वनवास मिला था। उन्होंने अपने मानव अवतार में न तो भगवान श्रीकृष्ण की भांति रासलीलाएं खेली और न ही कदम-कदम पर चमत्कारों का प्रदर्शन किया बल्कि उन्होंने सृष्टि के समक्ष अपने क्रियाकलापों के जरिये ऐसा अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसकी वजह से उन्हें 'मर्यादा पुरूषोत्तम' कहा गया। मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम में सभी के प्रति प्रेम की अगाध भावना कूट-कूटकर भरी थी। उनकी प्रजा वात्सल्यता, न्यायप्रियता और सत्यता के कारण ही उनके शासन को आज भी 'आदर्श' शासन की संज्ञा दी जाती है और आज भी अच्छे शासन को 'रामराज्य' कहकर परिभाषित किया जाता है। श्रीराम का चरित्र बेहद उदार प्रवृत्ति का था। उन्होंने उस अहिल्या का भी उद्धार किया, जिसे उसके पति ने देवराज इन्द्र द्वारा छलपूर्वक उसका शीलभंग किए जाने के कारण पतित घोषित कर पत्थर की मूर्त बना दिया था। जिस अहिल्या को निर्दोष मानकर किसी ने नहीं अपनाया, उसे भगवान श्रीराम ने अपनी छत्रछाया प्रदान की। लोगों को गंगा नदी पार कराने वाले एक मामूली से नाविक केवट की अपने प्रति अपार श्रद्धा व भक्ति से प्रभावित होकर भगवान श्रीराम ने उसे अपने छोटे भाई का दर्जा दिया और उसे



**मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम में सभी के प्रति प्रेम की अगाध भावना कूट-कूटकर भरी थी। उनकी प्रजा वात्सल्यता, न्यायप्रियता और सत्यता के कारण ही उनके शासन को आज भी 'आदर्श' शासन की संज्ञा दी जाती है और आज भी अच्छे शासन को 'रामराज्य' कहकर परिभाषित किया जाता है।**

मोक्ष प्रदान किया। अपनी परम भक्त शबरी नामक भीलनी के झूठे बेर खाकर शबरी का कल्याण किया। महारानी केकैयी ने महाराजा दशरथ से जब राम को 14 वर्ष का वनवास दिए जाने और अपने लाड़ले पुत्र भरत को राम की जगह राजगद्दी सौंपने का वचन मांगा तो दशरथ गंभीर धर्मसंकट में फंस गए थे। वह बिना किसी कारण राम को 14 वर्ष के लिए वनों में भटकने के लिए भला कैसे कह सकते थे और श्रीराम में तो वैसे भी उनके प्राण बसते थे। दूसरी ओर वचन का पालन करना रघुकुल की मर्यादा थी। ऐसे में जब श्रीराम को माता केकैयी द्वारा यह वचन मांगने और अपने पिता महाराज दशरथ के इस धर्मसंकट में फंसे होने का पता चला तो उन्होंने खुशी-खुशी उनकी यह कठोर आज्ञा भी सहज भाव से शिरोधार्य की और उसी समय 14 वर्ष का वनवास भोगने तथा छोटे भाई भरत को राजगद्दी सौंपने की तैयारी कर ली। श्रीराम द्वारा लाख मना किए जाने पर भी उनकी पत्नी सीता जी और अनुज लक्ष्मण भी उनके साथ वनों में निकल पड़े। वनवास की यात्रा की शुरूआत श्रृंगवेरपुर नामक स्थान से प्रारंभ कर वहां से वे भारद्वाज मुनि के आश्रम में चित्रकूट पहुंचे। उसके बाद विभिन्न स्थानों की यात्रा के दौरान पंचवटी में उन्होंने अपनी कुटिया बनाने का निश्चय किया। यहीं पर रावण की बहन शूर्पणखां की नाक काटे जाने की घटना हुई। उसी घटना के कारण वहां खर-दूषण सहित 14 हजार राक्षस राम-लक्ष्मण के हाथों मारे गए। यहीं से श्रीराम व लक्ष्मण की अनुपस्थिति में लंका का राजा रावण माता सीता का अपहरण कर उन्हें अपने साथ लंका ले गया। कहा जाता है कि जब सीता का विरह श्रीराम से नहीं सहा गया तो उन्होंने साधारण मनुष्य की भांति विलाप किया लेकिन हिम्मत न हारते हुए सीता जी की खोज में राम-लक्ष्मण जंगलों में भटकने लगे। इसी दौरान उनकी भेंट श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान से हुई, जिन्होंने राम-लक्ष्मण को वानरराज बाली के छोटे भाई सुग्रीव से मिलाया, जो उस समय बाली के भय से यहां-वहां छिपता फिर रहा था। श्रीराम ने बाली का वध करके सुग्रीव तथा बाली के पुत्र अंगद को किष्किंधा का शासन सौंपा और उसके बाद सुग्रीव की वानरसेना के नेतृत्व में लंका पर आक्रमण कर देवताओं पर भी विजय पाने वाले महाप्रतापी, महाबली, महापंडित तथा भगवान शिव के घोर उपासक लंका नरेश राक्षसराज रावण का वध कर सीता को उसके बंधन से मुक्त कराया और लंका पर खुद अपना अधिकार न जमाकर लंका का शासन रावण के छोटे भाई विभीषण को सौंप दिया तथा वनवास की अवधि समाप्त होने पर भैया लक्ष्मण, सीता जी व हनुमान सहित अयोध्या लौट आए। एक ओर जहां रावण अन्याय, अत्याचार व

## एक्सप्रेस कविता

*जिंन्दगी वतन की पहरेदार हो जाए,*
*मौत भी आए तो कसूरवार हो जायेद्य*
*मौत भी हो इतनी शानदार शहीदी,*
*जिंदगी भी अपने पर शर्मसार हो जाये।*
*ज़माने से मिले जख्मो को जीयो ऐसे*
*कि बहता लहू भी गुनहगार हो जाये*

*,तेरी मेरी  दोस्ती हो ऐसी जुदा द्य*
*कि दुश्मन का वार भी प्यार हो जाये।*
*दोस्तों में ना हो कभी इतनी तल्ख़ी,*
*कि हमे दुश्मनो पे  एतबार हो जाये।*
*इन्सान कभी इतना ज़हरीला न हो संजीव*
*कि हमे साँपो से प्यार हो जाये।*
*सर जमीं पर लुटा दो लहू अपना,*
*बहता लहु भी खुशबूदार हो जाए।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

**कोशिश हमें अंतिम क्षण तक करनी चाहिए जीवन में सफलता मिले या ना मिले परंतु तजुर्बा तो मिलेगा ही**

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | नवमी 15:14 तक |
| नक्षत्र: | आश्लेषा (अहोरात्र) |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | बुधवार |
| योग: | शूल, 23:50 |
| सूर्योदय: | 05:54 |
| सूर्यास्त: | 18:47 |
| चंद्रमा: | कर्क राशि में |
| राहुकाल: | 12:20-13:57 |
| विक्रमी संवत्: | 2081 |
| शक सम्वत: | 1945 |
| मास: | चैत्र |
| शुभ मुहूर्त: | नहीं है |

## जन एक्सप्रेस

### कुनबा हमें बढ़ाना !

*करते उनका स्वागत ।*
*है पूरा सम्मान ।।*
*आएं सपरिवार ।*
*रख रहे हम ध्यान ।।*
*इसलिए मौजूद हैं ।*
*सबसे हाथ मिलाना ।।*
*है कोशिश हमारी ।*
*कुनबा हमें बढ़ाना ।।*
*पूरी जिम्मेदारी है ।*
*है उसका ख़याल ।।*
*है असर दिखाना ।*
*अब हमको हर हाल ।।*
*है पूरी तैयारी ।*
*कुछ भी अब कर जाना ।।*
*करनी है जब वापसी ।*
*मिल कर क़दम बढ़ाना ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# गर्मियों में शरीर की गंदगी निकालने के लिए पिएं डिटॉक्स वॉटर

**खराब** खानपान और अस्वस्थ जीवनशैली के कारण बॉडी में टॉक्सिन जमा होने लगते हैं। जब यह टॉक्सिन बहुत ज्यादा बढ़ जाते हैं, तो इसके कारण हम बीमार होने लगते हैं। ये पाचन सम्बन्धित समस्याओं का कारण बन सकते हैं। साथ ही, इनके कारण आपको इंफेक्शन और कई स्वास्थ्य समस्याएं होने का खतरा हो सकता है। गर्मियों के दौरान बॉडी डिहाइड्रेट होने से आपको बीमारियों का खतरा ज्यादा हो सकता है। ऐसे में जरूरी है कि समय-समय पर बॉडी को डिटॉक्स किया जाए।



**पुदीना और खीरा डिटॉक्स ड्रिंक:** गर्मियों में हाइड्रेट और रिफ्रेश रहने के लिए आप पुदीने और खीरे का डिटॉक्स ड्रिंक भी ले सकते हैं। इसके लिए आपको एक गिलास पानी में पुदीने की कुछ पत्तियां भिगोकर रखनी है। अब इसमें एक खीरा काटकर डालें। स्वाद के लिए इसमें काला नमक, नींबू और थोड़ा शहद मिलाएं। पुदीना और खीरा दोनों ही बॉडी को डिटॉक्स करने में मदद करते हैं। इसके सेवन से आप एक्टिव भी रहेंगे।

**सेब का सिरका और दालचीनी:** बॉडी डिटॉक्स के लिए आप सेब का सिरका और दालचीनी भी चुन सकते हैं। सेब के सिरके में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-बैक्टीरियल गुण बॉडी से टॉक्सिन निकालने में मदद कर सकते हैं। यह ड्रिंक्स बनाने के लिए आपको एक गिलास गुनगुने पानी एक चम्मच सेब का सिरका मिलाना है। अब इसमें एक चुटकी दालचीनी पाउडर मिलाकर इसका सेवन करना है।

**नारियल पानी और पुदीना:** नारियल पानी बॉडी डिटॉक्स के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। डिटॉक्सिफिकेशन के साथ बॉडी को हाइड्रेट रखने के लिए भी आप यह ड्रिंक पी सकते हैं। डिटॉक्स ड्रिंक्स बनाने के लिए आपको एक गिलास नारियल पानी में थोड़ा पुदीना और नींबू मिलाना है। इसमें मौजूद इलेक्ट्रोलाइट बॉडी को एक्टिव रखने में मदद करेंगे। साथ ही, पुदीना और नींबू बॉडी से टॉक्सिन बाहर निकालेंगे। इसे आप अपनी डेली डाइट में भी शामिल कर सकते हैं।

**एलोवेरा जूस:** बॉडी डिटॉक्स करने के लिए आप एलोवेरा जूस का सेवन भी कर सकते हैं। घर में तैयार करने के लिए यह आसान और सबसे सस्ता तरीका हो सकता है। इसमें एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। ये गुण बॉडी से टॉक्सिन बाहर निकालने में मदद कर सकते हैं। इसके सेवन के लिए आपको एक गिलास गुनगुने पानी में एक चम्मच एलोवेरा का रस मिलाकर लेना है।

**मेथी का पानी:** शरीर से टॉक्सिन निकालने के लिए आप मेथी दाने के पानी का सेवन भी कर सकते हैं। इसमें प्राकृतिक गुण पाए जाते हैं, जो बॉडी को डिटॉक्स करने में मदद कर सकते हैं। इसके लिए आपको रात को एक चम्मच मेथी दाना पानी में भिगोकर रखना है। अब सुबह पानी में इसे उबालकर इसका सेवन करें। अगर आप किसी प्रकार की दवा का सेवन कर रहे हैं, तो एक्सपर्ट की सलाह पर ही इनका सेवन करें। लेख में दी गई जानकारी पसंद आई हो, तो इसे शेयर करना न भूलें।

## एक्सप्रेस विशेष

# विकास और विरासत का बेहतरीन संतुलन 'मोदी की गारंटी' में



डॉ. राघवेंद्र शर्मा

**देश के अधिकांश भागों में विद्युत आपूर्ति अब सहज सुलभ तथा अनेक प्रांतों में सरप्लस हो चुकी है। फलस्वरूप एक दशक पहले जब अत्यावश्यक कार्यों के लिए भी विद्युत उपलब्ध नहीं हो पाती थी, अब वहां लाखों इलेक्ट्रॉनिक वाहन सरप्लस बिजली से रिचार्ज होकर विदेशी ईंधन से मुक्ति पा रहे हैं।**

**देश** के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा का संकल्प पत्र-मोदी की गारंटी नाम से जारी चुनाव घोषणा पत्र प्रस्तुत कर जहां एक ओर मतदाताओं के हृदय को स्पर्श करने में सफलता प्राप्त की है, वही विरोधियों के मुंह पर ताले जड़ दिए हैं। सभी प्रकार की आशंकाओं को परे रखते हुए उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि 04 जून के बाद इस गारंटी पर एक्शन प्लान शुरू कर दिया जाएगा। उनका यह कथन कि जिन्हें कोई नहीं पूछता उन्हें हम पूजते हैं यह प्रमाणित करता है कि यह संकल्प पत्र सुविधा की दृष्टि से अंतिम पायदान पर खड़े दरिद्र नारायण के लिए भी संभावनाओं के नए द्वार खोलता है। साथ ही यह भरोसा दिलाता है कि आम मतदाता को इस पर विश्वास करने में किसी भी प्रकार की शंका नहीं करनी चाहिए। ऐसा सोचने के लिए एक तर्क यह भी है कि अपने स्थापना काल से ही भारतीय जनता पार्टी जिन मुद्दों को लेकर संघर्ष करती आई है, सत्ता में आते ही उन्हें पूरा करने में किसी प्रकार का संकोच नहीं दिखाया है। किसने सोचा था कि हम कभी कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटते हुए देख पाएंगे। लेकिन भाजपा की मोदी सरकार ने यह करिश्मा तब कर दिखाया जब विरोधियों ने दावे किए थे कि ऐसा करने पर देश में भारी बवाल पैदा होगा, एक प्रकार से देश जल ही उठेगा। पूरे 500 साल हुए, जब से लाखों लोगों ने

**यही नहीं, अब बिजली बिल जीरो करने की कवायद का भी ऐलान हुआ है। जिसके तहत पीएम सूर्य योजना में एक करोड़ रजिस्ट्रेशन किए जा चुके हैं। 24 जून के बाद इस मामले में गति और तेज होने जा रही है, जिससे हम खुद बिजली उत्पादक बनेंगे। अपने उपयोग की बिजली इस्तेमाल करने के बाद जो बचेगी उसे सरकार को बेच भी पाएंगे। यानी आम के आम गुठलियों के दाम।**

अयोध्या की श्रीराम जन्मभूमि को स्वतंत्र करने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। मुगल तो हमारे दुश्मन और विदेशी लुटेरे थे। अतः उनका मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाना समझ में आता है। लेकिन आजाद भारत में हमारे देश की, हमारी अपनी धर्मनिरपेक्ष सरकारें राम जन्मभूमि स्वतंत्रता आंदोलन में अड़ंगे पैदा करती रहीं। अदालत में भगवान श्रीराम को इन्हीं सरकारों से संबंधित वकीलों ने कपोल कल्पित कहने में शर्म महसूस नहीं की। अयोध्या की सड़कें कार सेवकों के खून से लाल कर दीं और सरयू का पानी रक्त रंजित कर दिया। किंतु जैसे ही भाजपा सरकार में आई और मंदिर समर्थकों को अपना पक्ष रखने का अनुकूल वातावरण मिला, वैसे ही सर्वोच्च न्यायालय द्वारा श्रीराम जन्मभूमि स्वतंत्र होने की घोषणा कर दी गई। आदेश सामने आते ही भाजपा शासित मोदी सरकार ने पल भर की देर नहीं लगाई और भव्य श्रीराम मंदिर का केवल शिला पूजन ही नहीं किया, वरन् भगवान की भव्यतम प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा भी करके दिखा दी। भाजपा का तीसरा संकल्प समान नागरिक संहिता का था। वह भी उसने उत्तराखंड के रास्ते स्थापित करने का प्रण उजागर कर दिया है। अब जो संकल्प पत्र प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 14 अप्रैल को पढ़ा गया है, उसमें वादा किया गया है कि अगले कार्यकाल में हम समान नागरिक संहिता भी लागू करने जा रहे हैं। आशय स्पष्ट है भाजपा के तीन प्रमुख संकल्प थे। इनमें से पहले कालखंड में अनुच्छेद 370 को हटाया जाना समाहित माना जाए, तो दूसरे कालखंड की सौगात अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर को माना जा सकता है। जब भाजपा शासन के दो कालखंडों में अपने दो महत्वपूर्ण और असंभव से प्रतीत होने वाले संकल्प पूरे कर चुकी है, तब मतदाता को यह भरोसा करना ही चाहिए कि अब जब जनता भाजपा को तीसरे कालखंड का जनादेश देने जा रही है तब वह अपना तीसरा संकल्प समान नागरिक संहिता का भी पूरा करके दम लेगी। इसी के साथ यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि विरोधी लोग अपनी हार को सम्मुख देखते हुए भाजपा पर आरोप लगा रहे हैं कि वह केवल मंदिरों और देवलोकों की बात करके देश को भरमा रही है। जबकि सच यह है कि भारतीय जनता पार्टी तथा उसके द्वारा शासित विभिन्न प्रदेशों की सरकारें व केंद्र की मोदी सरकार विकास और विरासत को साथ लेकर नए भारत का ताना-बाना बुन चुकी हैं। उदाहरण के लिए जहां अयोध्या के श्रीराम मंदिर, वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर, दक्षिण भारत की पवित्र सैंगोल, मध्य भारत के महाकाल लोक, पश्चिमी भारत की द्वारकापुरी और पूर्वी भारत में मां काली के विराट प्रादुर्भाव की बातें की जाती हैं तो उन्हें साकार भी किया जाता है। इसी हमारे देश की सनातन विरासत को सहेजने का क्रम माना जाना चाहिए। जहां तक विकास की बात है तो अब भारत में सुरक्षा का क्षेत्र आत्मनिर्भर हो चला है। औद्योगिक क्षेत्र में वैश्विक स्तर के बड़े-बड़े निर्माण मेकिंग इंडिया के तहत हमारे देश में ही हो रहे हैं। वंदेभारत के रूप में अत्याधुनिक ट्रेनों की व्यापक श्रृंखलाएं पूरे देश के यातायात को सुगम कर रही हैं। राष्ट्रीय नेशनल मार्गों की फोरलेन सिक्स लेन और अब आठ लेनों वाली श्रृंखलाएं तथा आश्चर्यचकित कर देने वाले फ्लाईओवर ब्रिज विकसित देशों को पीछे छोड़ चुके हैं। चीन और पाकिस्तान से सटे हुए सीमांत प्रदेशों में मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर दुश्मनों को चुनौती दे रहा है।

# एक झापड़ में सब भूल जाओगे

## जन समस्या का सवाल पूछने पर भड़के टेनी

* बीजेपी लोकसभा प्रत्याशी, कहा चुपचाप बैठो जमीन पर

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में अजय मिश्र टेनी एक सभा को संबोधित करते हुए पूरे प्रदेश में चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दे रहे हैं। सभा में मौजूद लोग भी अपनी-अपनी समस्याओं को उनके सामने रख रहे हैं।

सभा में खड़े एक युवक ने गांव में पानी की सप्लाई शुरू न होने की बात कही तो भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी नाराज हो गए। सवाल पूछने वाले युवक को डांटने लगे। कहा, एक झापड़ में सब कुछ भूल जाओगे, बैठ जमीन पर, बैठ। इतना सुनते ही युवक शांत हो गया। वहीं सभा में खड़े किसी युवक ने इस पूरे वाक्ये को मोबाइल के कैमरे में कैद कर लिया। यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो 10 अप्रैल का बताया जा रहा है। वीडियो पलिया तहसील के बसंतापुर ग्राम सभा क्षेत्र के सेमरीपुरवा गांव का है। वीडियो वायरल होने के बाद बीजेपी यह चर्चा का विषय बन गया है। लोग सवाल भी उठने लगे हैं। जब चुनाव के समय भरी सभा में आम जनता से इस तरह से नेता पेश आ रहे हैं तो चुनाव के बाद क्या होगा।

# ऐतिहासिक मेला चैती का हुआ उद्घाटन

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी



मंगलवार को छोटी काशी में ऐतिहासिक मेला चैती का उद्घाटन जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह,एसपी गणेष प्रसाद साहा एवं नगर पालिका अध्यक्ष विजय कुमार शुक्ल (रिंकू) और सभासदों, उपजिलाधिकारी/ अधिशासी अधिकारी रत्नाकर मिश्र की मौजूदगी में फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। जिलाधिकारी ने चैती मेले की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह मैला हमारे नगर की धरोहर है। इसके उत्थान के लिए वह भरसक प्रयास करते रहेगे। उपजिलाधिकारी ने कहा कि आचार संहिता प्रभावी है इसका पालन किया जाए। संचालन मेला प्रभारी मोहित गिरि ने किया।

ऐतिहासिक मेला चैती के शुभारंभ बृजेश तिवारी एवं पार्टी के द्वारा सुन्दरकाण्ड किया गया। कवन सो काज कठिन जग माही, जो नहि होय तात तुम पाहीं का संगीतमयी गायन करते हुए बृजेश कुमार तिवारी, सरोज मिश्रा, महेश कुमार तिवारी, राजेश कुमार तिवारी, मिथलेश कुमार तिवारी, आर्गन पर अनिल झा, ढोलक पर रिजवान, पैड पर सफीक ने साथ दिया। सुंदरकांड पाठ सुनकर श्रोता भक्तिरस से सराबोर हो गए। भाजपा युवा नेता धर्मेंद्र गिरि मोंटी, उपजिलाधिकारी रत्नाकर मिश्र, सीओ अजेंद्र यादव, सभासद नानकचंद वर्मा, धर्मेंद्र तिवारी, धर्मेंद्र जायसवाल, धर्मेंद्र बाल्मीकि, सुशील कश्यप, आनंद किशोर गिरि भोली, आशीष अवस्थी लालू, आनंद सोनी, हरिओम वर्मा, मोहित कनौजिया, नसरीन, रियाजुद्दीन, दानिश, सूफियान खान, शाहिद, इजरान, राजेश वर्मा, अनिल गुप्ता, हर्ष अवस्थी, सौरभ तिवारी, शोभित सिंह, राजेश अवस्थी, नगर पालिका परिषद के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप कुमार वर्मा, आरआई अब्दुल रहीम अंसारी, लिपिक अमित श्रीवास्तव, षिवम् भारती, अशोक सक्सेना, शत्रोहन मिश्र, सत्यप्रकाश अग्रवाल, सुरजनलाल वर्मा, विनोद स्वर्णकार, रविद्र कटियार, धीरज बाजपेयी, आशुतोष शुक्ला, प्रेमप्रकाश पाठक, रिषि कुमार, रितेश कुमार, अरविंद कुमार आदि मौजूद रहे।

## युवक ने फांसी लगाकर की जीवन लीला समाप्त

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

थाना ईसानगर क्षेत्र में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इससे उसके परिवार में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस छानबीन कर रही है। बताते चलें थाना ईसानगर के गांव गणेशपुर निवासी ज्ञानू पांडेय (30) ने सोमवार की रात अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब परिवार के लोग सोकर उठे तो उसका शव लटका देखा। इससे परिवार में चीख पुकार मच गई। रोने-चिल्लाने की आवाज पर तमाम लोग भी मौके पर पहुंच गए। परिवार वालों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव नीचे उतारा और घटना स्थल का निरीक्षण किया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### एसपी ने अर्धसैनिक बल ठहरने के लिए विद्यालयों का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । हरदोई। पाली। एसपी केसी गोस्वामी ने मंगलवार की दी शाम पाली कस्बा पहुंचकर अर्धसैनिक बलों के ठहरें को लेकर विद्यालयों का निरीक्षक किया।



जिसमें उन्होंने नत्थन बानो जनता डिग्री कालेज, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में पहुंचकर व्यवस्था को देखा। पानी, बिजली, शौचालय आदि की स्कूल प्रवंधन से जानकारी जुटाई। इस दौरान सीओ शाहाबाद अनुज मिश्रा, पाली प्रभारी निरीक्षक एके राय आदि मौजूद रहे।

### डीएम की अध्यक्षता में हुई राजनीतिक दलों की बैठक

जन एक्सप्रेस । हरदोई। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि नामांकन के दौरान निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अनुपालन किया जाये। आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने के आवेदनों का निस्तारण किया जा रहा है। मतदाता पहचान पर्ची व वोटर गाइड के वितरण की सभी तैयारियां कर ली गयी हैं। मतदाता पहचान पर्ची प्रत्येक मतदाता को दी जाएगी तथा वोटर गाइड प्रत्येक परिवार को एक दी जाएगी। उन्होंने निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी सूचनाएं हार्ड व सॉफ्ट कॉपी में ससमय राजनीतिक दलों को उपलब्ध करा दी जाएं। फैसिलिटेशन सेंटर के सम्बन्ध में पूरी जानकारी दी जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### नामांकन के दौरान सोल्जर बोर्ड चौराहे से सर्किट हाउस तक नो व्हीकल जोन रहेगा: डीएम

जन एक्सप्रेस । हरदोई। स्वामी विवेकानंद सभागार में में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में नामांकन की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि बैरीकेटिंग की उचित व्यवस्था कर ली जाये और नामांकन के दौरान सोल्जर बोर्ड चौराहे से सर्किट हाउस तक नो वेहिकल जोन बनाया जाये। उन्होने कहा कि नामांकन के दौरान निर्धारित संख्या से अधिक लोगों का नामांकन कक्ष में प्रवेश नही होगा और कक्ष में सोफे आदि की उचित व्यवस्था की जायेगी एवं कंप्यूटर कलेक्ट्रेट परिसर में टेन्टेज आदि की उचित व्यवस्था की जायगी और परिसर को अच्छी तरह से सजाया जाये तथा भीड़ की स्थिति में चुनाव आयोग के निर्देशों का पूरी तरह से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। बिना अनुमति कोई जुलूस आदि न निकलने दिया जाये। एक जुलूस में 10 गाड़ियों से अधिक गाड़ियों को एक साथ न चलने दिया जाये। मीडिया व अन्य लोगों के लिए जीआईसी में पार्किंग की व्यवस्था की जाये। नामांकन स्थल पर मेडिकल टीम तैनात की जाये। संकेतक बनाये जाएं ताकि लोगों को असुविधा न हो। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### युवती के घर घुसकर पड़ोसी युवक पर छेड़छाड़ का आरोप,रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस । हरदोई। पाली। क्षेत्र के एक गावं में स्नान कर रही एक युवती से घर में घुसकर पड़ोस के ही एक युवक ने छेड़छाड़ शुरू कर दी। युवती के पिता के आने पर आरोपी युवक जानमाल की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है। पाली थाना क्षेत्र के एक गावं निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सोमवार की सुबह पत्नी को लेकर पड़ोस के गावं में मंदिर पर पूजा करने गया था। बेटा दुकान पर था। घर पर बेटी (20) अकेले थी। तभी पड़ोस का ही गौरव दीवार कूदकर घर में घुस गया और स्नान कर रही उसकी बेटी को पकड़कर उसके साथ जबर्दस्ती करने की कोशिश करने लगा। जब बेटी ने विरोध किया तो आरोपी युवक ने उसका गला दबा जान से मारने का प्रयास किया। युवती के पिता के आने की आहट पाकर आरोपी युवक भाग गया। प्रभारी निरीक्षक एके राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### वाहन चेकिंग के दौरान व्यवहार में शालीनता बनाये रखें--डीएम

जन एक्सप्रेस । हरदोई। रसखान प्रेक्षागृह में एसएसटी टीमों के प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने सभी टीमों से संवाद किया तथा निर्देश दिये कि वाहन चेकिंग के दौरान व्यवहार में शालीनता बनाये रखें और चेकिंग की वीडियो रिकार्डिंग कराई जाये और महिलाओं की चेकिंग महिला पुलिस कर्मियों द्वारा ही की जाये एवं 50 हजार से रूपए से अधिक धनराशि के लिए दस्तावेज भी देखें जाएं। उन्होने कहा कि सीमा से अधिक शराब व ज्वलनशील पदार्थ की चेकिंग की जाये और सूचना निर्धारित प्रारूप पर नियमित दी जाये और भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पूरी तरह से पालन किया जाये तथा 18 अप्रैल से 13 मई तक पूरी तरह से मुस्तैद रहें। वाहन में जीपीएस लगा होगा। किसी भी अनियमितता व लापरवाही के मामले में कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने कहा कि पुलिस अधिकारी समन्वय के साथ कार्य करें और चुनाव को शुचिता पूर्ण ढंग से संपन्न कराएं। रिलीवर आने पर ही स्थान को छोड़ें। जिलाधिकारी के सामने टीम के सदस्यों ने विभिन्न प्रश्न रखे जिनका समाधान जिलाधिकारी ने किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, वरिष्ठ कोषाधिकारी अनुराग द्विवेदी, एसडीएम विजय सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### हरदोई की इशिता गुप्ता ने 22 वर्ष की उम्र में यूपीएससी परीक्षा की उत्तीर्ण

जन एक्सप्रेस । हरदोई। नघेटा रोड स्थित निर्मला नर्सिंग होम के संचालक डॉ आरपी गुप्ता एवं डॉ अंजू गुप्ता की बेटी निशिता गुप्ता ने यूपीएससी में 154 वी रैंक हासिल कर जनपद व प्रदेश को गौरवान्वित किया है। हरदोई के सेंट ज़ेवियर्स से दसवीं व दिल्ली पब्लिक स्कूल वसंतकुंज से बारहवीं 96 फीसदी अंकों से उत्तीर्ण करने वाली इशिता ने दिल्ली के इंद्रप्रस्थ गर्ल्स कॉलेज से अर्थशास्त्र में स्नातक किया है। उन्होंने दूसरे प्रयास में यूपीएससी की परीक्षा में 154 वीं रैंक हासिल की है। इशिता गुप्ता को आईपीएस एलॉट होगा। उनकी इस शानदार उपलब्धि से परिजनों व जानने वालों में खुशी का माहौल है व उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।



## एसपी ने गैर जनपद चुनाव ड्यूटी पर जाने से पूर्व पुलिस बल को दिशा निर्देश देकर किया रवाना

जन एक्सप्रेस । हरदोई। पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त कर्मियों को डियूटी के दौरान अनुशासन, संयम व अच्छा आचरण, अपना-अपना पहचान पत्र साथ रखने व साफ-सुथरी वर्दी पहनने तथा किसी भी राजनैतिक दल प्रत्याशी पर किसी भी प्रकार की टिप्पणी न करने हेतु, समय से डियूटी पर पहुंचने व चुनाव प्रकिया समाप्त होने के उपरांत ही डियूटी स्थान छोडने हेतु निर्देशित किया गया। चुनाव डियूटी में लगे पुलिस बल को चुनाव के दौरान बातचीत में संयम बरतने व मृदु भाषा का प्रयोग करने तथा चुनाव में लगे पुलिस बल के समस्त टोली कमांडर को निर्देशित किया गया कि वे अपनी टोली को अपने नियन्त्राण में रखे और सभी की सूची भी अपने साथ रखने तथा महिलाओं से उचित व्यवहार करें, दिव्यांग व वृद्धजन का ध्यान रखनें के निर्देश दिए गए तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा चुनाव डयूटी में लगे पुलिस बल को रिजर्व पुलिस लाइन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी, क्षेत्राधिकारी बघौली सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारिगण मौजूद रहे।



## बरेली के शोहम टीबडेवाल ने किया कमाल

जन एक्सप्रेस। बरेली। संघ लोक सेवा आयोग ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा (यूपीएससी सीएसई) 2023 के लिए अंतिम परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया। बरेली के शोहम टीबडेवाल ने दूसरे प्रयास में सिविल परीक्षा उत्तीर्ण कर शहर का नाम रोशन किया है। उन्होंने 77वां स्थान हासिल किया है। उनका चयन आईएएस सेवा के लिए हुआ है। परीक्षा परिणाम आते ही उनके परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। शोहम फिलहाल दिल्ली में हैं। कई लोग उनके घर पर बधाई देने पहुंचे। सोशल मीडिया पर भी लोग उन्हें बधाई दे रहे हैं। शहर के राजेंद्र नगर निवासी शोहम टीबडेवाल के पिता अनुपम टीबेडवाल व्यवसायी हैं।

# शॉर्ट सर्किट से लगी आग

* घर में रखे 50 हजार की नगदी समेत लाखों का सामान जलकर हुआ खाक

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



शॉर्ट सर्किट से बंद घर में आग लग गई।आग की लपटें रोशनदान से बाहर निकलने लगी तब ग्रामीणों को जानकारी हुई। ग्रामीण जब घर पहुंचे कमरे में लगा ताला तोड़कर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया। तब तक कमरे में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया था। घटना निघासन कोतवाली क्षेत्र के झंडी गांव की है।आग लगने की सूचना घर के मालिक कन्हैया को दी गई वह भी भाग कर अपने घर पहुंचा तो ग्रामीण आग बुझाने में जुटे हुए थे। कन्हैया ने बताया कि आग उस समय लगी जब वह झंडी चौराहे स्थित अपनी दुकान पर पत्नी के साथ बैठा हुआ था। घर के कमरे में शॉर्ट सर्किट आग लग गई। जानकारी तब हुई कमरे के रोशन दान से आग की लपटे बाहर निकलने लगी। ग्रामीणों ने कमरे का ताला तोड़कर आग बुझाई, लेकिन तब कमरे में रखी हुई 50 हजार की नगदी सहित लाखों का सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने बुझाई आग पीड़ित ने बताया कि आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी गई थी, लेकिन जब तक दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची तब तक ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया था।

# संघर्ष कर बहराइच के टेंट कारोबारी के बेटे ने हासिल की 505वीं रैंक

जन एक्सप्रेस । बहराइच

यूपी के बाराबंकी जिले में एक छोटे से टेंट कारोबारी के बेटे ने यूपीएससी में 505वीं रैंक हासिल की है। स्थानीय विधायक ने घर पहुंचकर शुभकामनाएं दीं। कहते हैं कि अगर आपके मन में सच्ची लगन व मेहनत करने का जज्बा हो तो संसाधनों की कमी भी आपकी सफलता को नहीं रोक सकती है। कुछ ऐसा ही करके दिखाया है बहराइच जिले के विशेश्वरगंज के ईश्वरनाथ पुरवा निवासी प्रिंस बाबू मिश्रा ने। जिन्होंने पिता के छोटे से टेंट कारोबार की सीमित आय में अपनी मेहनत के बल पर देश की सबसे बड़ी परीक्षा यूपीएससी में 505वीं रैंक हासिल कर जिले का मान बढ़ाया है। रिजल्ट आने के बाद से उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा है।

विशेश्वरगंज विकासखंड के ग्राम पंचायत कंछर के मजरा ईश्वरनाथ पुरवा निवासी प्रिंस बाबू मिश्रा के पिता सुरेश चंद्र मिश्रा टेंट कारोबारी हैं। प्रिंस ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा परिषदीय व उच्च प्राथमिक विद्यालय नेवलापुर में की है। उसके बाद हाईस्कूल की पढ़ाई उन्होंने बस स्टॉप पर स्थित सुरभि विद्या मंदिर व इंटर की परीक्षा राम प्रकाश इंटर कॉलेज सुहेलवा पयागपुर से पास की। इसके बाद उन्होंने बाबू बनारसी दास इंस्टीट्यूट लखनऊ से बीटेक करने के बाद दिल्ली में रहकर सिविल सेवा की तैयारी शुरू की।

प्रिंस के पिता सुरेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि आर्थिक तंगी के चलते प्रिंस ने कोचिंग नहीं की और स्वयं व नोट्स के सहारे तैयारी की थी।

बीते वर्ष भी वह कुछ अंकों से यूपीएससी की परीक्षा में चयनित होते-होते रह गए। प्रिंस के यूपीएससी की परीक्षा पास करने की जानकारी होने पर विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी भी उनके घर पहुंचे और पिता सुरेश का माल्यार्पण कर शुभकामनाएं दीं।

# कारतूस तेरे मुंह में घुसेड़ दूं क्या मृतका के भाई से बोला दरोगा

जन एक्सप्रेस । शाहजहाँपुर

शाहजहांपुर के पुवायां क्षेत्र में दहेज हत्या के मामले में जांच करने वाले दरोगा ने मृतका के भाई से अभद्रता की। जब पीड़ित ने कारतूस का फोटो मांगा तो दरोगा ने कहा कि कारतूस तेरे मुंह में घुसेड़ दूं क्या। इस घटनाक्रम का वीडियो वायरल हुआ है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पुवायां थाने के एक दरोगा का वीडियो डालकर कार्रवाई की मांग की गई है। दहेज हत्या की जांच के दौरान मृतका के भाई से दरोगा ने कह दिया कि तुम्हारे मुंह में कारतूस घुसेड़ दें क्या। एक्स पर वीडियो डाले जाने के बाद एसपी ने मामले की जांच सीओ को सौंपी है। गांव डूंडा निवासी सुधीर की पत्नी लक्ष्मी देवी का शव 12 अप्रैल की रात घर के कमरे में कुंडे से लटका मिला था। जानकारी पाकर 13 अप्रैल को पहुंचे लक्ष्मी देवी के भाई जनपद पीलीभीत के गांव महुआ गुंदे निवासी रजनीश कुमार ने दहेज हत्या के आरोप में बहनोई सहित पांच लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। चर्चा है कि एक्स पर डाला गया वीडियो सुधीर के घर में बनाया हुआ है। जांच के दौरान सुधीर के घर एक डिब्बे में कारतूस बरामद हुए थे। वीडियो में दिख रहा है कि रजनीश ने पुलिस से कारतूसों का फोटो मांगा तो दरोगा ने मना कर दिया। इसके बाद बात बढ़ने पर दरोगा ने रजनीश से कहा कि कारतूस तुम्हारे मुंह में घुसेड़ दूं क्या। इस दौरान किसी ने वीडियो बनाकर एक्स पर डालकर दरोगा पर कार्रवाई की मांग कर दी। एसपी ने सीओ से जांच कर रिपोर्ट देने को कहा है। सीओ पुवायां पंकज पंत ने कहा कि एक्स पर वीडियो डाले जाने के मामले में पुलिस अधीक्षक ने जांच मुझे सौंपी है। दरोगा हाईकोर्ट गया है। वापस आने पर बयान दर्ज कर जांच की जाएगी।


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2024 की संख्या में वृद्धि

पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेल सेवाओं के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन रेल सेवाएं भी निम्नानुसार संचालित की जायेंगी :-

**01137/01138 छत्रपति शिवाजी महाराज ट. – बनारस – छत्रपति शिवाजी महाराज ट. स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 10 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 01137 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01138 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज ट. | 04:10 | -- |
| 20:00 | -- | बनारस | -- | 23:00 |

चलने की तिथि : 01137 छत्रपति शिवाजी महाराज ट. से दिनांक 21.04.2024 से 19.05.2024 (रविवार) तक एवं 01138 बनारस से दिनांक 22.04.2024 से 20.05.2024 (सोमवार) तक।
स्थान: 3 टियर वाता. एवं शयनयान।
ठहराव: दादर सेंट्रल, कल्याण जं., नासिक रोड, भुसावल जं., इटारसी जं., जबलपुर जं., सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी एवं वाराणसी जं. स्टेशन।

**01169/01170 छत्रपति शिवाजी महाराज ट. – गोरखपुर जं. – छत्रपति शिवाजी महाराज ट. स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 12 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 01169 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01170 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 00:20 | छत्रपति शिवाजी महाराज ट. | 23:45 | -- |
| 02:35 | 02:40 | लखनऊ जं. | 16:50 | 16:55 |
| 08:20 | -- | गोरखपुर जं. | -- | 11:20 |

चलने की तिथि : 01169 छत्रपति शिवाजी महाराज ट. से दिनांक 19.04.2024 से 24.05.2024 (शुक्रवार) तक एवं 01170 गोरखपुर जं. से दिनांक 20.04.2024 से 25.05.2024 (शनिवार) तक।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: दादर सेंट्रल, कल्याण जं., नासिक रोड, भुसावल जं., इटारसी जं., भोपाल जं, बीना जं., विरांगना लक्ष्मीबाई, उरई, कानपुर सेंट्रल जं., लखनऊ जं., गोंडा जं. एवं बस्ती स्टेशन।

**01141/01142 छत्रपति शिवाजी महाराज ट. – बनारस – छत्रपति शिवाजी महाराज ट. स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 10 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 01141 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01142 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज ट. | 04:45 | -- |
| 20:00 | -- | बनारस | -- | 23:00 |

चलने की तिथि : 01141 छत्रपति शिवाजी महाराज ट. से (प्रत्येक सोमवार) दिनांक 22.04.2024 से 13.05.2024 तक एवं 01142 बनारस से (प्रत्येक मंगलवार) दिनांक 23.04.2024 से 14.05.2024 तक।
स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: दादर सेंट्रल, कल्याण जं., नासिक रोड, भुसावल जं., इटारसी जं., जबलपुर जं., सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी एवं वाराणसी जं. स्टेशन।

**01143/01144 छत्रपति शिवाजी महाराज ट. – गोरखपुर जं. – छत्रपति शिवाजी महाराज ट. स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 10 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 01143 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01144 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज ट. | 13:30 | -- |
| 16:30 | 16:40 | लखनऊ जं. | 08:55 | 09:00 |
| 23:30 | -- | गोरखपुर जं. | -- | 03:30 |

चलने की तिथि : 01143 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से दिनांक 18.04.2024 से 16.05.2024 (गुरूवार) तक एवं 01144 गोरखपुर जं. से दिनांक 20.04.2024 से 18.05.2024 (शनिवार) तक।
स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: दादर सेंट्रल, कल्याण जं., नासिक रोड, भुसावल जं., इटारसी जं., भोपाल जं, बीना जं., विरांगना लक्ष्मीबाई, उरई, कानपुर सेंट्रल जं., लखनऊ जं., गोंडा जं. एवं बस्ती स्टेशन।

**01152 गोरखपुर जं. – पुणे जं. स्पेशल रेलगाड़ी — 01 फेरा**

| स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01152 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| गोरखपुर जं. | -- | 18:20 |
| लखनऊ जं. | 23:50 | 23:55 |
| पुणे जं. | 06:40 | -- |

चलने की तिथि : 01152 गोरखपुर जं. से दिनांक 17.04.2024 (बुधवार) को।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं अनारक्षित श्रेणी।
ठहराव: बस्ती, गोंडा जं., लखनऊ जं., कानपुर सेंट्रल जं., उरई, विरांगना लक्ष्मीबाई, बीना जं., भोपाल जं., इटारसी जं., खंडवा जं., भुसावल जं., मनमाड जं. कोपरगांव, अहमदनगर, दौंड कॉर्ड लाइन एवं हडपसर स्टेशन।

**01419/01420 पुणे जं. – गोरखपुर जं. – पुणे जं. स्पेशल रेलगाड़ी — 6 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 01419 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01420 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 06:30 | पुणे जं. | 06:40 | -- |
| 09:35 | 09:40 | लखनऊ जं. | 23:50 | 23:55 |
| 14:50 | -- | गोरखपुर जं. | -- | 18:20 |

चलने की तिथि : 01419 पुणे जं. से दिनांक 20.04, 24.04 एवं 28.04.2024 को एवं 01420 गोरखपुर जं. से दिनांक 21.04, 25.04 एवं 29.04.2024 को।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: हडपसर, दौंड जं., अहमदनगर, कोपरगांव, मनमाड जं., भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., विरांगना लक्ष्मीबाई, उरई, कानपुर सेंट्रल जं., लखनऊ जं., गोंडा जं., एवं बस्ती स्टेशन।

**04123/04124 प्रयागराज जं. – मानिकपुर जं. – हज़रत निज़ामुद्दीन ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन) — 38 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04123 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04124 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 14:30 | प्रयागराज जं. | 09:00 | -- |
| 11:10 | -- | हज़रत निज़ामुद्दीन | -- | 15:50 |

चलने की तिथि : 04123 प्रयागराज जं. से प्रत्येक रविवार एवं बुधवार दिनांक 28.04.2024 से 30.06.2024 तक एवं 04124 हज़रत निज़ामुद्दीन से प्रत्येक सोमवार एवं गुरूवार दिनांक 29.04.2024 से 01.07.2024 तक।
स्थान: 3 टियर वाता. एवं सामान्य।
ठहराव: शंकरगढ़, डमौरा, मानिकपुर जं., चित्रकूट धाम कर्वी, अतरी, बाँदा, महोबा जं., कुलपहाड़, हरपालपुर, मऊरानीपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई, ग्वालियर जं., धौलपुर जं., आगरा कैंट एवं मथुरा जं. स्टेशन।

**09016 भागलपुर जं. – वलसाड (वाया गोरखपुर जं.) अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 01 फेरा**

| स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 09016 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| वलसाड | 02:30 | -- |
| लखनऊ जं. | 00:30 | 00:40 |
| भागलपुर जं. | -- | 05:00 |

चलने की तिथि : 09016 भागलपुर जं. से दिनांक 19.04.2024 (शुक्रवार) को।
स्थान: सामान्य।
ठहराव: सुल्तानगंज, मुंगेर, बेगूसराय, बरौनी, समस्तीपुर, मुज़फ़्फ़रपुर जं., चकिया, बापूधाम मोतिहारी, सगौली जं., बेतिया, नरकटियागंज जं., गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा, बाराबंकी, लखनऊ, कानपुर, फ़र्रूखाबाद जं., मेनपुरी जं., शिकोहाबाद जं., टुंडला, आगरा फोर्ट, भरतपुर, गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर जं., कोटा जं., नागदा जं., रतलाम जं., दाहोद, गोधरा जं, बडोदरा जं., भरुच जं., अंकलेश्वर जं., सायन, सूरत एवं उधना जं. स्टेशन।

**09403/09404 अहमदाबाद जं. – गोरखपुर जं. – अहमदाबाद जं. स्पेशल रेलगाड़ी — 2 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 09403 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 09404 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 09:00 | अहमदाबाद जं. | 20:40 | -- |
| 08:10 | 08:20 | लखनऊ जं. | 22:20 | 22:30 |
| 14:00 | -- | गोरखपुर जं. | -- | 17:00 |

चलने की तिथि : 09403 अहमदाबाद जं. से दिनांक 17.04.2024 (बुधवार) को एवं 09404 गोरखपुर जं. से दिनांक 18.04.2024 (गुरूवार) को।
स्थान: सामान्य।
ठहराव: आनंद जं., छायापुरी, रतलाम जं., कोटा जं., सवाई माधोपुर जं., गंगापुर सिटी, बयाना जं., भरतपुर जं., अछनेरा जं., आगरा फोर्ट, टूंडला जं., इटावा, कानपुर सेंट्रल जं., लखनऊ जं., बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती एवं खलीलाबाद स्टेशन।

**01084 गोरखपुर जं. – लोकमान्य तिलक टर्मिनस अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी — 01 फेरा**

| स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01084 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| गोरखपुर जं. | 00:25 | -- |
| लखनऊ जं. | 19:45 | 19:55 |
| लोकमान्य तिलक टर्मिनस | -- | 15:30 |

चलने की तिथि : 01084 गोरखपुर जं. से दिनांक 18.04.2024 (गुरूवार) को।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: बस्ती, गोंडा, बाराबंकी जं., लखनऊ जं., कानपुर सेंट्रल जं., उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई, बीना जं., भोपाल जं., इटारसी जं., खंडवा जं., भुसावल जं., जलगांव जं., मनमाड़ जं., नाशिक रोड, ईगतपुरी, कल्याण जं. एवं ठाणे स्टेशन।

**09617/09618 रेवाड़ी जं. – रोहतक जं. – रेवाड़ी जं. अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी (प्रतिदिन) — 28 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 09617 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 09618 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 23:55 | रेवाड़ी जं. | 04:15 | -- |
| 01:30 | -- | रोहतक जं. | -- | 02:35 |

चलने की तिथि : 09617 रेवाड़ी जं. से दिनांक 17.04.2024 से 30.04.2024 तक एवं 09618 रोहतक जं. से दिनांक 18.04.2024 से 01.05.2024 तक।
स्थान: सामान्य।
ठहराव: गोकलगढ़, पाल्हावास, माछरौली, झज्जर, डीघल एवं अस्थल बोहर स्टेशन।

**04137/04138 ग्वालियर जं. – बरौनी जं. – ग्वालियर जं. ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेलगाड़ी (सप्ताह में 2 दिन) — 42 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04137 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04138 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 07:10 | ग्वालियर जं. | 10:20 | -- |
| 17:25 | 17:35 | लखनऊ जं. | 01:00 | 01:10 |
| 08:00 | -- | बरौनी जं. | -- | 09:30 |

चलने की तिथि : 04137 ग्वालियर जं. से दिनांक 21.04.2024 से 30.06.2024 (प्रत्येक रविवार एवं बुधवार) तक एवं 04138 बरौनी जं. से दिनांक 22.04.2024 से 01.07.2024 (प्रत्येक सोमवार एवं गुरूवार) तक।
स्थान: वाता. कुर्सीयान एवं सामान्य।
ठहराव: डबरा, दतिया, वीरांगना लक्ष्मीबाई, मोठ, एट जं., उरई, कालपी, पुखरायाँ, भीमसेन जं., कानपुर सेन्ट्रल जं., उन्नाव जं., लखनऊ जं., बाराबंकी जं., बुढ़वल जं., करनैल गंज, गोंडा जं., मनकापुर जं., बस्ती जं., गोरखपुर जं., देवरिया सदर, भटनी जं., सीवान जं., छपरा जं., हाजीपुर जं., एवं शाहपुर पटोरी स्टेशन।

**04815/04816 जोधपुर जं. – मऊ जं. – जोधपुर जं. एक्सप्रेस स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 22 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04815 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04816 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 17:30 | जोधपुर जं. | 08:55 | -- |
| 13:30 | 13:40 | लखनऊ जं. | 12:10 | 12:20 |
| 23:20 | -- | मऊ जं. | -- | 04:00 |

चलने की तिथि : 04815 जोधपुर जं. से दिनांक 21.04.2024 से 30.06.2024 (रविवार) तक एवं 04816 मऊ जं. से दिनांक 23.04.2024 से 02.07.2024 (मंगलवार) तक।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: पीपाड़ रोड जं., गोटन, मेड़ता रोड जं., रेन, डेगाना जं., मकराना जं., कूचामन सिटी, नावा सिटी, फुलेरा जं., जयपुर जं., गांधी नगर जयपुर,बाँदीकुई जं., भरतपुर जं., मथुरा जं., हाथरस सिटी, कासगंज जं., फ़र्रूखाबाद जं., कन्नौज, कानपुर अनवरगंज, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ जं., अयोध्या धाम जं., शाहगंज जं., खोरासन रोड, आज़मगढ़ एवं मुहम्मदाबाद स्टेशन।

**रेलयात्रियों से अनुरोध है कि रेलगाड़ी संख्या 01079/01080 छत्रपति शिवाजी महाराज ट. – मऊ जं. – छत्रपति शिवाजी महाराज ट. (साप्ताहिक) विशेष रेलगाड़ी छत्रपति शिवाजी महाराज ट. से दिनांक 17.04.24, 24.04.24, 08.05.24 एवं 15.05.2024 को (4 फेरे) एवं मऊ से दिनांक 19.04.24, 26.04.24, 10.05.24 एवं 17.05.24 को (4 फेरे) चलने के दिनों में वृद्धि के साथ चलाई जाएंगी।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
पर हमें फॉलो करें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## फास्ट फॉरवर्ड

### टुल्लू पंप चुराते पकड़ा, केस

जन एक्सप्रेस/भटनी। क्षेत्र के बनरही गांव में दरवाजे से टुल्लू पंप चुराते युवक को लोगों ने पकड़ लिया। आरोपी की पिटाई करने के बाद लोगों ने उसे पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने सोमवार को युवक के विरुद्ध चोरी का केस दर्ज कर जेल भेज दिया।

### भटनी के उज्ज्वल इंडिया की रग्बी टीम का हिस्सा बने

जन एक्सप्रेस/भटनी। मोनाको देश में होने वाली रग्बी प्रतियोगिता में इंडिया की टीम हिस्सा लेने जा रही है। इंडिया की इस टीम में भटनी के बनकटा तिवारी गांव निवासी उज्ज्वल शाह भी चुने गए हैं।वह कोलकाता में अपने पिता के साथ रहकर पढ़ाई करते हैं। इसके अलावा फ्यूचर होप क्लब की ओर से रग्बी भी खेलते हैं। प्रतियोगिता 18, 19 व 20 अप्रैल को खेली जाएगी। इसमें 24 टीमें प्रतिभाग करेंगी। टीम मोनाको के लिए रविवार को रवाना हुई। इसकी जानकारी होने पर भटनी के बनकटा तिवारी गांव में खुशी का माहौल है। ग्रामीण उज्ज्वल की इस कामयाबी पर गौरवान्वित हैं। भटनी के बनकटा तिवारी गांव निवासी संजय कुमार गुप्त कोलकाता में व्यवसाय करते हैं। वह अपनी पत्नी व बेटे उज्ज्वल के साथ वहीं रहते हैं।

### मारपीट के मामले में छह लोगों पर केस

जन एक्सप्रेस/महाराजगंज। धानी बाजार। बृजमनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा कानापार के धानी बाजार में दो पक्षों में रुपये के लेनदेन को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के छह लोगों पर केस दर्ज किया है। ग्राम सभा कानापार निवासी बब्बन सिंह रविवार को उसी ग्राम सभा निवासी प्रेमसागर के पास बकाया रुपये मांगने गए थे। आरोप है कि प्रेमसागर अपने दो भाईयों रामनरायन और श्यामसुंदर को लेकर बब्बन के घर पहुंचकर गाली-गलौज करते पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची धानी पुलिस स्थिति नहीं संभाल पाई तो और फोर्स को बुलाया गया। दोनों पक्षों को थाने ले गई। पुलिस ने बब्बन सिंह की तहरीर पर प्रेमसागर, श्यामसुंदर व रामनारायण के विरुद्ध केस दर्ज किया। वहीं दूसरे पक्ष प्रेमसागर की तहरीर पर बब्बन सिंह व दो अन्य के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। थानाध्यक्ष बृजमनगंज श्यामसुंदर तिवारी के अनुसार, दोनों पक्षों की तहरीर पर छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है।

### भूसा बनाने वाली मशीन से लगी आग, फसल राख

जन एक्सप्रेस/महराजगंज। डीएम ने जिले में 20 अप्रैल तक भूसा बनाने वाली मशीन पर रोक लगा रखी है। इसके बाद भी आदेश की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।नियम का पालन न करने वालों पर जिम्मेदार कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। इसका परिणाम किसानों को भुगतना पड़ रहा है। सोमवार को पनियरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत रानीपुर व लक्ष्मीपुर में भूसा बनाते समय आग लग गई। इससे 12 एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। फायर बिग्रेड की दो गाड़ियां व ग्रामीणों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।`ग्रामीणों ने बताया कि रानीपुर के पड़रहवा टोले के सीवान में मशीन से भूसा बनाया जा रहा था। तभी आग लग गई। आग से 12 एकड़ से अधिक गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। गनीमत रहा कि और लोगों के खेत कट चुके हैं, नहीं तो और नुकसान होता। आग से राधेश्याम, गंगासागर, बेचन, साधू, परशुराम, धनश्याम, कालीचरण, भगवान दास, रविलाल, अनिल, राजकुमार, राजकिशोर, किताबू, शम्भू, बुद्धि सागर की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

# 66-देवरिया संसदीय क्षेत्र: 10 वर्ष बाद भाजपा को मिला स्थानीय प्रत्याशी

**बीते 30 मार्च को जन एक्सप्रेस ने 'संसदीय क्षेत्र 66 से लोकल को उतारने की हो रही मांग' प्रमुखता से लिखा था**

जन एक्सप्रेस FOLLOW-UP

* शशांक मणि त्रिपाठी के उम्मीदवार होंने से पार्टी कार्यकर्ताओं में है उत्साह
* हिंदी दैनिक समाचार पत्र जन एक्सप्रेस की खबर का असर
* देवरिया लोकसभा की जनता में जगी क्षेत्र के विकास की आस

जन एक्सप्रेस | गिरीश चंद्र पाण्डेय

कुशीनगर। देवरिया संसदीय क्षेत्र सीट 66 के भाजपा कार्यकर्ताओं के लोकल उम्मीदवार के टिकट की मांग को लेकर चल रहे उहापोह पर आखिर कार विराम लग गया। भाजपा ने मंगलवार को देवरिया लोकसभा से लोकल के शशांक मणि त्रिपाठी को टिकट देकर तरह-तरह की हो रही चर्चाओं पर आखिर कार विराम लगा ही दिया है।

स्थानीय देवरिया की सीट पर भाजपा से पूर्व सांसद रहे लेफ्टिनेंट जनरल श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी के पुत्र हैं शशांक मणि त्रिपाठी भाजपा ने इन्हें टिकट देकर पार्टी कार्यकर्ताओं व आम जनमानस के विचारों का सम्मान किया है। बीते एक दशक से देवरिया संसदीय सीट से स्थानीय उम्मीदवार को पार्टी से टिकट न दिए जाने से यह सीट स्थानीय कार्यकर्ताओं के लिए राम के चौदह वर्ष वनवास होने के समान रहा है। इस बार भाजपा हाईकमान ने स्थानीय कार्यकर्ता को टिकट देकर पार्टी के कार्यकर्ताओं के मन में चल रहे राम वनवास जैसी मिथक को तोड़ दिया है। स्थानीय उम्मीदवार होंने से देवरिया लोकसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ही साथ युवा राजनीति को भी इस निर्णय से राजनीतिक के क्षेत्र में काफी बल मिला है।

राजनीति के जानकारों का मानना है कि एक दशक से देवरिया का विकास सुस्त पड़ गया था स्थानीय नेताओं के बीच से सांसद न चूने जाने की वजह से लोकसभा देवरिया के अन्दर बहुत सी महत्वपूर्ण परियोजनाएं बाहरी माननीयों के चुने जाने के बाद धरी की धरी रह गई थी। जैसे विधानसभा सभा फाजिलनगर के फोरलेन पर फाजिल नगर, पटहेरिया में ओवरब्रिज का निर्माण तथा तमकुही राज विधानसभा में भी ओवरब्रिज के निर्माण के साथ साथ ही जनता से जुड़े कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं लोगों के लिए दिया स्वप्न साबित हो रहा था।आम लोगों की समस्याओं से इस सीट पर चूने गये माननीयों को कुछ लेना देना नहीं था वह केवल भाजपा के चुनिंदा लोगों तक ही चुने गये सांसद सिमट कर रह गये थे।

हिंदी दैनिक समाचार पत्र जन एक्सप्रेस ने विते 30 मार्च को **संसदीय क्षेत्र 66 में लोकल को उतारने की हो रही मांग** नामक शीर्षक से खबर प्रकाशित कर लोकल स्तर पर लोकसभा देवरिया से टिकट की मांग कर रहे उम्मीदवारों को इस लोकप्रिय समाचार पत्र की खबर ने उनके दृढ़ इच्छाशक्ति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है। अखबार की खबर ने पाठकों में अपनी विश्वसनीयता कायम किया है।


संसदीय क्षेत्र 66 में लोकल को उतारने की हो रही है मांग

देवरिया संसदीय क्षेत्र से भाजपा द्वारा घोषित उम्मीदवार शशांक मणि त्रिपाठी का राजनीतिक पृष्ठभूमि कोई नया नहीं है।

श्री त्रिपाठी को राजनैतिक विरासत परिवार में जनसंघ व भाजपा से मिली हुई है। पूर्व में देवरिया लोकसभा के विधानसभा गौरी बाजार से इनके चाचा स्व. श्रीनिवासन मणि त्रिपाठी श्रीबाबू अनेक बार विधायक रहे हैं। विधानसभा के परिसिमन के बाद गौरी बाजार विधानसभा की जगह इसका विलय कारखाना रामपुर विधानसभा में हो गया है। भाजपा के घोषित उम्मीदवार शशांक मणि त्रिपाठी के पिता लेफ्टिनेंट जनरल श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी ने देवरिया से पहली बार भाजपा के टिकट पर चुनाव जीत कर 1996 में कमल का फूल का खिलाया था।

1996 से 1998 तक जनरल त्रिपाठी देवरिया से भाजपा के सांसद रहे।फिर से दूसरी बार 12 वीं लोकसभा मे जनरल त्रिपाठी बहुत कम अन्तर से चुनाव हार गए थे। वहीं 13 वीं लोकसभा में जनरल त्रिपाठी पुनः भाजपा से चुनाव जीत कर देवरिया निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किये है।

## शशांक मणि त्रिपाठी का संक्षिप्त जीवन परिचय

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर

देवरिया से भाजपा के घोषित प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी का संक्षिप्त जीवन परिचय। श्री त्रिपाठी का जन्म 25 जुलाई 1969 में देवरिया जनपद के एक छोटे से गांव बरपार में हुआ। इनकी शैक्षिक यात्रा काल्विन तालुकदार कालेज लखनऊ से शुरू हुआ। श्री त्रिपाठी अपनी प्रतिभा के बल पर। प्रतिष्ठित संस्थान आईआईटी दिल्ली में दाखिला लिया वहीं से इनकी प्रतिभा ने परिणाम स्वरूप वैश्विक तेल दिग्गज लक्जमबर्ग में एक प्रतिष्ठित स्थान



प्राप्त किया।देश हित व समाज हित में श्री त्रिपाठी का परिवार की भूमिका अहम रही है। इनके दादाजी स्व.सूरत नारायण मणि त्रिपाठी ने गोरखपुर में जिला मजिस्ट्रेट के रूप में सेवा देने के साथ साथ पं. दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष के रूप में विश्वविद्यालय को स्थापित कराया। श्री शंशाक मणि त्रिपाठी के पिता लेफ्टिनेंट जनरल श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी ने 40 वर्षों तक भारतीय सेना में विशिष्ठ सेवा प्रदान किए तथा अपने सेवा के दौरान 1971 में भारत पाक युद्ध के दौरान आज के बंगलादेश व तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान में बहादुरी से लड़े। श्री त्रिपाठी की दो बेटियां हैं। समाज में लड़के लड़कियों मे कोई भेद भाव नहीं करते हैं। इन्होंने देश की प्रथम महिला आईपीएस किरण बेदी की उपस्थित में अपनी दोनों बेटियों का उपनयन संस्कार का आयोजन कर समाज में एक संदेश दिया।

## भाजपा ने युवा चेहरे शशांक मणि त्रिपाठी पर भरोसा जताया

जन एक्सप्रेस | देवरिया

भाजपा ने देवरिया लोकसभा सीट से मंगलवार को अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया। पार्टी ने डॉ. रमापति राम त्रिपाठी का टिकट काटते हुए शशांक मणि त्रिपाठी पर दांव लगाया है। मूलतः देवरिया जिले के बैतालपुर क्षेत्र के बरपार के रहने वाले 54 वर्षीय शशांक मणि त्रिपाठी पूर्व सांसद श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी के बेटे हैं। रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी देवरिया से 1996 और 1999 में भाजपा के सांसद रहे। सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी भाजपा के टिकट पर सांसद चुने गए थे। उन्हें देवरिया से भाजपा का पहला सांसद होने का गौरव मिला था।आईआईटी दिल्ली से बीटेक और आईएमडी लुसान से एमबीए की पढ़ाई पूरी करने के बाद शशांक मणि ने अपने पिता श्रीप्रकाश मणि और दादा सूरत नरायण मणि की विरासत को संभालते हुए सार्वजनिक जीवन में कदम रखा। उनके दादा सूरत नरायण मणि एक लोकप्रिय आईएएस अधिकारी रहे। इनके दादा सुरति नारायण मणि त्रिपाठी कई जिलों के डीएम रहे। उसके बाद संपूर्णानंद संस्कृत विवि में कुलपति बने थे। उसके बाद स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से दो बार एमएलसी भी थे। इनके चाचा श्रीविलास मणि त्रिपाठी सेवानिवृत्त डीजीपी हैं।वर्ष 2008 में शशांक मणि ने जागृति यात्रा की शुरूआत की। आगे चलकर अपने गांव बरपार में जागृति उद्यम केंद्र पूर्वांचल की नींव रखी। उन्होंने बैतालपुर में कॉल सेंटर की स्थापना की। उनकी संस्था जागृति देवरिया, कुशीनगर, गोरखपुर, महाराजगंज समेत पूर्वांचल के कई जिलों में उद्यम को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है। इनकी तीन पुस्तकें भी मिडिल ऑफ डॉयमंड इंडिया, भारत एक स्वार्णिम यात्रा व इंडिया प्रकाशित हो चुकी हैं। शशांक वर्ष 2004 से भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हुए थे।

## एक सड़क का हुआ दो बार भुगतान

जन एक्सप्रेस | तरकुलवा

विकास खंड के ग्राम नरायनपुर की सीमा पर स्थित एक वित्तीय वर्ष में एक ही सड़क का दो-दो बार भुगतान कराने का मामला प्रकाश में आया है। एक गांव के प्रधान ने मिट्टी का कार्य करा दो लाख का भुगतान कराया तो दूसरे ने उसी का नाम बदलकर दो लाख रुपये का भुगतान करा लिया।विकास खंड के नरायनपुर पुर गांव की सीमा के भीतर मेन सड़क से सेमरी रजवाहा तक सड़क पर नरायनपुर के ग्राम प्रधान द्वारा मनरेगा योजना के अन्तर्गत मिट्टी का कार्य कराया गया है। इसके निर्माण के लिए उनके द्वारा दो लाख रुपये का भुगतान कराया गया है।उधर, इसी सड़क पर नाम बदलकर हंसराज गोंड के खेत से सेमरी रजवाहा तक मिट्टी का कार्य दिखाकर नरहरपट्टी के ग्राम प्रधान द्वारा 1 जून 2023 को पुनः 1,95,040 का भुगतान करा लिया गया है।हद तो यह है कि ग्राम प्रधान द्वारा बिना किसी एनओसी के दूसरे गांव में स्थित सड़क पर भुगतान करा लिया गया है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं था।

## कांग्रेसी नेता पुत्र ने थामा भाजपा का दामन

जन एक्सप्रेस | गोला गोरखपुर



बड़हलगंज विकास खंड के खड़ेसरी निवासी रामानुज तिवारी अपने समर्थको संग मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गये। क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय में उन्हें सदस्यता ग्रहण कराई। भाजपा में शामिल होने वाले रामानुज तिवारी गोरखपुर विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ट कांग्रेसी नेता अरूण कुमार तिवारी के पुत्र है। रामानुज तिवारी के भाजपा में शामिल होने पर बड़हलगंज ब्लाक प्रमुख रामआशीष राय, मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह, महिला मोर्चा की अध्यक्ष सत्या शाही, भाजपा नेता अष्टभुजा सिंह, प्रेमप्रकाश सिंह, विशाल सिंह, राजन सिंह, राणा सिंह आदि भाजपा नेताओ व कार्यकर्ताओ ने बधाई दी।

## रंगोली-पोस्टर व प्रश्नोत्तरी द्वारा छात्रों ने मतदाताओं को किया प्रेरित

जन एक्सप्रेस | आनन्दनगर-महराजगंज

लोकसभा चुनाव में प्रत्येक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें और चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित किया जा सके इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी महराजगंज एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी के निर्देशन में मंगलवार को क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय भगवत नगर परसिया में मतदाता जागरुकता कार्यक्रमों को आयोजन हुआ।

जिला स्वीप टीम के निर्देशन में आमजन में मतदान को लेकर जागरूकता उत्पन्न करने के लिए कहीं रंगोली, वाद-विवाद, शपथ, प्रश्नोत्तरी तो कहीं रैलियों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर कम्पोजिट विद्यालय भगवत नगर परसिया में **"लोकतंत्र/प्रजातंत्र पर आधारित मतदाता जागरूकता"** एवं **वोट मेरा अधिकार** विषय पर विद्यालय स्तरीय रंगोली एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे विद्यालय के छात्र, छात्राओं ने भाग लेकर अपने प्रतिभा का परिचय दिया। प्रधानाध्यापक अरविन्द कुमार गौड़ ने




कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए उनके अभिभावकों को अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही मतदाताओं को जागरूक रहने और एक जून को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपना योगदान देने और अपने गांव, अपने शहर तथा अपने आसपास के मतदाताओं को मतदान करने हेतु मतदान केन्द्र तक लाने के लिए प्रेरित किया, ताकि कोई भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने में वंचित न रह जाए।

उन्होंने कहा कि हर भारतीय को मतदान करने के अधिकार पर गर्व होना चाहिए, मतदान भविष्य का विधाता होता है। युवा मतदाताओं को, युवा पीढ़ियों को मतदान के लिए जागरूक रहना चाहिए। मतदान से अपने योग्य उम्मीदवार को चयनित करें। उन्होंने कहा कि एक जिम्मेदार मतदाता ही सभी में जागरूकता ला सकता है। हमें वोट डालने का अधिकार है इसका हमें उपयोग करना चाहिए। मतदान के प्रतिशत को बढ़ाना भी हमारी एक बड़ी जिम्मेदारी है जिससे लोकतंत्र को और मजबूत बनाया जा सके। विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका तसनीम कौसर ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यपालिका, विधायिका, न्याय पालिका, पत्रकारिता चारों स्तंभ हमारे लोकतंत्र को मजबूती प्रदान किए हुए खड़े हुए हैं और सही मतदान के द्वारा हम लोकतंत्र को सुदृढ़ कर सकते है।

हमें गर्व है हमारे लोकतंत्र पर हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमारे संविधान निर्माता पर हमे गर्व है।रंगोली प्रतियोगिता में अनामिका प्रथम, अर्चना द्वितीय एवं रागिनी तृतीय तथा पोस्टर मेकिंग में इंदू प्रथम, चांदनी द्वितीय एवं संजनी तृतीय स्थान प्राप्त किया जिसे प्रधानाध्यापक द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

## नौशीन ने यूपीएससी की परीक्षा में टाप टेन में बनाई जगह, क्षेत्र का रोशन किया नाम

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर

जिले के तमकुहराज विकास खंड के गांव पिपराकनक के टोला मठिया निवासी ई. अब्दुल कय्यूम की बेटी नौशीन ने यूपीएससी में प्रथम प्रयास में नौंवी रैंक प्राप्त कर क्षेत्र व जिले का नाम रोशन किया है। नौशीन के परिजन व ग्रामीण गांव में एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर बधाइयां दे रहे है। पिपराकनक गांव का टोला मठिया निवासी अब्दुल कय्यूम व जेबा ख़ातून के एक पुत्र व दो पुत्री में छोटी



नौशीन ने प्रथम प्रयास में ही यूपीएससी की परीक्षा में नौंवी रैंक प्राप्त कर अपनी मेधा की परचम लहराया है।वह हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा प्रथम श्रेणी रैपस पब्लिक स्कूल गोरखपुर से उत्तीर्ण की।जबकि दिल्ली यूनिवर्सिटी से हिस्ट्री में आनर्स करने के बाद जामिया कालेज दिल्ली से यूपीएससी की तैयार कर रही थी।प्रथम प्रयास में ही वह यूपीएससी की अंतिम परीक्षा के परिणाम में देश स्तर पर नौंवी रैंक प्राप्त कर अपनी मेधा का लोहा मनवाई है।नौशीन के इस उपलब्धि पर गांव व घर लोग उत्साह के साथ एक दूसरे को मिठाईयां खिला कर खुशी मना रहे है।आकाशवाणी गोरखुपर में कार्यरत अब्दुल कय्यूम ने फोन पर खुशी का इजहार करते हुए कहा है कि परिवार व क्षेत्र के लिये बड़ी उपलब्धि है। वर्तमान में नौशीन का पूरा परिवार फिलहाल गोरखपुर में ही रहता है।

## राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय कलाकारों ने लोक संस्कृति की परम्परा को किया जीवन्त

**लोकरंग 14-15 का शानदार हुआ समापन, 17 वें लोकरंग में सूरीनाम व नीदरलैंड के कलाकारों ने दी प्रस्तुति**

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर

जिले के फाजिलनगर स्थित जोगिया जनेबी पट्टी गांव में आयोजित दो दिवसीय 17वें लोकरंग महोत्सव में देशी विदेशी लोककला की संस्कृति का विविध भाषा व अनेकों रंगो में देखने को मिले। विते रात सोमवार को लोकरंग के सांस्कृतिक मंच पर सूरीनाम व नीदरलैंड से आए भोजपुरी गायक राजमोहन, रैपर रग्गा मेन्रो, सोंदर व किशन हीरा तथा वरुण नंदा के साथ किन्नर समाज की रुबी नायक, वैशाली, जमुनी व माला नायक ने नृत्य करते हुए सोहर गाया तो पुरातन लोक संस्कृति जीवंत हो उठी। लोग भावविभोर हो उठे।

पूर्वोत्तर भारत के सिक्किम व असम की मंडली ने नालबारी, भोरताल, कोडा डांस, मारूनी नृत्य का लोगों ने लुत्फ उठाया। दोनों प्रस्तुतियों ने भारतीय लोक संस्कृति की समृद्ध विरासत की अनुभूति कराई।

सिवान जीरादेई बिहार की परिवर्तन रंग मंडली ने **दगा हो गए बालम** नाटक का सफल मंचन किया। नाटक के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार किया। इसका निर्देशन आशुतोष मिश्रा ने किया था। विष्णु कुमार मांझी, आकाश कुमार, रोजादीन आलम, डोमा राम, साहिल कुमार, पीयूष सिंह, संजना कुमारी, दिव्या कुमारी, अंशू आदि ने अपनी शानदार भूमिकाएं निभाईं।

कार्यक्रम के अंत में लोकरंग सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष सुभाष चंद्र कुशवाहा ने आयोजन के 17 वर्ष की विकास यात्रा को बताते हुए कहा कि क्षेत्रीय लोगों का सहयोग हमारी पूंजी है। देशी विदेशी लोक कलाकारों के आने से हमारा उत्साह बढ़ता है। इस अवसर पर सहायक प्रोफेसर कोलकाता डा. आशा सिंह, प्रो. महेंद्र प्रसाद कुशवाहा, शोध छात्र राहुल मौर्य व नरेंद्र शर्मा, गांव के लोग की सह संपादक अपर्णा आदि ने भी संबोधित किया। संचालन प्रो. रामजी यादव ने किया।

इस दौरान समिति के नितांत सिंह, विष्णुदेव राय, भुनेश्वर राय, इसरायल अंसारी, मंजूर अहमद, संजय कुशवाहा सहित अन्य सभी लोकरंग सांस्कृतिक समिति के लोग मौजूद रहे।







### लोक संस्कृति व संस्कृति एक दूसरे के पूरक हैं: प्रो. नीरज खरे

लोक संस्कृति के समावेशी तत्व विषयक विचार गोष्ठी में मुख्य वक्ता बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी के हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. नीरज खरे ने कहा कि लोक व संस्कृति एक दूसरे के पूरक हैं। इनके सम्मेलन से जन संस्कृति का प्रदुर्भाव होता है। व्यवसायिक सोच ने समाज का बड़ा नुकसान किया है। नव पूंजीवादी सोच सामूहिकता की विरोधी है। इससे परिवार व समाज में विघटन बढ़ता है। संस्कृतियों के संरक्षण में महिला की भूमिका महत्वपूर्ण है। नारी को सशक्त करके कई समस्याएं हल हो सकती हैं। महिला शिक्षा को बढ़ाना जरुरी है। ग्रामीण भारत कृषि पर आधारित भारत है। जो सच्चे अर्थों में जन संस्कृति का वाहक है।

## चैत्र नवरात्रि पर्व पर आयोजित हुआ फलाहार कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

चैत्र नवरात्रि पर्व के मौके पर नेशनल ह्यूमन राइटस एण्ड जस्टिस मूवमेंट पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्रदेश एवं जनपद गोरखपुर के साथी पदाधिकारियों द्वारा फलाहार कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में व्रती श्रद्धालु एवं आम जनमानस फलाहार व मिष्ठान ग्रहण कर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया।कार्यक्रम में नेशनल ह्यूमन राइटस एण्ड जस्टिस मूवमेंट पूर्वी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अशफ़ाक हुसैन मेकरानी प्रदेश महासचिव प्रवीण कुमार अग्रवाल प्रदेश उपाध्यक्ष सैय्यद समीउद्दिन ने संयुक्त रूप से बताया की बहुत प्यारा हिंदुस्तान हमारा हैं जहां सर्व धर्म का सम्मान हैं आज हट्टी माई माता के मन्दिर के पास मानव सेवा कार्य अपने संगठन के प्रदेश एवं जनपद




गोरखपुर के जिलाध्यक्ष देवेंद्र कुमार सहित सभी प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी गण के सहयोग से यह पुनित कार्य शुरू किया गया है जो चैत्र नवरात्रि के अवसर पर फलाहार मिष्ठान वितरण किया गया है ये प्रयास रहेगा की निरंतर हर वर्ष ये पुनित कार्य संगठन द्वारा संचालित किया जायेगा।सभी व्रत रख रहे हैं श्रद्धालु एवं आम जनमानस को चैत्र नवरात्रि पर्व की मंगल कामनाओं के साथ बधाई।

इस मौके पर प्रदेश कोषाध्यक्ष रेहान मारूफी प्रदेश संयुक्त सचिव डॉ इरफान खान प्रदेश सचिव इमरान खान उर्फ गोलू शाही जिला उपाध्यक्ष स्वामी चरण शाही लाल बाबू श्रीवास्तव अभय पाल सिंह सोनू गुप्ता विनोद पाण्डेय सुनील चौहान मोहम्मद रजा अली मुर्तजा हुसैन रहमानी सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव : धीरे-धीरे गर्मा रहा माहौल बसपा से घोषित उम्मीदवारों ने भरा पर्चा

## तीसरे दिन पांच पर्चे हुए दाखिल, बसपाइयों ने घेरा भाजपा को

**जन एक्सप्रेस | आगरा**

नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन आज कुल पांच नामांकन पत्र भरे गए। आज नामांकन के मामले में बसपा का दिन था। आगरा की दोनों सीटों से बसपा की तरफ से घोषित प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल कर दिए। नामांकन भरने के साथ ही बसपा प्रत्याशियों ने भाजपा पर हमला बोला। कहा कि कानून व्यवस्था ध्वस्त हुई है।

आगरा सुरक्षित सीट (शहर की) से बसपा प्रत्याशी पूजा अमरोही और फतेहपुर सीकरी संसदीय क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी रामनिवास शर्मा ने नामांकन पत्र जमा किए। आदर्श समाज पार्टी के चंद्रपाल सहित निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र जमा किए। इस तरह सात नामांकन पत्र जमा किए गए।

नामांकन करने के बाद बसपा प्रत्याशी रामनिवास शर्मा ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि गरीबों की जमीनें घेरी जा रही हैं। इसमें सांसद तक शामिल हैं। हाईवे घेरे जा रहे हैं। उल्टे-सीधे धंधों में सभी लिप्त हैं। जबरदस्ती बैनामे कराए जा रहे हैं। फतेहपुरसीकरी की जनता के साथ ऐसा अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। पानी की समस्या को दूर कराया जाएगा। भ्रष्टाचार को खत्म किया जाएगा।

इधर आगरा सुरक्षित सीट से बसपा प्रत्याशी पूजा अमरोही ने अपनी जीत का दावा करते हुए कहा कि विकास के नाम पर भाजपा ने देश की जनता से छलावा किया है। आगरा में एयरपोर्ट होना चाहिए, बैराज होना चाहिए। लंबे समय से मांग उठ रही है, लेकिन अब तक मिला कुछ नहीं है। पूजा अमरोही का कहना था कि मोदी बनारस से चुनाव लड़ सकते हैं तो मैं आगरा से क्यों नहीं। एटा की रहने वाली हूं तो क्या हुआ, मैं पिछले दो सालों से क्षेत्र में काम कर रही हूं।

बता दें कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 18-आगरा में कुल 3 नामांकन फार्म तथा फतेहपुर सीकरी में 2 नामांकन फार्म खरीदे गए। 17 अप्रैल को अवकाश के दिन नामांकन नहीं होंगे। 19 को नामांकन की अंतिम तिथि है। 20 को नामांकन की जांच होगी। 22 अप्रैल को नाम वापसी होगी। तीसरे चरण का चुनाव 7 मई को होना है। अब तक दोनों सीटों पर कुल सात नामांकन पत्र दाखिल किये गये। नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने का अन्तिम दिनांक 19 अप्रैल है।

## जिलाधिकारी ने नवीन मंडी स्थल पर देखीं तैयारियां

**जन एक्सप्रेस | आगरा**



जिलाधिकारी भानु चन्द्र गोस्वामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की तैयारियों को लगातार अंतिम रूप दे रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने नवीन मंडी स्थल खेरागढ़ का किया निरीक्षण किया। विधानसभा वार स्ट्रॉन्ग रूम यहां बनाए गए हैं। मंडी परिसर में सीसीटीवी की उचित व्यवस्था एवं साफ सफाई, पार्किंग व्यवस्था, पोलिंग पार्टी रवाना स्थल आदि का डीएम ने निरीक्षण किया तथा संबंधितों को उचित निर्देश दिए। नवीन मंडी की बाउंड्री वॉल की मरम्मत कराने के भी उन्होंने निर्देश दिए। रूट चार्ट के अनुसार संबंधित सड़क मार्ग की मरम्मत कराए को कहा गया। मरम्मत कार्य लोक निर्माण विभाग को कराना है। मतदान पार्टी को रवाना करने के लिये स्टॉल, पेयजल, शौचालय आदि व्यवस्था की भी डीएम ने जानकारी ली। उन्होंने रिजर्व पोलिंग पार्टी के ठहराव, एंट्री तथा एग्जिट प्वाइंट पर साइनेज बोर्ड लगाने, सम्पूर्ण परिसर की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्ट्रांग रूम में ईवीएम सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए दरवाजा, खिड़की, सटर आदि को सुदृढ़ कराये जाने को कहा। स्ट्रांग रूम में दीमक से बचाव के लिये दवा का छिड़काव कराने, रंगाई पुताई एवं समस्त व्यवस्थायें एक सप्ताह के भीतर पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण में अपर जिलाधिकारी नगर अनूप कुमार, एडीएम प्रशासन अजय कुमार एवं एडीएम सुश्री शुभांगी शुक्ला व उप जिलाधिकारी खेरागढ़ संदीप यादव सहित मंडी सचिव कमलेश कुमार व सभी संबंधित तहसीलों के एसडीएम मौजूद रहे।

## ईएसआईसी अस्पताल में नगर निगम करेगा पानी की आपूर्ति

**जन एक्सप्रेस/गाजियाबाद।** राजेंद्र नगर सेक्टर-दो स्थित ईएसआईसी अस्पताल में अब रेनीवेल से नगर निगम पानी की आपूर्ति करेगा। अस्पताल परिसर में आरओ के माध्यम से 13 जगह मरीजों, तीमारदार और अस्पताल के कर्मचारियों को पानी की सुविधा मिलेगी। सोमवार को जल निगम के अधिकारी सहित अस्पताल की मेडिकल अधीक्षक ने निरीक्षण किया। जिसमें आरओ लगाने के लिए ओपीडी, जनरल वार्ड, स्टोर रूम के पास, पंजीकरण विभाग के पास, हड्डी विभाग, प्रथम तल ऑपरेशन थियेटर के पास सहित अन्य जगह चिन्हित किया गया है। मेडिकल अधीक्षक सुरिंदर कौर ने बताया कि अस्पताल में अभी तक सबमर्सिबल से वॉटर कूलर के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जाती थी। वहीं, सबमर्सिबल के खराब होने पर मरीज और उनके तीमारदारों को पानी नहीं मिल पाता था।

# दम घुटने से हुई थी बुजुर्ग महिला की मौत

**जन एक्सप्रेस | गाजियाबाद**

टीला मोड़ की इंद्रप्रस्थ आवासीय योजना में रविवार को भगवती (75) की मौत आग में दम घुटने से हुई थी। सोमवार को बुजुर्ग महिला की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस को कारण का पता चला। हालांकि, पुलिस अभी फॉरेंसिक टीम की जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। पुलिस को मामले में परिजनों से शिकायत नहीं मिली है। दिल्ली के त्रिलोकपुरी में रहने वाले सोमदत्त अपनी पत्नी सरला, दो बच्चों के साथ इंद्रप्रस्थ आवासीय योजना के डी ब्लॉक में फ्लैट में रहते हैं। साथ में मां भगवती भी रहती थीं। वह कैब चालक हैं जबकि सरला गृहणी हैं। परिवार एक महीने पहले ही किराए पर रहने आया है। रविवार सुबह करीब 11:30 बजे दंपती अपने दोनों बच्चों के साथ बुजुर्ग भगवती को कमरे में अकेला छोड़कर बाहर से फ्लैट का ताला लगाकर दिल्ली नंदनगरी दवाई लेने गए थे। इस बीच पड़ोसियों ने फ्लैट से धुआं निकलता देखा तो शोर मचाया। सोमदत्त और सरला को फोन पर सूचना दी। दोनों कुछ देर में घर पहुंचे। इस बीच राहुल नाम के पड़ोसी ने ताला तोड़कर फ्लैट खोल दिया। लोग अंदर पहुंचे तो आग सिर्फ एक कमरे में थी जिसमें बुजुर्ग भगवती चारपाई पर लेटी थीं। आग से आधा बेड, उसमें रखे कपड़े और चारपाई पर लेटी बुजुर्ग महिला झुलसी थीं। पड़ोसियों ने तुरंत पुलिस को घटना की सूचना दी। एसीपी सिद्धार्थ गौतम, टील मोड़ थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार गिरि पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

# पुलिसकर्मी की गोली मारकर हत्या, खुद भी जान दी

**जन एक्सप्रेस | नोएडा**

ज्योति नगर में कर्ज का ब्याज लेने आए दिल्ली पुलिस के एएसआई दिनेश शर्मा (50) की मीतनगर फ्लाईओवर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। भागने के दौरान आरोपी मुकेश ने ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। एक गोली स्कूटी सवार करावल नगर निवासी अमित कुमार की कमर में लग गई। वहीं, ऑटो चालक महमूद ने चलने से मना किया तो आरोपी ने उस पर भी गोली चला दी, लेकिन वह बच गया। इस बीच खुद को घिरता देखकर मुकेश ने ऑटो की पीछे वाली सीट पर कनपटी में गोली मारकर जान दे दी। अमित का एम्स में इलाज चल रहा है। पुलिस ने हत्या और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है।पुलिस को मौके से पिस्टल व कई कारतूस मिले हैं।

पुलिस के अनुसार, झुग्गी बस्ती, नंदनगरी निवासी मुकेश निगम में अस्थायी सफाई कर्मचारी था। उसने स्पेशल ब्रांच में एएसआई व मॉडल टाउन निवासी दिनेश से पांच लाख रुपये का कर्ज ले रखा था। मंगलवार को दिनेश ब्याज लेने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान मुकेश ने फ्लाईओवर पर उनके सीने में गोली मार दी। पुलिस को मंगलवार सुबह 11.42 बजे मीतनगर फ्लाईओवर पर दो लोगों को गोली मारने और आरोपी के खुदकुशी करने की जानकारी मिली। ज्योति नगर थाना पुलिस तीनों को जीटीबी अस्पताल ले गई, जहां दिनेश व मुकेश को मृत घोषित कर दिया गया।

वहीं, कमर में पीछे से गोली लगने से अमित की हालत नाजुक बनी हुई है। उसे एम्स रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने ऑटो चालक महमूद से पूछताछ कर जानकारी हासिल की। दोनों मृतकों के फोन कब्जे में लेकर कॉल डिटेल खंगाल रही है। साथ ही, वारदात के कारणों का पता लगाने के लिए मुकेश के परिजनों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस के अनुसार, चश्मदीदों ने बताया कि मुकेश फ्लाईओवर पर इंतजार कर रहे बाइक सवार एएसआई के पास पहुंचा और सीने में गोली मार दी। इसके बाद मुकेश गोलियां चलाते हुए भागने लगा। ये देखकर सामने से आ रहा अमित अपनी स्कूटी घुमाकर जाने लगा तो कमर में गोली लग गई। इस बीच सड़क किनारे खड़े एक ऑटो में मुकेश जबरन बैठ गया और चालक महमूद को चलने के लिए कहा। चालक के विरोध करते ही मुकेश ने गोली चला दी, लेकिन समय रहते महमूद ऑटो से कूद गया। इसके बाद मुकेश ऑटो की पिछली सीट पर बैठ गया व कनपटी पर गोली चला दी।

बेटे अंशु ने बताया कि पिता की किसी से रंजिश नहीं थी। दोपहर में ज्योति नगर थाने का एक पुलिसकर्मी मॉडल टाउन स्थित घर पहुंचा और घटना की जानकारी दी। पिता की हत्या की खबर सुनकर वे सन्न रह गए। परिवार में पत्नी सुमन, बेटे पंकज व अंशु और छोटी बेटी है। बड़ी बेटी दिल्ली पुलिस में सिपाही है। पिता 1998 में सिपाही भर्ती हुए थे। वे दिल्ली के कई थानों में तैनात रहे। उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि पिता ब्याज पर लोगों को पैसे देते थे।

# नियमों के उल्लंघन की सजा मात्र 5-5 हजार का जुर्माना

**जन एक्सप्रेस | नोएडा**

आबकारी विभाग ने ग्रेनो वेस्ट के न्यू हैबतपुर गांव में शराब की दुकानों पर नियमों के उल्लंघन में कार्रवाई करने के नाम पर जुर्माना लगाकर खानापूर्ति की। निर्धारित समय के बाद शराब बेचने में मात्र 5-5 हजार रुपये का जुर्माना लगाकर अंग्रेजी और देशी शराब की दुकानों को खोलने की अनुमति दे दी है। जबकि लाइसेंस निलंबित कर दुकानों को सील करने के समय विभाग ने आरोप साबित होने पर लाइसेंस निरस्त करने का दावा किया था।

न्यू हैबतपुर गांव में अंग्रेजी, देशी और बीयर की दुकानें एक ही जगह पर हैं। 31 मार्च की देर रात बदमाशों ने बीयर की दुकान के सेल्समैन की गोली मारकर हत्या कर दी थी। बिसरख कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर हत्या का खुलासा करने का दावा किया था। तीनों दुकानों पर रात में निर्धारित समय के बाद शराब बेचने की रिपोर्ट आबकारी विभाग को दी गई थी। आबकारी विभाग ने एक अप्रैल को तीनों दुकानों को सील कर दिया। साथ ही उनका लाइसेंस निलंबित कर नोटिस जारी कर दिया। तब विभाग के अफसरों ने दावा किया था कि लाइसेंस धारकों से आरोपों के संबंध में साक्ष्य मांगे हैं। अगर वो साक्ष्य नहीं दे पाएंगे तो उनका लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।आबकारी विभाग ने निर्धारित समय के बाद भी शराब बेचने वाली पुलिस की रिपोर्ट को सही माना है और उसको आधार मानकर अंग्रेजी और देशी शराब की दुकानों पर मात्र 5-5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। साथ ही दुकानों का लाइसेंस भी बहाल कर दिया है।

बीयर की दुकान की अभी जांच जारी बीयर की दुकान के सेल्समैन की हत्या हुई थी। दुकान के लाइसेंस धारक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। आबकारी विभाग के अफसरों का कहना है कि अभी जवाब नहीं आया है। जांच पूरी होने के बाद दुकान पर फैसला लिया जाएगा। फिलहाल दुकान प्रति दिन के लाइसेंस पर किसी और को आवंटित की गई है। ताकि राजस्व के नुकसान को बचाया जा सके।

न्यू हैबतपुर गांव की शराब की तीनों दुकान जिस मार्केट में है। उस मार्केट के पीछे किराए के आवासीय कमरे बने है। लाइसेंस धारकों ने कमरों में से दुकानों में आने-जाने का रास्ता बना रखा था। रात 10 बजे के बाद दुकानों से शराब लेकर कमरों की तरफ से बेची जाती थी। देर रात शराब की बिक्री होने की जानकारी पर ही आरोपी वहां पहुंचे थे। विभाग ने जांच में कमरों से दुकानों को जोड़ने को गलत माना है। विभागीय अफसरों का कहना है कि कमरों से बने रास्ते को बंद करा दिया गया है।

# भारतीय सिंधु सभा ने जताया मातृ शक्ति का आभार

**जन एक्सप्रेस | आगरा**

सिंधी समाज का चेटीचंड महोत्सव (भगवान झूलेलाल जयंती) पर सभी ने उत्साह दिखाया। मातृ शक्ति का इस बार काफी अच्छा सहयोग रहा। महिलाओं ने आयोजन में बढ़-चढ़कर भागीदारी की। प्रमुख रूप से इन्दु सोनी, मधु माखीजा, अंजु दियालानी , रश्मी बुधरानी, शोभा सोनी, रजनी, भाविका दियालानी, कांता दादलानी ,अपनी टीम के साथ मौजूद रहीं। भारतीय सिंधु सभा ने महिला पंचायतों का आभार व्यक्त किया है। महिलाओं ने भगवान झूलेलाल शोभायात्रा में भी बढ़-चढ़कर भागीदारी की। भारतीय सिंधु सभा, सिंधी सेंट्रल पंचायत ने सभी का आभार व्यक्त किया। सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सोनी, भारतीय सिंधु सभा के घनश्याम दास देवनानी, परमानंद आतवानी, जयराम दास होतचंदानी, सूर्य प्रकाश, श्याम लाल रंगनानी, मीडिया प्रभारी मेघराज दियालानी, किशोर बुधरानी, राज कोठारी, नन्द लाल आयलानी, सुशील नोतनानी, अमृत माखीजा, नरेश देवनानी, जगदीश डोडानी, अशोक परवानी, भजन लाल प्रधान, राजकुमार गुरनानी, लाल एम सोनी, राजू खेमानी, अशोक गोकानी, रोहित आयलानी, हरेश पंजवानी, अशोक चावला, राज कुमार गुरनानी, रोहित आयलानी, दौलत राम मोडवानी, मुकेश सभानी, कन्हैया सोनी, उमेश पेरवानी, मुरली मनमानी, जतिन लालवानी, मेघराज शर्मा, हरीश वासवानी, कमल जुमानी, पुरषोत्तम लछवानी, दौलत राम मोडवानी, दीपक आत्वानी, राजीव नागरानी, मोंटू करीरा, जितेंद्र पमनानी आदि ने आभार व्यक्त किया।

## भुगतान के बाद नहीं दिया फ्लैटों पर कब्जा, कोर्ट ने दिया दो महीने में रकम वापस करने का आदेश

**जन एक्सप्रेस | अलीगढ़**

बिल्डर फर्म ने रकम ले ली, पर फ्लैटों पर कब्जा नहीं दिया। फ्लैटों को अन्य के लिए बेच दिया। पीड़ित ने स्थायी लोक अदालत की शरण ली। जहां सुनवाई के बाद आदेश दिया गया है कि ली गई रकम दो माह में वापस की जाए। अन्यथा नौ फीसदी ब्याज भी देनी होगी।

अलीगढ़ महानगर के समद रोड चंदनिया कंपाउंड की बिल्डर फर्म द्वारा फ्लैटों के सौदे के बाद रकम ले ली गई। इसके बाद आज तक कब्जा नहीं दिया गया और निर्धारित फ्लैट किसी अन्य को बेच दिए। इसके खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए स्थायी लोक अदालत ने बिल्डर फर्म पर जुर्माना लगाने के साथ ली गई रकम वापस करने का आदेश दिया है।

याचिका के अनुसार शहर के ही गोपाल शंकर शर्मा की मुलाकात नियाजुल हक से हुई। उन्होंने खुद को चंदनिया कंपाउंड के आयवन होम्स की संयुक्त बिल्डर्स फर्म ओरेक्स बिल्डर्स व आरए बिल्डर्स का पार्टनर बताया। साथ में अपने पार्टनर डॉ. मनीष वार्ष्णेय व राजीव गर्ग-संजय गर्ग से मुलाकात कराई। 16 सितंबर 2010 को हुई मुलाकात में उन्होंने खुद को अपार्टमेंट का पार्टनर मालिक बताते हुए एडीए से स्वीकृत नक्शा आदि दिखाया।

साथ में चौथे फ्लोर पर फ्लैट बी-टू व तीसरे फ्लोर पर फ्लैट ए-टू बिक्री का प्रस्ताव रखा। इस प्रस्ताव पर सहमति के बाद उन्होंने 7 जुलाई 2021 तक अलग-अलग किस्तों में 21 लाख 70 हजार रुपये का भुगतान भी कर दिया। मगर, बाद में फ्लैट किसी अन्य को बेच दिए गए। अब गोपाल शंकर शर्मा को कब्जे के लिए व रुपये वापसी के लिए यह लोग टहलाने लगे।

विज्ञापन

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तर रेलवे, लखनऊ की तरफ से निम्न कार्य हेतु दिनांक को समय बजे तक IREPS पर दवा आपूर्ति के कार्य हेतु पंजीकरण के आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। विवरण निम्नवत है।

| | |
|---|---|
| 1. | सूचना सं. : 43-Med/Vendor Registration/LP/2024 Dt. |
| 2. | निविदा नम्बर : NRDH-LKO-2024LP |
| 3. | कार्य का नाम : मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तर रेलवे मंडल चिकित्सालय, लखनऊ के अधीनस्थ दवा/एवं सर्जिकल एवं कन्ज्यूमेबिल (आरथोपेडिक इम्पलान्ट), की खुदरा आपूर्ति उत्तर रेलवे मंडल चिकित्सालय, लखनऊ में करने के लियें, जिला लखनऊ में स्थित प्रतिष्ठानों/वेन्डर्स का पंजीकरण करने के कार्य हेतु |
| 4. | दो वर्ष की कार्य अवधि की अनुमानित राशि : रु. 3,62,40,000 (रु. तीन करोड़ बासठ लाख चालीस हजार मात्र) |
| 5. | कार्य का अपेक्षित मूल्य मासिक टर्न ओवर : रु. 15.14 लाख (रु. पन्द्रह लाख चौदह हजार मात्र) |
| 6. | मंडल चिकित्सालय उ.रे. लखनऊ के वार्षिक स्थानीय क्रय का परिमाण/मात्रा: पिछले दो साल की खरीद का औसत रु. 1.812 करोड़ |
| 7. | पिछले तीन वर्षो (2020-21, 2021-2022 एवं 2022-2023) में फर्म/वेन्डर से अपेक्षित न्यूनतम वार्षिक घरेलू कारोबार: पिछले तीन वित्तीय वर्षो के लिए फर्म का औसत वार्षिक टर्न ओवर रु. 5.436 करोड़ के बराबर या उससे अधिक होना चाहिए। निविदा के अनुमानित वार्षिक मूल्य का तीन गुना (पिछले 2 वित्तीय वर्षों में की गयी स्थानीय खरीद के औसत मूल्य के आधार पर 1.812 x 3=5.436 करोड़) |
| 8. | पंजीकरण अवधि : स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से दो वर्ष की अवधि के लिये |
| 9. | ई. ओ.आई./निविदा का प्रकार : Open on IREPS. |
| 10. | Bidding प्रणाली : एकल पैकेट (तकनीकी एवं वित्तीय) |
| 11. | अग्रिम धनराशि/धरोहर राशि : रु. 7,24,800 (निविदा मूल्य का 2%) |
| 12. | निविदा बंद करने की तिथि एवं समय : 06.05.2024, 17:00 बजे |
| 13. | उत्तर रेलवे बेबसाईट : (www.ireps.gov.in) |
| 14. | पंजीकरण के संबंध में विस्तृत जानकारी : पंजीकरण व आवेदन पत्र के संबंध में जानकारी वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर उपलब्ध है। |

1141/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# उत्कृष्ट सेवा कार्य करने वाले कोरोना वॉरियर्स भाइयों का किया सम्मान

**जन एक्सप्रेस | आगरा/फतेहपुर सीकरी**




कागारौल के गहर्रा की प्याऊ आगरा में राष्ट्रीय चाहर खाप द्वारा कोरोना काल में कोरोना वैक्सीन का सबसे पहले मानव परीक्षण कराने वाले पाली निवासी कोरोना वॉरियर ऋषि जाट और बॉक्सर रामू जाट को सम्मानित किया । कोरोना वॉरियर दोनों भाइयों को केंद्र सरकार ने राष्ट्र सम्मान स्वरूप चौमा शाहपुर जयपुर आगरा मार्ग से मंडी मिर्जा खां मार्ग का नाम दोनों भाइयों के नाम से कर दिया है। दोनों भाइयों ने समाज सेवा करके एक मिसाल कायम की इसकी वजह से खाप के संयोजक डॉक्टर सुरेश चाहर ने ऋषि जाट एवं बॉक्सर रामू जाट का नाम सम्मानित करने के लिए मनोनीत कर इन्हें अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के संयोजक राम अवतार पलसानिया एवं राष्ट्रीय संत हरी योगी द्वारा सम्मानित कराया गया। इन्हें वीर योद्धा रामकी चाहर की प्रतिमा एवं राष्ट्रीय किसान नेता रहे खाप के संरक्षक महेंद्र टीकेत की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया। औरंगजेब की नाक में दम करने वाले आगरा चाहर बाटी के महान योद्धा ब्रजभूमि की रक्षा करने वाले रामकी चाहर की भूमि पर इन दोनों को सम्मानित कर अन्य युवाओं से इन दोनों भाई एवं वीर योद्धा रामकी चाहर के पद चिन्हो पर चलने की संत हरी योगी ने बात कही। इस दौरान कोरोना वॉरियर्स भाइयों के पिता चौधरी बाबूलाल राना को भी सम्मानित किया गया एवं समस्त खाप ने कहा कि आपने अपने बच्चों में जो समाज सेवा करने की जिज्ञासा डाली है बहुत ही सराहनीय है। इस दौरान बड़ी संख्या में खाप पंचायत के पदाधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

## बढ़ती गर्मी से बढ़ रहे उल्टी-दस्त के मरीज

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया। लोग फूड पॉजिनिंग के शिकार हो रहे हैं। अस्पतालों में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। उल्टी दस्त के मरीज अधिक आ रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है बाहर की ठेलों पर मिल रहे वस्तु को खाने से लोग बीमार हो रहे हैं। ठेलों पर बिकने वाली चिकनाई से बचना चाहिए। बासी भोजन से भी बचें।

इस समय गर्मी ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। लोग परेशान होने लगे हैं। इसके साथ-साथ लोग उल्टी दस्त के शिकार हो रहे हैं। अस्पतालों में भी ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। जिला अस्पताल में आज 11 लोग उल्टी दस्त के मरीज भर्ती हुए। इस संबंध में जिला अस्पताल में तैनात वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. आशीष मित्तल का कहना है इस गर्मी ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। उल्टी दस्त के मरीज रोजाना आ रहे हैं। खाने से लोगों को फूड पॉजिनिंग भी हो रही है। आज 11 मरीजों को भर्ती किया गया। उन्हें उल्टी दस्त की शिकायत थी।

## चार साल की बच्ची से दुष्कर्म के बाद हत्या के दोषी को ताउम्रकैद, एक लाख अर्थदंड भी लगाया

**जन एक्सप्रेस | अलीगढ़**

घटना 26 सितंबर 2021 की है। चार साल की बच्ची घटना वाली शाम छह बजे घर के दरवाजे से गायब हो गई। उस समय वह खुद पैंठ से सब्जी लेने गया था। जब पत्नी बाहर बच्चों को देखने आई तो तीन बच्चों में सबसे बड़ी बेटी गायब थी। काफी खोजने के बाद भी जब बेटी का सुराग नहीं लगा। 27 सितंबर की सुबह बच्ची का शव गांव के बाहर धान के खेत में गड्ढे में भरे पानी में पड़ा मिला।

अलीगढ़ के गोंडा क्षेत्र में तीन वर्ष पहले चार वर्षीय बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या के दोषी को ताउम्रकैद (शेष प्राकृत जीवन तक) की सजा सुनाई है। एक लाख रुपये अर्थदंड भी तय किया है। फैसला विशेष पॉक्सो न्यायाधीश सुरेंद्र मोहन सहाय की अदालत से सुनाया गया है। अर्थदंड की राशि में से 80 हजार रुपये पीड़ित पक्ष को देने के आदेश दिए हैं। अभियोजन अधिवक्ता एडीजीसी महेश सिंह के अनुसार घटना 26 सितंबर 2021 की है। अनुसूचित जाति के वादी मुकदमा की ओर से गोंडा थाने में तहरीर दी गई कि उनकी बेटी घटना वाली शाम छह बजे घर के दरवाजे से गायब हो गई। उस समय वह खुद पैंठ से सब्जी लेने गया था। जब पत्नी बाहर बच्चों को देखने आई तो तीन बच्चों में सबसे बड़ी बेटी गायब थी।

काफी खोजने के बाद भी जब बेटी का सुराग नहीं लगा। इस सूचना पर हरकत में आई पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बच्ची की तलाश शुरू कर दी। 27 सितंबर की सुबह बच्ची का शव गांव के बाहर धान के खेत में गड्ढे में भरे पानी में पड़ा मिला। पैनल द्वारा किए गए पोस्टमार्टम की रिपोर्ट, मेडिकल परीक्षण व फॉरेंसिक रिपोर्ट में साफ हुआ कि बच्ची की पानी में डूबने से दम घुटने से मौत हुई और दुष्कर्म की पुष्टि हुई। शरीर पर किसी तरह की चोट नहीं पाई गई।

इसकी जांच करते हुए पुलिस ने गांव के अनुसूचित जाति के ही विवाहित युवक अर्जुन सिंह को गिरफ्तार किया।

## दो साल की बच्ची को ससुरालीजनों ने छीना

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** खेरिया मोड शाहगंज में ससुरालीजनों ने विवाहिता के दो साल के बच्चे को छीनकर उसे कमरे में बंद कर दिया और बाहर से ताला लगा दिया। उसे खाना तक नहीं दिया। किसी तरह उनके चंगुल से मुक्त हुई विवाहिता थाना शाहगंज की शरण पहुंची और ससुरालीजनों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने पीड़िता से जानकारी करने के बाद मामले में जुट गई है। थाना शाहगंज में एक विवाहिता परिवार के साथ पहुंची। उसने थाना शाहगंज के प्रभारी निरीक्षक को बताया उसकी शादी खेरिया मोड शाहगंज में हुई थी। शादी के बाद से ससुरालीजनों ने उत्पीड़न शुरू कर दिया। दहेज की मांग करने लगे। इस बीच एक बच्चे को जन्म दिया। वह दो साल का हो गया, लेकिन ससुरालीजनों का उत्पीड़न बंद नहीं हुआ। पीड़िता ने ससुरालीजनों पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाना प्रभारी को बताया सुरालीजनों ने बच्चे को छीन लिया और कमरे में बंदकर बाहर से ताला लगा दिया।

# धूमधाम से निकली दक्ष कन्या मां भगवती की शोभायात्रा

**जन एक्सप्रेस | आगरा**



मंगलवार का दिन बेहद ही शुभ रहा। एक तरफ चैत्र नवरात्र की महाअष्टमी पर घर-घर पूजा अर्चना हुई। वहीं दूसरी तरफ प्रजापति समाज की 28वीं दक्ष कन्या मां भगवती शोभायात्रा बड़ी धूमधाम से निकली। शोभायात्रा पर शहर भर में भारी उत्साह दिखाई दिया। शोभायात्रा नालबंद चौराहा स्थित प्रजापति देवी मन्दिर से शुरू हुई तो महाराजा दक्ष प्रजापति के जयघोष देर तक फिजाओं में तैरते रहे। शोभायात्रा का शुभारंभ लोकेश प्रजापति (पूर्व उपाध्यक्ष राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग भारत सरकार) एवं दयाराम प्रजापति (पूर्व मंत्री उप्र सरकार) ने पूजा अर्चना के बाद मुख्य झांकी के सम्मुख नारियल भेंट करते हुए झण्डी दिखाकर किया। ज्योति प्रो. एसपी सिंह बघेल (केन्द्रीय मंत्री), योगेन्द्र उपाध्याय (उच्च शिक्षा मंत्री) ने संयुक्त रूप से प्रज्जवलित की। कलश स्थापना हेमलता दिवाकर कुशवाह (मेयर आगरा), हेमन्त प्रजापति एड पार्षद / सचेतक ने संयुक्त रूप से की। जबकि माता रानी को चुनरी व ध्वजा विजय शिवहरे (सदस्य विधान परिषद) एवं राजकुमार खण्डेलवाल (पूर्व कोषाध्यक्ष भाजपा) ने भेंट की। शोभायात्रा समिति के अध्यक्ष अशोक गोला व महामंत्री नवीन प्रजापति के अनुसार प्रजापति समाज द्वारा चैत्र मास के नवरात्रों की महाअष्टमी को विगत 28 वर्षों से दक्ष कन्या मां भगवती की शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा हैं। इस बार शोभायात्रा में विद्युत सजावट से सुसज्जित करीब 80 झांकियां शामिल रही है।

शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। शोभायात्रा में रामेश्वर प्रसाद महाबनिया, दिनेश बाबू शर्मा, फौरन सिंह, राजेश प्रजापति पूर्व पार्षद, मंजू प्रजापति पार्षद, मुन्नालाल प्रजापति पार्षद, विमलेश प्रजापति पार्षद, यशपाल गोला, भगवानदास प्रजापति, संजीव प्रजापति, चौ. कन्हैयालाल प्रजापति, भगवानदास प्रजापति संरक्षक मुरैना, राम अवतार प्रजापति अध्यक्ष मुरैना, मुन्नालाल प्रजापति, डा. भगवान दास दक्ष, शरद प्रजापति, प्रताप सिंह दद्दा, महेश पाल माझा फिरोजाबाद, रामचरन लाल प्रजापति धौलपुर, रामदास मथुरिया, प्रभूदयाल प्रजापति, सियाराम प्रजापति (ओ0एस0डी0), विजय नारायन प्रजापति, सुनहरी लाल गोला, रवि कान्त दक्ष, सोनू गोला, ललित दक्ष, झम्मनलाल ठेकेदार, अमर सिंह, किशन गोपाल प्रजापति, संजय गोला, नीरज गोला आदि सैंकड़ों की संख्या में भक्तजन साथ चल रहे थे।

# हजारा थाना क्षेत्र के 35 बूथों पर होगा मतदान

# भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा होगी सील

- नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र एवं खीरी सीमा में पुलिस ने लगाए सात बैरियर
- सुरक्षा बल संगीनों के साए में मतदाता डालेंगे वोट

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर




**हजारा।** लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए चुनाव आयोग के निर्देश पर जिला प्रशासन और पुलिस ने कमर कस ली है। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा मतदान केंद्रों को दुरुस्त करने एवं शांतिपूर्वक मतदान कराने के उद्देश्य से अधिनिस्थ कर्मचारी एवं अधिकारियों को लगातार निर्देशित किया जा रहा है। चुनाव को लेकर भारत नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा को 24 घंटे के लिए सील कर दिया जाएगा।

सामान्य लोकसभा चुनाव 2024 को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे के द्वारा लगातार मॉनिटरिंग करते हुए चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को लगातार निर्देशित किया जा रहा है। जनपद पीलीभीत के नेपाल सीमावर्ती एवं ट्रांस शारदा क्षेत्र के पैंतिस बूथों पर मतदान होगा। इन बूथों में आठ क्रिटिकल बूथ हैं। हजारा थाना क्षेत्र में 35 बूथ 22 मतदेय स्थल हैं। चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने और संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों के चेकिंग के लिए नेपाल सीमावर्ती एवं पड़ोसी जिला लखीमपुर-खीरी सीमा क्षेत्र में पुलिस ने सात बैरियर लगाए हैं। स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस की निगरानी में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। लोक सभा चुनाव में निर्भय होकर मतदान कराने के लिए पूरे क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात रहेगी। अतिरिक्त सुरक्षा बल के ठहरने के लिए एलबीएस इंटर कालेज चंदिया हजारा में व्यवस्था की गई है। इधर जिला निर्वाचन अधिकारी के नेतृत्व में तहसील प्रशासन द्वारा क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली गई है। इन मतदान केंद्रों पर 19 अप्रैल को मतदान होगा।

> मतदान के 48 घंटे पूर्व बाहरी व्यक्तियों को थाना क्षेत्र से बाहर जाने के लिए निर्देश दिया गया है। अगर बाहर नहीं गये तो उन्हें लाल कार्ड दिया जाएगा। गड़बड़ी होने पर सबसे पहले उन्हीं के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।
>
> परमेंद्र कुमार
> थानाध्यक्ष हजारा।

## एचटी लाइन की चिंगारी से आठ एकड़ गेहूं की फसल राख

- चुनाव ड्यूटी में आए पैरामिलिट्री के जवानों ने आग पर पाया काबू
- दमकल की टीम ने पंहुचने से लोगों में नाराजगी

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर



एचटी लाइन में स्पार्किंग से गेहूं की फसल में आग लग गई।आग के आगोश में आने से आठ एकड़ फसल जलकर राख हो गई। पैरामिलिट्री के जवानों ने कड़ी मशक्कत के बाद बमुश्किल आग पर काबू पाया।घटना को लेकर खलबली मची रही। सूचना के घंटों बाद भी दमकल की टीम मौके पर नहीं पंहुची।

मंगलवार दोपहर लगभग तीन बजे नगर से सटे चांट फिरोजपुर विद्युत उपकेंद्र के पास खेतों से होकर गुजरी एचटी लाइन में स्पार्किंग से गेहूं की फसल में आग लग गई। आग की लपटों को देख अफरा तफरी मच गई। फसल को बचाने के लिए मौके पर सैकड़ो लोग एकत्र हो गए।तेज हवाओं के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की चपेट में आने से व्यापारी रवि गुप्ता और उनकी पत्नी सुनीता की 8 एकड़ गेंहू की फसल जलकर राख हो गई पड़ोस के ही खेत में खड़ी नगर के मोहल्ला वनपुरी निवास सन्नो देवी पत्नी हरिराम की तीन बीघा फसल जल गई। आनन फानन में लोगों ने सूचना पुलिस और दमकल की टीम को दी। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना के घंटों बाद तक दमकल की टीम मौके पर नहीं पहुंची।

चुनाव ड्यूटी के लिए स्कूल में रुकी पैरामिलिट्री फोर्स के जवान मौके पर जुट गए। जवानों ने ग्रामीणों के साथ संयुक्त रूप से पानी और हरे पत्तों की टहनियां से बमुश्किल आग पर काबू पाया।

## शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु दिव्यांग जन मतदाताओं ने निकाली जागरूकता रैली

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



आज मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिला आदर्श दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के तत्वावधान में दिव्यांग जन मतदाताओं के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला स्वीप नोडल अधिकारी/ मुख्य विकास अधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा दिव्यांग जन रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली में लगभग 54 दिव्यांग जनों की ट्राई साईकिल व मोटराइज्ड ट्राईसाईकिलों ने प्रतिभाग किया। जिसमें दिव्यांग जनों ने लोकतंत्र के महापर्व दिवस 19 अप्रैल को शत-प्रतिशत मतदान कराने के उद्देश्य से जनमानस को जागरूक करने के लिए स्लोगन लिखे तख्तियां लेकर नारे लगाए छोड़ो सारे अपने काम सबसे पहले करो मतदान, पीलीभीत ने ठाना है शत-प्रतिशत मतदान कराना है, जैसे नारों से जनमानस को मतदान के प्रति जागरूक कर रहे थे, रैली जिला आदर्श पुनर्वास केंद्र से गौहनिया चैराहा होते हुए गांधी स्टेडियम में समापन किया गया। जिसमें जिला विद्यालय निरीक्षक गिरजेश कुमार चैधरी ने मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु मतदाता शपथ ग्रहण कराई। इस अवसर पर जिला स्वीप कोऑर्डिनेटर शिक्षक इन्तजार खान ने अपने सम्बोधन में सक्षम एप के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि दिव्यांग जन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एप सक्षम एप का प्रयोग कर सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर दिव्यांग जनों को सक्षम एप भी डाउनलोड कराया गया। अंत में जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी सुरेश कुमार मौर्य ने सभी दिव्यांग जनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप ने लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की आपका बहुत बहुत आभार व्यक्त करता हूं। इस अवसर पर जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सुरेश कुमार मौर्य ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 19 अप्रैल को शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की।

इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह व ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य संतोष कुमार, उप प्रधानाचार्य सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांगरूमों की सुरक्षा व्यवस्था एवं पोलिंग पार्टियों की रवानगी के दृष्टिगत किया निरीक्षण

- इस दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि 24 घन्टे विद्युत पूर्ति सुनिश्चित की जाये।

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



प्रेक्षक सामान्य प्रसन्ना रामास्वामी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने आज लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत मण्डी परिसर में स्ट्रांगरूमों की सुरक्षा व्यवस्था एवं पोलिंग पार्टियों की रवानगी के दृष्टिगत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत लगाये गये सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि 24 घन्टे विद्युत पूर्ति सुनिश्चित की जाये। इस दौरान फोर्स के रूकने की व्यवस्था के साथ साथ वैरिकेटिंग व्यवस्था के अन्तर्गत आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान पोलिंग पार्टियों के रवानगी हेतु की गई व्यवस्था को लेकर अवश्यक जानकारी ली और दिशा निर्देश दिये। पेयजल व साफ सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतु पूनिया, उप जिलाधिकारी सदर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक लाख से भरा बैग छीनकर भागे बदमाश

जन एक्सप्रेस । मिर्जापुर

चील्ह थाना क्षेत्र के चील्ह चौराहे पर मंगलवार की सुबह साढ़े 11 बजे बाइक पर सवार बदमाश दिनदहाड़े महिला से एक लाख रुपये से भरा बैग छीनकर भाग गये। सूचना पर पहुंचे एसपी अभिनन्दन ने घटनास्थल व सीसीटीवी फुटेज की जांच पड़ताल में जुटे है। महिला के शोर मचाने पर स्थानीय लोगों की मौके पर भीड़ जुट गई। घटना की सूचना पर पहुंचे एसपी ने सीओ सदर मंजरी राव व थाना प्रभारी रीता यादव के साथ बैंक व आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज की छानबीन की।

मौके पर एसपी अभिनन्दन क्राइम ब्रांच टीम के साथ मौके पर पहुंच कर जांच में जुटे हैं।

## फास्ट फॉरवर्ड

### पूर्व बाहुबली सांसद धनंजय सिंह की पत्नी को बसपा ने दिया टिकट



**जन एक्सप्रेस । जौनपुर।** बहुजन समाजवादी पार्टी ने पूर्व बाहुबली सांसद धनंजय सिंह के पत्नी जिला पंचायत अध्यक्ष श्री काल धनंजय को सिंबल देकर जौनपुर लोकसभा 73 का चुनाव रोचक बना दिया पूर्व बाहुबली सांसद धनंजय सिंह बसपा से जौनपुर लोकसभा73 से सांसद रह चुके हैं जबकि जिले की रारी जो अब मल्हनी विधानसभा के नाम से जाना जाता है वहां से विधायक भी रह चुके हैं इसी रारी विधानसभा से ही इनके पिता राजदेव सिंह भी विधायक रहे। वर्तमान में उनकी पत्नी श्री काल धनंजय सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष भी हैं श्री सिंह पहले भाजपा से टिकट मांग रहे थे भाजपा से टिकट न मिलने पर सपा से प्रयास किया लेकिन वहां भी असफलता मिलने के बाद उन्होंने बसपा की रुख किया जहां उन्हें सफलता मिल ही गई बहरहाल श्री सिंह एक पुराने मामले में जिला कारागार में बंद है वहीं उनकी पत्नी जिला पंचायत अध्यक्ष श्री काल धनंजय सिंह पूरा चुनाव अपने हाथ में लेकर चुनाव प्रचार में जुट गई हैं। बहरहाल जन एक्सप्रेस ने पहले ही बसपा से टिकट मिलने की खबर प्रकाशित किया था ।जिस पर आज मुहर लग गई।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं दयाशंकर तिवारी की मनाई गई 24वीं पुण्यतिथि



**जन एक्सप्रेस । जौनपुर।** बरसठी। क्षेत्र के गहलाई गांव निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय दयाशंकर तिवारी की 24वीं पुण्यतिथि मंगलवार को मनाई गई। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा पर मालार्पण कर संगोष्ठी सभा का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की आज के परिवेश में क्या प्रांसगिकता है पर रखा गया था। इस मौके पर उनके जेष्ठ पुत्र पं. कृष्णमोहन तिवारी ने स्व. सेनानी के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। इस दौरान उन्होंने नवयुवकों से कहा कि, जिन मूल्यों को लेकर प.दयाशंकर तिवारी ने स्वतंत्रता संग्राम में हिस्सा लिया। आज के दिन सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि उनकी बातों एवं आदर्शों का अनुसरण करने की दिशा में एक आदर्श एवं सशक्त भारत के निर्माण करने का संकल्प लिया जाए। उन्होंने बताया कि, स्व.पिता जी क्षेत्र, समाज व राष्ट्र के निर्माण में अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया। सरकार माने या न माने लेकिन स्वाधीनता संग्राम के मूल्य आज संकट में हैं। हम सभी सेनानी परिवार को राष्ट्रीय परिवार मानते हुए उनका सम्मान करेंगे। उन्होंने कहा कि, मैं भाग्यशाली हूं कि, महान राष्ट्र को स्वतंत्र कराने में अपना योगदान देने वाले पिता का पुत्र हूं। इस मौके पर मदन मोहन तिवारी, कृष्ण मोहन तिवारी, सुजीत प्रकाश तिवारी, सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

### फाइव प्वाइंट टूल किट को आत्मसात करे शिक्षक

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर।** बरईपार। शिक्षक संदर्शिका का शिक्षण के दौरान उपयोग में लाए। छात्र उपस्थिति के साथ कमजोर बच्चो के लिए उपचारात्मक शिक्षण नियमित करना है। नामांकन में वृद्धि के लिए अभिभावकों से संपर्क करके नामांकन कर ले ताकि कोई बच्चा छूटने न पाए। उक्त बाते अकादमिक रिसोर्स पर्सन शिवाकांत तिवारी ने संकुल बैठक में बरईपार संकुल पर मंगलवार को कहा। इस दौरान शिक्षक राधेश्याम सरोज, जयमूर्ति विश्वकर्मा, प्रदीप उपाध्याय, ओमप्रकाश यादव ने मॉडल लेशन का प्रस्तुतिकरण किया। चंद्रकांत पांडेय, पारसनाथ पाठक ने मीटिंग के विदुओ पर विस्तृत रूप से बताया। इस दौरान प्रिंट रिच सामग्री, पोस्टर चार्ट और अधिगम सामग्री से कक्षा कक्ष सुसज्जित रखने के साथ सक्रिय पुस्तकालय के नियमित प्रयोग के बारे में बताया गया। इस दौरान लालबहादुर, समर बहादुर, कमलेश यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

### कुर्सी पर बैठकर पढ़ाने की मांग पर अड़े अध्यापक

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर।** बरईपार। राष्ट्रीय इंटर कालेज सिरसी में अध्यापक कुर्सी पर बैठकर पढ़ाने की मांग पर मंगलवार शिक्षण अवधि में विद्यालय परिसर में बैठकर धरना पर बैठ गए। विगत दिनों शिक्षक नेता गुट ठाकुराई ने जिला विद्यालय निरीक्षक को पत्र लिख कर विद्यालय स्टाप रूप में कुर्सी मेज लगाने की मांग किया था। जिस पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने आदेश किया की तत्काल कुर्सी की व्यवस्था किया जाए। आदेश के जवाब में प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य ने जिला विद्यालय निरीक्षक को अवगत कराया की स्टाप रूप में कुर्सी, मेज, टेबल, एवं आरओ पानी की व्यवस्था पहले से है। शिक्षक गुट ने दुबारा जिला विद्यालय निरीक्षक को पत्र दिया की कक्षा में पढ़ाने के लिए कुर्सी की व्यवस्था कराई जाए। जिला विद्यालय निरीक्षक ने दुबारा आदेश किया की कक्षा में भी शिक्षको के लिए कुर्सी उपलब्ध कराई जाए। जिला विद्यालय निरीक्षक के कक्षा में कुर्सी रखवाए जाने के आदेश के क्रम में संस्थान के प्रबंधक ने प्रधानाचार्य को पत्र लिख कर विद्यालय में कुर्सी मेज रखवाने को लेकर शिक्षकों से बिना शिक्षण कार्य कुर्सी पर बैठे एवं असक्षम होने की दशा में जानकारी हेतु पत्र जारी कर दिया।

## चैत्र नवरात्रि की अष्टमी को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सजा कर कन्या पूजन का किया आयोजन

- जहां नारी का सम्मान होता है वहां सदैव यश वैभव बना रहता हैं: सेवक विशाल
- नगर पंचायत नौगवां पकड़िया अध्यक्ष का हर वर्ष रहता है विशेष सहयोग

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत





मंगलवार को चैत्र नवरात्रि की अष्टमी को नगर पंचायत नौगवा पकड़िया में काशीराम नगर के सभासद महंत विशाल ने सिद्ध ब्रह्मदेव बालाजी मंदिर में भव्य रूप से हर वर्ष की भांति कन्या पूजन का आयोजन किया।

इस अवसर पर जिसमें नगर पंचायत की चैयरमैन संदीप संतोख कौर ने विधिवत कन्या पूजन किया। पूजन और उनको भोजन कराने के उपरांत उपहार इत्यादि दिए।

इस अवसर पर श्री बालाजी दरबार के महंत सेवक विशाल ने कहा की नारी की पूजा युगों युगों से होती आई हैं।

जहा नारी का सम्मान होता है वहा सदैव यश वैभव बना रहता हैं। इसी के साथ हम सभी को बेटियो, माताओं और बहनों के सम्मान का ध्यान रखना चाहिए। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नारी शक्ति के लिए प्रयासरत हैं। उन्होने कई योजना शुरू की जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, और महिला आरक्षण बिल को स्वीकृति दी जिससे महिलाओं की भागेदारी सुनिश्चित हो। आज परंपरा अनुसार सर्व प्रथम कन्याओं के चरण धुल कर उन्हें विधिवत स्थान पर बिठा कर उनका तिलक बंधन किया। फिर उन्हें भोजन ग्रहण कराया उसके बाद उन्हें उपहार देकर विदा किया।

यह सम्पूर्ण कार्यक्रम हवन उपरांत संपन्न हुए और अध्यक्ष संदीप संतोख सिंधू सहित सैंकड़ों श्रद्धालुओ ने आशिर्वाद और प्रसाद ग्रहण किया।

## दाह संस्कार के बाद गोमती में नहाते समय युवक की डूबने से मौत

जन एक्सप्रेस । जौनपुर




मुफ्तीगंज गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के नैपुरा गांव में दाह संस्कार कर गोमती नदी में नहाते समय युवक की डूबने से मौत हो गयी घटना की सूचना फोन द्वारा मृतक के स्वजनों ने गौराबादशाहपुर थाने पर यू पी 112 पुलिस को सूचना दी गई।मौके पर पहुंचे गोताखोरों ने घंटो मशक्कत के बाद युवक का शव नदी से निकला। जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह लगभग 10 बजे केराकत कोतवाली के उदियासन गांव के बनवासी बस्ती के लोग सूदेसरा देवी 75 वर्ष की मौत के बाद दाह संस्कार के लिए नैपुरा स्थित गोमती के तट पर ले गए दाह संस्कार के बाद मृतक के स्वजन नदी में नहाने लगे की संजय बनवासी पुत्र न। न्हू उम्र 38 वर्ष नदी में डूबने लगा जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक संजय नदी में डूब गया लोग घंटो मशक्कत के बाद युवक का पता नही लगा पाए सूचना पर मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान दिलीप मोदनवाल ने घटना की सूचना गौराबादशाहपुर थाने पर और यू पी 112 पुलिस को दिए।मौके पर पहुंचे गोताखोरों ने घंटो मशक्कत के बाद संजय के शव को बाहर निकाला।गोताखोरों की टीम में तारा शुक्ला राम बाबू पासवान अजीत सिंह सुजीत कुमार आदि लोग रहे।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पी एम हाउस भेज दिया। मृतक के स्वजनों के अनुसार मृतक संजय के पास दो पुत्र और दो पुत्री है। मृतक ही मेहनत मजदूरी कर परिवार चलाता था पत्नी सुनीता देवी का रो रो कर बुरा हाल हो गया है सुनीता देवी व बच्चों का कैसे कटेगी पहाड़ सी जिंदगी हर किसी के जेहन में यही सवाल उठता दिखा।

## समय से विद्यालय न खोलने पर खंड शिक्षा अधिकारी ने मांगा स्पष्टीकरण मचा हड़कंप


खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय में कराई प्रार्थना, शिक्षक रहे नदार

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

आकस्मिक जांच में अध्यापक विद्यालय में मौजूद नहीं मिले है जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया गया है। नोटिस का जवाब आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। -राजेश कुमार वैश्य खंड शिक्षा अधिकारी सुईथाकला जौनपुर


कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी वि
पत्रांक- 16 /2023-24
श्री वीरेन्द्र गौतम (स.अ.) प्रा.वि.
श्रीमती पूर्णिमा श्रीवास्तव (स.अ.) प्रा.
श्री विनोद कुमार (स.अ.) प्रा.वि.
श्री बिजेन्द्र (स.अ.) प्रा.वि.
श्री अरविंद सिंह (शि.मि.) प्रा.वि.
दिनांक 03.04.20

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

**सुईथाकला।** जौनपुर जिले के विकास खंड सुईथाकला के प्राथमिक विद्यालय बघरवारा के प्रधानाध्यापक समेत समस्त स्टाफ से समय से विद्यालय न खोलने विद्यालय प्रांगण में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रहने के बावजूद विद्यालय का कोई स्टाफ मौजूद न होने पर खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार बैश्य ने प्रधानाध्यापक वीरेंद्र गौतम, सहायक अध्यापक पूर्णिमा श्रीवास्तव, विनोद कुमार, बिजेंदर, शिक्षामित्र अरविंद सिंह, से बीते 3 अप्रैल को को खंड शिक्षा अधिकारी के आकस्मिक निरीक्षण करने सुबह 8:2 बजे तक विद्यालय पहुंचे तो छात्र छात्राएं मौजूद रहे परंतु शिक्षक नदारत थे विद्यालय न खोलने टाइम मोशन का उलंघन करने के आरोप में खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार वैश्य ने प्रधानाध्यापक समेत सभी स्टाप से स्पष्टीकरण मांगा है जिससे शिक्षको में हड़कंप मच गया गौरतलब हो कि पहले तो उक्त मामले में विभागीय अधिकारी लीपापोती करते रहे लेकिन जन एक्सप्रेस ने उक्त खबर को प्राथमिकता पर प्रकाशित किया तो कार्रवाई के नाम पर सिर्फ स्पष्टीकरण ही मांगा गया है।

## क्रूज सेवा का ऑनलाइन लीजिए टिकट

जन एक्सप्रेस । वाराणसी

बनारस में आने वाले पर्यटकों और शहर के लोगों को सहूलियत के हिसाब से यह निर्णय लिया गया है। बस के अंदर ही यात्री टिकट लेते थे। अब पहले से टिकट बुक करा सकते हैं। सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज की ओर से ई-बस सेवा की बुकिंग अब ऑनलाइन भी शुरू हो गई है। काशी दर्शन एप के जरिये यात्री अब ई-बस सेवा के साथ ही गंगा में भागीरथ क्रूज सेवा की भी बुकिंग घर बैठे करा सकते हैं।

यही नहीं, कैंट रेलवे स्टेशन के एग्जिक्यूटिव लाउंज, श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर का टिकट, सारनाथ में साउंड एंड लाइट शो, टीएफसी और पार्किंग की बुकिंग भी एप के माध्यम से संभव है। स्मार्ट सिटी के तहत विकसित मोबाइल एप को प्ले स्टोर से मुफ्त में डाउनलोड किया जा सकता है। इससे पर्यटकों समेत शहरवासियों को काफी सहूलियत होगी। स्मार्ट सिटी की ओर से काशी दर्शन एप विकसित किया गया है। इसमें काशी दर्शन ई-बस सेवा के अलावा शहर में चलने वाली ई-बसों का टिकट ऑनलाइन बुक किया जा सकता है। पहले यह सुविधा सिर्फ ऑफलाइन थी। बस के अंदर ही यात्री टिकट लेते थे। अब पहले से टिकट बुक करा सकते हैं।

## आईपीएस बन सृष्टि ने किया नाम रोशन

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



**सुइथाकला।** क्षेत्र के पिपरौल निवासी व पेशे से वकील कपिल देव मिश्र की पौत्री सृष्टि मिश्रा अपने पहले प्रयास में यूपीएससी परीक्षा में 95 वीं रैंक पर सफलता प्राप्त कर आईपीएस बन क्षेत्र समेत जिले का नाम रोशन कर दिखाया। उनकी इस सफलता पर परिजनों समेत क्षेत्रीय लोगों में हर्ष का माहौल देखा गया। भारतीय विदेश सेवा में अवर सचिव की भूमिका निभा रहे पिता आदर्श मिश्रा और माता बबिता मिश्रा की संतान के रूप में सृष्टि अपने दो बहन और एक भाई में सबसे बड़ी है।आपकी बेसिक शिक्षा दक्षिण अफ्रीका के डरबन से शुरू हो कर दिल्ली के लेडी श्री राम कालेज से अर्थशास्त्र आनर्स से स्नातक के रूप में सम्पन्न हुई।इसी दौरान तैयारी के बीच यूपीएससी 2023 की परीक्षा में 95वीं रैंक लाकर आईपीएस बनी। वार्ता के दौरान उन्होंने आईएएस बनने की चाहत दिखाई। अपनी सफलता के पीछे उन्होंने माता पिता, दादी दादा, चाचा-चाची के अलावा गुरूजनो समेत कड़ी मेहनत का होना बताया। फिलहाल उनकी इस सफलता पर चाचा अमित मिश्रा ने बताया कि वह बचपन से ही मेधावी प्रतिभा की धनी थी। बृजेश उपाध्याय, आशीष, प्रमोद यादव समेत तमाम शुभचिंतक हर्ष जताते हुए बधाई देते नजर आए।

### दो थाना क्षेत्र के तीन घरों में हुई चोरी

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर।** जफराबाद । क्षेत्र के शिवपुर ग्राम सभा के दो घरों में तथा जलालपुर थाना क्षेत्र के सैदपुर गांव के एक घर में चोरों ने तीन लाख के ऊपर गहने तथा 50000 नगद पर सोमवार की रात हाथ साफ किया जानकारी के अनुसार दिलीप शर्मा (मुन्नू शर्मा)के घर के सामने करकट में महिलाएं और दरवाजे के सामने खुले आसमान के नीचे परिवार के लोग सोए हुए थे। चोरों ने सामने से ही घरों में घुसकर अलमारी से एक अंगूठी, एक चैन, कंनफूल एक, एक नथुनी, मांग टीका, पैजनी आदि सामान लगभग 2 लाख के आसपास के समान उठा ले गए और उसी के साथ बक्से में रखा 25000 नगद उठाकर लेकर चले गए। मंगलवार की सुबह जब दिलीप शर्मा की बहू की आंख खुली तो उसने घर के अंदर अस्त व्यस्त समान देखकर शोर करने लगी। शोर सुनकर लोग उठकर घर में रखे बॉक्स समान नहीं देखा तो लोग आसपास देखने लगे तो घर से 200 मीटर दूरी पर खेत में बक्से, कपड़े, कागज सब फैले हुए दिखाई दिए जिसमें से कुछ बक्से दूसरे घर के नरेंद्र सिंह निवासी शिवपुर का मिला। सिंह परिवार के लोगों को अपने घरों में हुई चोरी का पता नहीं था ।तो गांव के लोगों ने जब उन्हें सुबह जगाया तो वह गहरी नींद में सो रहे थे जब उनसे बताया गया कि आपके घर में चोरी हुई है कुछ बक्से कागज,खेत में है तो वे लोग अपने घरों को देखें तो उनके बहू के सारे गहने और 17000 रुपए नगद चोरों ने हाथ साफ कर दिया। चोरों ने तीसरे घर जलालपुर थाना क्षेत्र के सैदपुर निवासी लल्ली पासी के घरों में चोरों ने लगभग 30 हजार रुपए से अधिक के गहने और नगद पर हाथ साफ कर दिए उनके घरों में चोरों ने सामने से ही दरवाजाखोलकर सामान उठा ले गए ।मकान के सामने खुले आकाश के नीचे परिवार के लोग सो रहे थे। चोरी की घटना का पता सुबह परिवार के लोगो को हुई। उन्होंने इसकी सूचना जलालपुर पुलिस में नहीं दिया उनका कहना है कि मेरा पुलिस के ऊपर से विश्वास उठ गया है मेरा विगत 2 साल पहले लगभग एक लाख की कीमत के भैंस रात में चोर उठा कर लेकर चले गए। मैं जब-जब थाने पर शिकायत किया तो केवल पैसे की मांग होती थी। जबाब में प्रयास कर रहे हैं

# बेटी का नेवी मे चयन, मां बाप के साथ क्षेत्र का गौरव बढ़ाया

**इंडियन नेवी में चयन होने पर बेटी रिया दुबे ने कहा गुरुजनों और परिवार से मिले संस्कार**



जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के उत्तरीपुरा के भड़िया सुजावलपुर निवासी गुड्डू दुबे के चार बेटियो मे सबसे बड़ी होनहार बेटी रिया दुबे ने इंडियन नेवी चयन के बाद अपनी प्रतिक्रिया में बताया कि अपने लक्ष्य को साधने के लिए गांव हो या शहर पढ़ाई में बाधा नहीं बनते, घर के संस्कारों से आगे बढ़ने का हौसला मिलता है।पिता गुड्डू दुबे एवं माता की प्रेरणा भी लक्ष्य को साधने में मिली विद्यालय में बचपन से कक्षा दसवीं तक पढ़ाई की घर के संस्कारों के साथ-साथ वहां की शिक्षा ने भी आगे बढ़ने का हौसला दिया। विद्यालय टूर के दौरान वाघा बार्डर पर सेना का शौर्य देखा तब ही मन में सेना में जाने का विचार आया और उसके लिए हमेशा अपने लक्ष्य को पाने के लिए मेहनत की। इंडियन नेवी मे चयन पर मुझे गर्व है कि सेना में देश की सेवा करने का अवसर मिला। मैं परिवार में चार बहनें हैं सबसे बड़ी बहन होने के नाते अब पूरे परिवार की जिम्मेदारी के साथ साथ देश की भी रक्षा करने का गौरव हासिल हुआ है वहीं क्षेत्र के लोग गुड्डू दुबे के घर जाकर देर रात तक बधाईयों का तांता लगा रहा एक दूसरे को मुंह मीठा कराकर बधाई देने पहुंचते रहे लोग। उत्तरीपुरा चौकी इंचार्ज सतीश चंद्र यादव ने बताया बेटियां घर परिवार और देश का नाम रोशन करती है क्षेत्र के माता-पिता को सीख लेना चाहिए बेटियों को भी बेटों को बराबर शिक्षा और स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए।

# सेहरा सजने से पहले ही उठ गई अर्थी, दो दिन बाद जानी थी बरात

जन एक्सप्रेस । मैनपुरी

मैनपुरी प्रदेश के मैनपुरी में सेहरा सजने से पहले हादसे ने होने वाले दूल्हे की जान ले ली। खबर से घरवाले बेहाल हो उठे। घर में चीत्कार मच गई। शादी में शामिल होने आए रिश्तेदार ढांढस तो बंधा रहे थे लेकिन खबर ऐसी थी कि उन्हें खुद को संभालना भी मुश्किल हो रहा था। दो दिन बाद बरात जानी थी। मामला भोगांव थाना क्षेत्र के नगला विचित्र गांव की है। गांव निवासी सुरेशचंद्र ने बेटे गोविंद सिंह 22 की शादी जनपद फर्रुखाबाद के गांव बरई में तय की थी। घर में शादी की तैयारियों का माहौल था। बुधवार 17 अप्रैल को मंडप का कार्यक्रम था। वहीं 18 अप्रैल को बरात जानी थी। इससे पहले सोमवार की शाम गोविंद के पास होने वाले साले का फोन आया। उसने विवाह संबंधी किसी काम के लिए संकिसा बुलाया। गोविंद बाइक लेकर संकिसा चला गया। देर शाम घर लौटते समय थाना क्षेत्र के ही जसराजपुर के पास ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। हादसे में उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

**घर में मची चीख पुकार**

राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की जेब से मिले कागजात के आधार पर पहचान की। परिजन को फोन कर हादसे में गोविंद की मौत होने की जानकारी दी। मौत की खबर सुनते ही शादी वाले घर में चीख पुकार मच गई। मंगलवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजन के सुपुर्द कर दिया।

**पल भर के लिए छा गया सन्नाटा... फिर मची चीत्कार**

नगला विचित्र गांव निवासी गोविंद की शादी को लेकर घर का माहौल खुशनुमा था। घर में मेहमान आए हुए हैं। महिलाएं मंगल गीत गा रहीं थीं। सभी घरवाले शादी की तैयारियों में व्यस्त थे। इस बीच पुलिस के एक फोन कॉल से घर में सन्नाटा पसर गया। फोन पर गोविंद की मौत होने की खबर मिलते ही अगले ही पल चीत्कार मच गई। शादी की खुशियां पल भर में काफूर हो गईं। रोते बिलखते परिजन मोर्चरी पहुंचे घरवाले।

## फास्ट फॉरवर्ड

### गुलशन देव शाक्य ने थामा सपा का दामन

जन एक्सप्रेस/मैनपुरी। लोकसभा सीट के सियासी संग्राम में उथल पुथल मची हुई है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने गुलशन देव शाक्य का टिकट काट दिया।उनकी जगह इटावा जनपद की विधानसभा भरथना से बहुजन समाज पार्टी से विधायक रहे शिवप्रसाद यादव को मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र का प्रत्याशी घोषित कर दिया है।मायावती के इस फैसले से नाराज गुलशन देव शाक्य मंगलवार को डिंपल यादव के नामांकन में पहुंचे।यहां उन्होंने कहा कि बसपा ने शाक्यों को बड़ा धोखा दिया है। अब वे पूरी तरह समाजवादी पार्टी के साथ हैं। अखिलेश ने दिलाई सपा की सदस्यतावहीं अखिलेश यादव ने गुलशन शाक्य को समाजवादी पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि देश से भाजपा का सफाया होने जा रहा है। उन्होंने इलेक्टोरल बांड को लेकर भी भाजपा को घेरा।

### मैनपुरी में बसपा ने बदला प्रत्याशी

जन एक्सप्रेस/मैनपुरी। मैनपुरी लोकसभा सीट पर बहुजन समाज पार्टी ने अंतिम समय में यादव कार्ड खेला है। इटावा जनपद की विधानसभा भरथना से बहुजन समाज पार्टी से विधायक रहे शिवप्रसाद यादव को बहुजन समाज पार्टी ने मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र का प्रत्याशी घोषित कर दिया है। एक सप्ताह पहले ही बहुजन समाज पार्टी ने किशनी क्षेत्र के रहने वाले गुलशन देव शाक्य को अपना प्रत्याशी घोषित किया था। ज्ञात हो कि बसपा प्रत्याशी घोषित होने के बाद गुलशन देव शाक्य के समर्थन में बसपा के बड़े नेता राधा रमन रोड स्थित एक मैरिज हॉल में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करके गुलशन देव शाक्य को जिताने की अपील भी कर चुके थे। अब बहुजन समाज पार्टी ने गुलशन देव शाक्य के स्थान पर पूर्व विधायक शिव प्रसाद यादव पर दांव लगाया है।
पुलिस अधीक्षक ने मुख्यालय में व थाना प्रभारियों ने थाने में की जनसुनवाई औरैया,16 अप्रैल 2024 (यूएनएस)। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक चारू निगम द्वारा पुलिस मुख्यालय ककोर में आये हुए पीडित फरियादियों की समस्याओं को जनसुनवाई के दौरान विस्तारपूर्वक सुना गया तथा पीडितों को न्याय का भरोसा दिलाते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से न्यायोचित निस्तारण करने हेतु सर्व-सम्बन्धित अधि0ध्कर्म0गणों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। वही जनपद औरैया के थाना प्रभारियोंध्थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थानों पर उपस्थित होकर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा को न्याय का भरोसा दिलाते हुये गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध तरीके से न्यायोचित निस्तारण करने हेतु सर्व-सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

### पुलिस अधीक्षक ने लोकसभा चुनाव हेतु किया बूथ निरीक्षण

जन एक्सप्रेस/औरैया। आगामी लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने मंगलवार को थाना कोतवाली औरैया के अन्तर्गत संवेदनशील,अतिसंवेदनशील बूथों का भौतिक निरीक्षण किया तथा जो कमिंया पायी गयी उसे संबन्धित अधिकारियों को अवगत कराते हुये शीघ्र दूर करने हेतु संबन्धित अधिकारी,कर्मचारीगण को निर्देशित कर अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । बूथ निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी सदर, थाना प्रभारी कोतवाली औरैया समेत अन्य अधि0ध्कर्म0गण मौके पर मौजूद थें।

### गेंहू के उत्पादन का शुरू हुआ आंकलन डीएम ने क्रॉप कटिंग कर की शुरुआत

जन एक्सप्रेस/कन्नौज। गेंहू की गुणवत्ता परखने के लिए डीएम ने क्रॉप कटिंग की। सदर तहसील क्षेत्र बहेलियन पुर्वा गांव पहुंचे डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने खुद गेंहु काटा। डीएम ने बताया कि काटे गए गेंहू के उत्पादन के मानकों की जांच होगी।जिसके आधार पर जिले में कुल उत्पादन के आंकड़े निकाले जाएंगे। उन्होने कहा उत्पादन के हिसाब से घाटे मुनाफे का आंकलन कर किसानों की मदद की जाएगी।प्राकृतिक आपदा के चलते इस बार कन्नौज में गेंहू उत्पादन प्रभावित होने की बात सामने आ रही है।बहेलियन पुर्वा गांव के किसान जगदीश के खेत मे डीएम ने क्रॉप कटिंग का काम किया।इस दौरान उन्होने खेत का नक्शा,खसरा,रजिस्टर सहित बाकी भू-अभिलेखों की जांच भी की।किसानों के बोए गेहूं के बीज के बारे में जानकारी ली और हंसिया लेकर गेंहू कि कटाई की। डीएम ने बताया कि क्राप कटिंग प्रयोगों के आधार पर ही जिले में फसलों की औसत उपज और उत्पादन के आंकड़े तैयार किए जाएंगे।जिससे जिले में हो रहे उत्पादन की सटीक जानकारी मिल सकेगी।उन्होंने कहा कि क्राप कटिंग के प्रयोगों से प्राप्त उत्पादन के आंकड़ों के आधार पर क्षतिपूर्ति और फसल बीमा राशि निर्धारित की जाएगी।

### तीन शातिर अपराधी हिस्ट्रीशीटर घोषित

जन एक्सप्रेस/कन्नौज। पुलिस ने जिले के 3 शातिर अपराधियों को हिस्ट्रीशीटर घोषित किया है।तीनों हिस्ट्रीशीटर पर हत्या,लूट,पुलिस पर हमला सहित आर्म्स एक्ट के कई मुकदमे दर्ज हैं।पुलिस तीनो हिस्ट्रीशीटर को जल्द गिरफ्तार करने की तैयारी में है।कन्नौज की तालग्राम थाना पुलिस ने यह कार्यवाही की है।पुलिस ने क्षेत्र के 3 शातिर अपराधियों को हिस्ट्रीशीटर घोषित किया है।यहां के नरुइया के दबंग अपराधी राहुल उर्फ करिया,करण यादव उर्फ सोंटी और अजय प्रताप पुलिस की लिस्ट में सबसे ऊपर है।तीनों पर विभिन्न गम्भीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। एसपी अमित कुमार आनंद का कहना है कि तीनो हिस्ट्रीशीटर पर नजर रखी जा रही है। जल्द ही सबकी गिरफ्तार कर कार्यवाही की जाएगी।उन्होने बताया कि लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिये सभी आपराधिक तत्वों पर लगातार निगरानी की जा रही है।जल्द ही कई और अपराधी कार्यवाही की जद में आएंगे।

### एच टी विद्युत लाइन से चिपककर बंदर की हुई दर्दनाक मौत

जन एक्सप्रेस/औरैया। सहार ब्लॉक के कस्बा कंचौसी बाजार अंबेडकर कॉलोनी में सेंट्रल बैंक के सामने बाली गली में स्थित विद्युत पोल में खुले तार की चपेट में आने से एक बंदर की दर्दनाक मौत हो गई।इस कॉलोनी में रहने रहने वाले लोगों का कहना है कि मोहन लाल के दरवाजे के सामने गढ़े इस पोल के आसपास विद्युत लाइन का तार खुला हुआ है जिसमे आए दिन बंदर और पक्षी इसकी चपेट में आकर झुलसकर मर जाते है। विद्युत विभाग के अधिकारियों से कई बार शिकायत करने के बाद भी इस क्षतिग्रत तार को अभी तक नही बदला गया। नवरात्रि के पवित्र माह में बजरंग बली की सेना के इस स्वरूप दर्दनाक तरीके से मर जाना हम सभी मानवजाति के लिए चिंता का विषय है। स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग से मांग की है कि इस कॉलोनी में विद्युत पोलो पर लटके जर्जर तारों को शीघ्र ही बदला जाए।

# आंकिन घाट पर डूबे युवक का तीस घंटे बाद मिला शव

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के अरौल थाना अंतर्गत आंकिन घाट गंगा तट पर सोमवार ककवन थाना क्षेत्र के मुनव्वरपुर गांव निवासी सतीश सिंह पुत्र अमर सिंह के अंतिम संस्कार करने से पूर्व पुत्र गंगा स्नान कर मुखाग्नि देने के कर्मकांड के लिए गंगा में डुबकी लगाने तीन युवक उतरे थे जिसमें से दो किसी तरह बाहर निकल आए लेकिन एक युवा गंगा में डूब गया सूचना पर पहुंची अरौल थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाल सहित उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया और डूबे हुए युवक को गोताखोरों की मदद से जाल डालकर देर रात तक ढूंढते रहे लेकिन कहीं पर भी कोई सुराग नहीं लगा सुबह अरौल थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाल



सहित पुलिस बल व एनडीआरएफ की टीम स्टीमर लेकर गंगा नदी में उतरी आकिन घाट से लेकर नानामऊ घाट तक छानबीन शुरू की जाल डालकर आगरा लखनऊ एक्सप्रेस हाईवे गंगापुल के नीचे जाल में शव फस गया शव की पहचान मुनौव्वर पुर गांव निवासी विनय सिंह 30 वर्षीय के रूप में पहचान हुई गंगा तट पर पारिवारिक जान और गांव के लोग सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे शव मिलते ही सभी ने पुलिस दल को बधाई दी और पारिवारिक जनों के प्रार्थना पत्र के आधार पर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए कानपुर भिजवा दिया गया है एसीपी अजय कुमार द्विवेदी ने एनडीआरएफ व पुलिस टीम की निगरानी कर रहे थाना प्रभारी अखिलेश कुमार पाल सहित पुलिस बल को बधाई दी है और परिवरीजनों को समझा-बुझाकर घर भिजवा दिया गया है और कानपुर से पोस्टमार्टम के बाद शव बुधवार दिन मे गांव पहुंचने की उम्मीद है। एसडीएम रश्मि लांबा ने बताया कि पीड़ित परिवार को हर संभव सरकारी मदद जल्द से जल्द दिलाई जाएगी।

## कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का शुभानुष्ठान

जन एक्सप्रेस । औरैया

दिबियापुर नगर के समीप स्थित ग्राम उमरी में भागवत व्यास पंडित धनंजय मिश्र जी महाराज (फर्रुखाबाद) के मुखारविंद से मंगलवार को गणेश पूजन और कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का आरंभ हुआ। कथा विश्राम 22 अप्रैल 2024 सोमवार को होगी तत्पश्चात 23 अप्रैल मंगलवार को पूर्ण आहुति के पश्चात दोपहर 3 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन होगा। मंगलवार को प्रात- कलश यात्रा में कथा परीक्षित के साथ सम्मिलित सभी लोगों ने पूरे गांव में स्थित मंदिरों का भ्रमण किया और प्रत्येक मंदिर में जाकर पूजा अर्चना कर सभी देवी देवताओं कथा सुनने को आमंत्रित किया।

# मैनपुरी का विकास देखने आए थे मोहन यादव: अखिलेश यादव

**सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने साधा भाजपा पर निशाना**

जन एक्सप्रेस । मैनपुरी

मैनपुरी लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के नामांकन के दौरान पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा पर जमकर हमला बोला। एक दिन पूर्व मैनपुरी में आए मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव को लेकर जब उनसे सवाल किया गया,तो उन्होंने कहा कि वे तो मैनपुरी का विकास देखने के लिए आए थे।वहीं पीएम मोदी को लेकर कहा कि वे जब मैनपुरी आएंगे तो बताएंगे मैनपुरी में क्या विकास किया।अखिलेश यादव ने आगे कहा कि देश से भाजपा का सफाया होने जा रहा है।उन्होंने इलेक्टोरल बांड को लेकर भी भाजपा को घेरा। इलेक्ट्रोरल बांड के नाम पर कंपनियों ने मनमाना चंदा बसूला गया। कोरोना काल के दौरान वैक्सीन कंपनी से भी चंदा वसूल किया गया।इस भाजपा सरकार में बेरोजगारी चरम पर है,भाजपा युवाओं को रोजगार नही दे पा रहीं है।कन्नौज में युवक ने बेरोजगारी से परेशान होकर आत्महत्या कर ली थी।इस सरकार में किसानों की एक न सुनी जा रहीं है।किसान आत्महत्या कर रहे है।अब तक 100 से ज्यादा किसान आत्महत्या कर चुके है। देश का किसान अभी तक आंदोलन नहीं भूला है।किसान की आय दोगुनी नहीं हुई है। चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिया,लेकिन किसानों के लिए कुछ नहीं किया।जान बूझकर नौकरी के पेपर लीक कराए जा रहे हैं।

# कंचौसी क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की वारदात चौकी पुलिस मामले को रोकने में विफल

जन एक्सप्रेस । औरैया

जनपद के थाना दिबियापुर क्षेत्र के कस्बा में चोरियों का सिलसिला जोरों पर है, कई बड़ी चोरी नगर व ग्राम के घरों में बदमाश अंजाम दे चुके है,लेकिन अभी तक कंचौसी पुलिस एक भी चोरी का खुलासा नहीं कर सकी है,और पुलिस को चकमा देकर बड़ी ही बारीकी से चोर हांथ साफ कर देते है, जिस कारण नगर व देहात की जनता दहशत में है,कस्बे की जनता का साफ कहना है, कि रात्रि के दौरान कंचौसी पुलिस गश्त नही करती है,और बेखौब चोर वारदात को अंजाम दे देते है,आदमी वर्षो से मेहनत और मजदूरी करके एक एक पैसा कैसे इकठ्ठा कर पाता है,और पल भर में बदमाश वर्षो से इकट्ठा कमाई को लूट ले जाते है,इससे तो कंचौसी पुलिस पर सवालिया निशान उठने लगा है,व्यक्ति कैसे पुलिस पर भरोसा करे।चोरी के वारदातो के बाद पुलिस सक्रिय होती है,तमाम ढिढोरा पीटती है,इसके दो चार दिनों बाद निष्क्रीय हो जाती है, आखिर कैसे रुकेगा कस्बे में चोरियों का सिलसिला,रात्रि के दौरान बेखोब बदमाश कस्बे के अंदर घरों में घुसकर लाखो रुपए का सोना चांदी जेवरात घरों में रखा बेशकीमती सामान उड़ा ले जाते है,और कंचौसी पुलिस को तब जानकारी होती है जब सुबह गृहस्वामी जानकारी देता है, इससे तो साफ जाहिर होता है, कि कंचौसी पुलिस सुस्तावस्था में पड़ी रहती है, कस्बे की जनता ने साफतौर पर कहा कि दिबियापुर थाना क्षेत्र की चौकी को कोई परवाह नही है,रात्रि में एक भी पुलिस कर्मी कभी भी बस्ती के अंदर गस्त करते नही दिखता है,जनपद की तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक चारू निगम लगातार थानाध्यक्षों,चौकी इंचार्जो को दिशा निर्देश दे रही है, कि रात्रि में हर गली नगर में गस्त होना चाहिए,लेकिन चौकी पुलिस की बड़ी लापरवाही प्रतीत हो रही है,और चोरियों को रोकने में नाकाम साबित हो रहे है,वारदात होने के बाबजूद कंचौसी चौकी पुलिस की निष्क्रियता साफ दिखाई दे रही है,और अभी तक रात्रि के दौरान गश्त भी नही हो पा रहा है,जनता रात्रि में चौन से सो भी नही पा रही है,और अपने घरों में रात्रि जागरण कर स्वयं सुरक्षा कर रही है,। कस्बे की जनता ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है, कि चोरियों पर लगाम लगाई जाए,और सुस्त पड़ी कंचौसी चौकी पुलिस को एक्टिव किया जाए, या तेज तर्रार स्टाफ भेजा जाए।

# सपा प्रत्याशी डिंपल यादव ने किया नामांकन, डिंपल के नामांकन में साथ नजर आया सैफई परिवार

जन एक्सप्रेस । मैनपुरी

मैनपुरी लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी के रूप में मंगलवार को सांसद डिंपल यादव ने अपना नामांकन जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह के समक्ष प्रस्तुति किया। इस दौरान सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पूर्व मुख्यमंत्री उनके साथ मौजूद रहे। डिंपल यादव अपने नामांकन से पूर्व ससुर मुलायम सिंह यादव कि समाधि स्थल पर पहुंचीं जिसके बाद वे मैनपुरी आईं। यहां सपा प्रत्याशी के नामांकन से पूर्व पार्टी के नेता और कार्यकर्ता आवास विकास स्थित सपा कार्यालय पर एकत्रित हुए थे।मंगलवार को सपा प्रत्याशी सांसद डिंपल यादव मंगलवार को सुबह सैफई से चलकर आवास विकास स्थित सपा कार्यालय पहुंचीं।सपा कार्यालय से प्रस्तावकों के साथ कलेक्ट्रेट के लिए रवाना हुईं। कलेक्ट्रेट स्थित जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में 12.30 बजे अपना नामांकन दाखिल किया। सपा प्रत्याशी सांसद डिंपल यादव के नामांकन के मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के साथ सैफई परिवार नजर आया। उनके साथ सपा राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव,चाचा शिवपाल सिंह यादव, पूर्व सांसद तेज प्रताप यादव,पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव भी मौजूद रहे।

# पोस्टर लगाकर लू व संचारी रोगों से बचाव का दिया संदेश

जन एक्सप्रेस । कानपुर देहात

जनपद में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ ए के सिंह के निर्देशन तथा अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारीध् नोडल अधिकारी संचारी रोग तथा दस्तक अभियान डॉ एसएल वर्मा के नेतृत्व में 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य कर्मियों के सहयोग से गांव-गांव लोगों को जागरुक करते हुए संचारी रोगों से बचाव की जानकारी दी जा रही है। वहीं 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक घर-घर दस्तक अभियान भी जारी है। जिसके क्रम में लोगों यानी 5 वर्ष से ऊपर सभी का आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट में रजिस्ट्रेशन कराना, आभा आईडी बनवाना सहित संचारी रोगों से बचाव की जानकारी लेकर अपने आपको तथा अपनों को सुरक्षित रखना है। इसी क्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमरौधा के अधीक्षक डॉ अमित निरंजन द्वारा सपना हॉस्पिटल पटेल चौक के पास पुखरायां में नवस्थापित आरोग्य मंदिर यानी नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपस्थित होकर जागरूकता संबंधी पोस्टर लगाकर उपस्थित लोगों को लू तथा संचारी रोगों से बचाव की जानकारी दी गई। इसी क्रम में ब्यूरोहेड डॉ अनूप सचान से बात करते हुए उन्होंने कहा कि उक्त अभियान के अंतर्गत हर घर पर दस्तक देते हुए लोगों को ग्रीष्मकालीन सत्र में लू से बचाव तथा सुरक्षा की जानकारी देने के साथ-साथ किसी भी तरह के बुखार से पीड़ित लोगों की समस्त जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करना तथा लेप्रोसी, ट्यूबरक्लोसिस वह फाइलेरिया के मरीजों का चिन्हीकरण करना है। इसी क्रम में घरों के आसपास साफ सफाई रखते हुए झाड़ियों आदि की कटाई करने की बात को समझाते हुए चूहा छछूंदर से फैलने वाले रोग स्क्रबटायफस से बचाव की भी जानकारी प्रदान करना है। उक्त अवसर पर अर्बन पीएचसी प्रभारी डॉ दिव्यम सचान, लैब टेक्नीशियन कोमल, फार्मासिस्ट संजना तथा स्टाफ नर्स गीता व सोनी के साथ-साथ डॉ राम सुमन, हेमंत कुमार, ममता सचान, धीरेंद्र यादव, अतर सिंह, किशोर सचान, अशोक यादव के साथ-साथ अस्पताल में आए मरीज व उनके परिजन तथा क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

## सहकारी समिति कंचौसी जाने वाले खडंजा की सडक़ वर्षों से पड़ी खस्ताहाल

जन एक्सप्रेस । कानपुर देहात

सहकारी समिति बी पैक्स लि0कंचौसी गॉव व बिहारीपुर के बीच स्थित भाग्यनगर ब्लॉक की बड़ी समिति होने के कारण करीब 10 पंचायतों के किसानों को खाद, बीज,किसान ऋण,कम दर पर सुगमता से उपलब्ध कराए जाते हैं।केंद्र की मोदी सरकार में केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने अभी कुछ महीनों पहले ही साधन सहकारी समिति लि0 के नाम मे संसोधन कर बी पैक्स कर दिया साथ ही अनेकों सविधाओं से सहकारी संघ को जोडने़ के लिए विशेष पैकेज देने की बात कही गयी थी,परन्तु कंचौसी व बिहारीपुर गॉव के मध्य में स्थित सहकारी संघ के गोदाम को जाने वाली सडक़ आज तक नहीं बन पाई,जिससे आस पास ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले किसानों को आये दिन भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय ग्रामीण किसानों का कहना है कि खडंजा का निर्माण आज से करीब 27 वर्ष पहले औरैया से तत्कालीन विधायक लाल सिंह वर्मा की निधि द्वारा कराया गया था,तबसे लेकर आज तक किसी ने इस बाबत ध्यान ही नहीं दिया !कई सरकारें आयी और गईं परन्तु इस कार्य को लेकर किसी जनप्रतिनिधि ने कोई रुचि नहीं दिखाई, सचिव आनोज कुमार का कहना है कि कई बार इस संबंध में अपने उच्चाधिकारियों को बताया परन्तु कुछ निष्कर्ष का समाधान नहीं हुआ,सचिव के अनुसार बरसात में तो बाइक तक आना दूभर हो जाता है किसानों को भी खाद ले जाने में बड़ी दिक्कतों का सामना करना पडता है। अनोज कुमार बताया कि वर्तमान सहकारी संघ बी पैक्स कंचौसी के अध्यक्ष मैनपूठ निवासी रामप्रकाश पाल के साथ मिलकर सहकारिता विभाग के उच्च अधिकारियों व प्रशासनिक अधिकारियों को लिखित रूप से इस समस्या से अवगत कराएंगे!!

## करीब 2368 मतदान कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण हुआ संपन्न, 32 अनुपस्थित के खिलाफ होगी कार्यवाही

जन एक्सप्रेस । कानपुर देहात

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदान कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण अकबरपुर महाविद्यालय अकबरपुर में प्रथम व द्वितीय पाली में संपन्न हुआ। पीठासीन अधिकारी ध्प्रथम मतदान अधिकारी का प्रथम प्रशिक्षण पूर्वाहन 10 बजे से 1 बजे व अपराह्न 2 बजे से 5 बजे तक प्रथम एवं द्वितीय पाली में 1200 कार्मिक प्रति पाली प्रशिक्षण स्थल के एक हाल व 10 कक्षों में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों द्वारा संपन्न कराया गया। जिसका मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन ने निरीक्षण भी किया। प्रथम पाली में कुल 9 व द्वितीय पाली में 23 कार्मिक अनुपस्थित रहे । अनुपस्थित कार्मिको के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के तहत विधिक कार्यवाही की जाएगी।प्रशिक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कार्मिकों को निर्देशित किया कि गंभीरता पूर्वक पूर्ण मनोयोग के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें ताकि मतदान के दिन किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े । इस दौरान कार्मिकों से प्रशिक्षण, ईवीएम को संचालित करने का तरीका आदि के संबंध में जानकारी दी गई।इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी अचल कुमार मिश्रा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सीओ ने की ज्यादा मतदान एवम् शांति व्यवस्था में सहयोग की अपील

जन एक्सप्रेस । कानपुर देहात

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस उपाधीक्षक राजीव सिरोही ने पुलिस बल के साथ आधा दर्जन मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर जनता से आचार संहिता का पालन एवम अधिक से अधिक मतदान करने के साथ साथ शांति व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। मंगलवार को पुलिस उपाधीक्षक राजीव सिरोही तिसती चौकी प्रभारी कृपाल सिंह सिपाहियों शैलेन्द्र चौधरी केशव यादव सूर्यसेन यादव रवीश यादव के साथ बरिगों नौहानीगांव व तिष्ती मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। जहां जनता से संवाद कर से भय मुक्त होकर अधिक से अधिक मतदान करने एवम आदर्श आचार संहिता का पालन करने एवम प्रलोभनों में न आने के साथ साथ शांति व्यवस्था बनाये।

# अवैध शस्त्र बनाने वाले दो शातिर असलाह सहित गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । मथुरा

अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड करते हुये पुलिस ने शस्त्र बनाने वाले 2 शातिर युवकों को 12 अवैध निर्मित तमंचा व 1 इकनाली बन्दूक एवं 23 जिंदा कारतूस व 8 खोखा कारतूस एवं अर्धनिर्मित अवैध शस्त्र बनाने के उपकरणो के साथ गिरफ्तार किया है। मंगलवार को पत्रकार वार्ता में एसपी सिटी अरविन्द कुमार ने बताया कि थानाध्यक्ष जैंत अजय वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर बडी आटस के चामड़ माता मन्दिर के पीछे जंगल में बनी कोठरी में चल रही अवैध शस्त्र फैक्ट्री को पकड़ा है। पुलिस ने मौके से मनीष उर्फमानवेन्द्र पुत्र राजेन्द्र निवासी मइ पूरना थाना इगलास जिला अलीगढ हाल निवासी ग्राम कोटा थाना जैत, कमल उर्फगुल्ला पुत्र पप्पू निवासी जयसिंहपुरा गणेश टीला कमोली वाली धर्मशाला थाना गोविन्दनगर को 12 अवैध निर्मित तमंचा व 1 इकनाली बन्दूक एवं 23 जिंदा कारतूस व 8 खोखा कारतूस एवं अर्धनिर्मित अवैध शस्त्र बनाने के उपकरणो के साथ गिरफ्तार किया। जबकि इनका एक साथी अकरम पुत्र खिल्लू निवासी गोंदा आटस थाना जैत मौके से भाग निकला। पूछताछ में तस्कर ने बताया कि हम सभी साथी नये तमंचे बनाने व खराब तमंचों की मरम्मत का कार्य करते हैं। शस्त्र बेचने का काम अकरम पुत्र खिल्लू करता है और अकरम ही हम लोगो को हिस्से के पैसे देता है। जिससे हम अपने परिवार का खर्चा चलाते हैं। हम इस जंगल मे जगह बदल-बदल कर कई दिनो से देर रात में तमंचे बनाने की फैक्टरी चला रहे थे।

# निपुण विद्यालय बनाने में सहयोगी जनों का बीईओ ने किया सम्मान

जन एक्सप्रेस । कानपुर देहात

पावन नवरात्र की अष्टमी पर विकास खंड अकबरपुर के प्राथमिक विद्यालय बैरागीहार में सत्र समापन पर वार्षिकोत्सव, प्रवेश उत्सव एवं कन्या भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने किया। सभी अतिथियों का स्वागत प्रधानाध्यापक अपूर्वा द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर एआरपी अजय प्रताप सिंह, नवजोत सिंह, ज्योत्सना गुप्ता और सत्येंद्र कुमार सिंह ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय को निपुण घोषित होने पर सभीअभिभावकों व छात्रों के साथ संवाद स्थापित कर विचार साझा किए।कार्यक्रम में सभी निपुण छात्र छात्राओं को पुरस्कार दे कर उत्साहवर्धन किया गया। बच्चों द्वारा आयोजित स्वागत गीत और बेटी बचाओ बेटी पढाओ कार्यक्रम से प्रभावित होकर खण्ड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने विद्यालय परिवार के बच्चों को नकद धनराशि पुरस्कार के रूप में दी।

# सीमांचल और बिहार को हम पीछे नहीं रहने देंगे: पीएम मोदी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गया/पूर्णिया**

पीएम नरेंद्र मोदी बिहार में मंगलवार को 3 घंटे रहे। उन्होंने गया और पूर्णिया में जनसभा की। पीएम ने संविधान, भ्रष्टाचार, राम मंदिर और आतंकवाद पर इंडी गठबंधन को घेरा। उन्होंने पूर्णिया में कहा कि घमंडिया गठबंधन के लोग सनातन को मिटाने में लगे हैं। जिसको किसी ने नहीं पूछा हम उनको पूज रहे हैं। हम भ्रष्टाचार को मिटाने में लगे हैं और वे बचाने में लगे हैं। भ्रष्टाचार के ठिकाने को बचाने के लिए सभी एक हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले देश में जवानों की शहादत होती थी। आपको गुस्सा होती थी, इन्हें घर में घुसकर मारो। आज जो देश हमें आंखें दिखाता था वो आज कटोरा लेकर भटक रहा है। जो लोग संविधान बदलने का कह रहे हैं उन्होंने कई दशकों तक काम किया, लेकिन वो कभी बाबा साहेब का संविधान कश्मीर में लागू नहीं करवा पाए। ये मोदी है, आज जम्मू-कश्मीर में भी संविधान आन-बान और शान से लागू हो गया है। ये कहते थे 370 हटी तो कश्मीर में आग लग जाएगी। आज आर्टिकल-370 का एंड हो चुका है। भारत को बांटने वालों को जलन हो रही है। ये लोग राम मंदिर के लिए भी यही कहते थे। राम मंदिर बना तो देश में आग लग जाएगी। आज राम मंदिर दुनिया में भारत का गौरव है।




### घमंडिया गठबंधन का संस्कार भारतीय नहीं

पीएम मोदी ने कहा, कल राम नवमी का पावन पर्व है। सूर्य की किरणें कल अयोध्या में राम लला के मस्तक का विशेष अभिषेक करेंगी। लेकिन, घमंडिया गठबंधन के लोगों को राम मंदिर से भी परेशानी हैं। जो लोग कभी भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाते थे, वे आज राम मंदिर पर कैसी-कैसी भाषा बोल रहे हैं! एक समुदाय के तुष्टीकरण के लिए इनलोगों ने प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण ठुकरा दिया। यह हमारे देश के संस्कार नहीं हैं। यह हमारे देश की परंपरा नहीं है।

### राहुल गांधी को लेकर कह दी यह बात

प्रधानमंत्री ने कहा– इस घमंडिया गठबंधन के एक नेता कांग्रेस के युवराज तो खुलेआम कहते हैं कि वो हिंदू धर्म की शक्ति का विनाश कर देंगे। आज नवरात्रि का पावन पर्व है। हम शक्ति के उपासक हैं। इस शक्ति का विनाश कोई कर सकता है? और, जो शक्ति का विनाश करने निकले हैं उनका क्या होगा? यह ऐसा कुनबा इकट्ठा हुआ है, जिनके एक साथी हमारे सनातन को डेंगू-मलेरिया कहते हैं। क्या यह सनातन का अपमान नहीं है? इसे मानना-न मानना आपकी मर्जी, लेकिन इसे डेंगू-मलेरिया कहना हमारे ऋषियों-मुनियों व पूर्वजों का अपमान है। ये एक भी सीट जीतने के लायक नहीं हैं। इन्हें इसकी सजा मिलनी चाहिए। पूरे बिहार से इन्हें साफ कर देना चाहिए।

### संविधान बदलने के सवाल पर कहा

पीएम मोदी ने संविधान बदलने के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि स्वयं बाबा साहब अंबेडकर भी इस संविधान को नहीं बदल सकते तो भाजपा इसकी हिम्मत कैसे कर सकती है! इन्हें पता होना चाहिए कि यह जो संविधान सभा थी, देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद उसका नेतृत्व करते थे। बाबा साहब का दिल, दिमाग और कलम इस संविधान को शब्दों में ढाल रहा था। देश के गणमान्य लोग विचार-विमर्श करते हुए भावनाओं को समझते हुए इसका निर्माण किया। उन्होंने कहा कि संविधान की ताकत के कारण ही आज मोदी इस जगह पर है। यह संविधान नहीं होता तो कभी ऐसे पिछड़े परिवार में पैदा हुआ गरीब का बेटा देश का प्रधानमंत्री नहीं बन सकता था।

### फिर एक बार का नारा लगवाया

प्रधानमंत्री ने पहुंचते ही कहा– 卐विश्व विख्यात ज्ञान और मोक्ष की पवित्र नगरी गया जी के हम प्रणाम करहि। भगवान विष्णु की धरती, भगवान बुद्ध के तपस्थली के हम नमन करहि। यह वह धरती है, जिसने मगध का ऐश्वर्या देखा है, जिसने बिहार का वैभव देखा है।卐 उन्होंने नवरात्र के साथ सम्राट अशोक की भी चर्चा की। कहा– 卐संयोग से आज जब मैं गयाजी आया हूं तो नवरात्रि भी है और आज ही सम्राट अशोक की जयंती भी है। सदियों बाद आज एक बार फिर भारत और बिहार अपने उस प्राचीन गौरव की वापसी के लिए आगे बढ़ रहा है।卐 इसे चुनाव से जोड़ते हुए उन्होंने कहा– यह चुनाव विकसित भारत, विकसित बिहार के संकल्प का चुनाव है। गया की धरती पर उमड़ा यह जनसैलाब और आपका यह उत्साह साफ बता रहा है– फिर एक बार? फिर एक बार? फिर एक बार? जवाब मिला– मोदी सरकार। इसके बाद उन्होंने पूछा– 4 जून? 4 जून? 4 जून? जवाब मिला– 400 पार। मोदी गया में लोगों के उत्साह से अभिभूत नजर आए। उन्होंने कहा– मैं जब एयरपोर्ट से यहां आ रहा था तो लोग पैदल यहां पहुंचने के लिए चलते दिखे। हो सकता है कि मेरा भाषण पूरा होने तक वह सब शायद नहीं पहुंच सकें। यह प्यार और आशीर्वाद मैं कभी भूल नहीं सकता हूं। गया और औरंगाबाद ने आज घोषणा कर दी है– फिर एक बार? फिर एक बार?

### कांग्रेस-राजद को निशाने पर लेकर अपनी गारंटी दी

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस और उसके साथियों ने दशकों तक गरीबों को रोटी-मकान के सपने दिखाए और चार करोड़ गरीबों को पक्के मकान दिए एनडीए सरकार ने। हमारे साथी जीतन राम मांझी साक्षी हैं कि कैसे दलितों, वंचितों और पिछड़ों के नाम पर कांग्रेस और राजद ने सिर्फ अपना राजनीतिक स्वार्थ साधा है। दलितों-वंचितों-पिछड़ों को अधिकार और सम्मानपूर्ण जीवन एनडीए ने दिया है। उन्होंने कहा कि अगले 5 वर्षों के लिए मोदी का गारंटी कार्ड अपडेट हो गया है। गरीबों के लिए तीन करोड़ पक्के घर बनाए जाएंगे, यह मोदी की गारंटी है। गरीबों को अगले 5 साल तक मुफ्त राशन मिलेगा, यह मोदी की गारंटी है। 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को पांच लाख तक का मुफ्त इलाज मिलेगा, यह मोदी की गारंटी है। किसान सम्मान निधि आगे भी जारी रहेगी, यह मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि बीजेपी के संकल्प पत्र में समाज के हर वर्ग, हर क्षेत्र के लिए विकास का रोड मैप बनाया गया है।

**लालू-तेजस्वी को निशाने पर रखा:** प्रधानमंत्री ने कहा– घमंडिया गठबंधन वाले तो वोट मांगने भी जाते हैं तो नीतीश जी के कामों को गिनाते हैं। राजद ने भी इतने वर्षों तक बिहार पर राज किया है। लेकिन, इनमें हिम्मत नहीं है कि अपनी सरकार में किए गए कार्यों पर चर्चा करें। बिहार में जंगलराज का सबसे बड़ा चेहरा राजद, भ्रष्टाचार का दूसरा नाम राजद, बरबादी का सबसे बड़ा गुनाहगार राजद, चारा घोटाले के नाम पर वोट मांगने वाला राजद। अदालत ने उस पर मुहर लगा दी है कि उसने चारा चोरी किया है। गरीबों का हक मारा है। राजद ने बिहार को दो ही चीजें दी हैं– जंगलराज और भ्रष्टाचार। इन्हीं का दौर था जब बिहार में अपहरण और फिरौती उद्योग बन गया था। हमारी बहन-बेटियां घर से बाहर नहीं निकल पाती थी। गया जैसे क्षेत्र नक्सल की आग में जलते रहते थे। जो गया भगवान बुद्ध के नाम से जाना जाता है, वहां गोलीबारी चलती थी। राजद ने बिहार के कई परिवारों को राज्य छोड़ कर भागने को मजबूर कर दिया। मैं भ्रष्टाचार पर कार्रवाई करता हूं तो मोदी के खिलाफ लामबंदी करते हैं। मैं कहता हूं कि भ्रष्टाचार हटाओ तो ये कहते हैं कि भ्रष्टाचारी बचाओ। बिहार के स्मार्ट युवा कभी जंगलराज वालों के साथ नहीं जाएंगे। उन्होंने पूछा– आप मोबाइल रखते हैं? लालटेन से मोबाइल चार्ज होगा क्या? लालटेन के जमाने वाले लोग आपको आधुनिक युग में नहीं जाने देंगे। लालटेन का युग होता तो आपका मोबाइल भी चार्ज नहीं होता। देश को मजबूत और बड़े फैसला लेने वाले सरकार की जरूरत है। इसलिए गया से जीतनराम मांझी और औरंगाबाद से सुशील कुमार सिंह को विजयी बनाएं। जीतनराम मांझी बिहार में दलित समाज का चेहरा हैं। जो उत्साह आज देख रहा हूं, उसी उत्साह से 19 अप्रैल को मतदान कर इन्हें विजयी बनाना है।

# पथराव, गोलीबारी गुजरे वक्त की बात, अब अंतिम सांसें गिन रहा आतंकवाद: अमित शाह

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को जम्मू के पलौड़ा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अब जम्मू कश्मीर में पथराव और गोलीबारी गुजरे समय की बात बन गए हैं। अब प्रदेश में आतंकवाद अंतिम सांसें गिन रहा है। शाह ने कहा, पीएम मोदी के कार्यकाल के 10 साल में जम्मू-कश्मीर को सबसे ज्यादा फायदा हुआ है। एक जमाना था, जब ऐसे जलसे की कल्पना ही नहीं कर सकते थे। पथराव होता था, गोलीबारी होती थी, बम धमाके होते थे, पाकिस्तान से हड़ताल का ऐलान किया जाता था और 370 का साया पूरे जम्मू-कश्मीर पर छाया था। आज 370 समाप्त हो गई है, आतंकवाद अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है और जो युवा पथराव कर रहे थे, उन युवाओं के हाथ में लैपटॉप है। अमित शाह ने कहा, श्यामा प्रसाद ने नारा दिया था, एक देश में दो विधान, दो प्रधान व दो निशान नहीं चलेगा। आज जम्मू कश्मीर से 370 समाप्त हो गया है। पूरे देश की तरह यहां भी आन-बान-शान के साथ हमारा तिरंगा गगन छू रहा है। बहुत कठिन दौर से संघर्ष करके भाजपा के नेता जम्मू-कश्मीर की कश्ती को बाहर निकाल कर लाए हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू में पैर रखते ही भाजपा कार्यकर्ता के रोंगटे खड़े हो जाते हैं। ये याद करके कि भाजपा के पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने यहीं बलिदान दिया था। शाह ने कहा, फारूक अब्दुल्ला कहते थे कि नरेंद्र मोदी 10 बार प्रधानमंत्री बन जाएं, लेकिन अनुच्छेद 370 नहीं हटा सकते। लेकिन दूसरी बार के कार्यकाल में ही जम्मू-कश्मीर से 370 हटा दिया गया है। शाह ने महबूबा मुफ्ती को घेरते हुए कहा, महबूबा कहती थीं कि अगर 370 हटा तो तिरंगे को कोई कंधा देने वाला नहीं होगा। आप और मैं तो चले जाएंगे लेकिन तिरंगा तो अजर है, अमर है... हमेशा रहने वाला है। उन्होंने कहा कि नेकां-पीडीपी कहते थे कि गुज्जर और बकरवाल का आरक्षण काट दिया जाएगा, लेकिन उनके आरक्षण से बदलाव किए बिना पहाड़ी समुदाय को आरक्षण दिया गया है।

## आप ने जारी की गुजरात में स्टार प्रचारक की सूची

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को गुजरात में लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। सूची में कई नाम हैरान करने वाले हैं। मसलन लिस्ट में सबसे पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का नाम है। इसके अलावा उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल का भी नाम है। स्टार प्रचारक की लिस्ट में मनीष सिसोदिया का नाम है जो करीब बीते एक साल से जेल में बंद हैं। इसके अलावा पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और सतेंद्र जैन का भी नाम है। गुजरात की दो सीटों पर लड़ रही आप आम आदमी पार्टी को इंडिया गठबंधन के तरह गुजरात की 26 लोकसभा सीट में से भरूच और भावनगर की दो सीटें मिली हैं। बाकी सभी सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवार मैदान पर हैं। आप ने भरूच से चैतर वसावा और भावनगर से उमेश मकवाना को उम्मीदवार घोषित किया है।

## विज्ञापन केस: पतंजलि ने सुप्रीम कोर्ट में फिर माफी मांगी

**रामदेव बोले, काम के उत्साह में ऐसा हो गया, कोर्ट ने कहा– आप इतने मासूम नहीं हैं**

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



पतंजलि भ्रामक विज्ञापन केस में मंगलवार को एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अमानतुल्लाह की बेंच के सामने बाबा रामदेव और बालकृष्ण तीसरी बार पेश हुए। बाबा रामदेव के वकील मुकुल रोहतगी ने कहा- हम कोर्ट से एक बार फिर माफी मांगते हैं। हमें पछतावा है। हम जनता के बीच माफी मांगने को तैयार हैं। कोर्ट ने कहा- हम बाबा रामदेव को सुनना चाहते हैं। जस्टिस कोहली ने कहा- आपने (रामदेव) योग के लिए बहुत कुछ किया है। आपका सम्मान है, लेकिन आपने ये जो स्टेटमेंट दिया है- परम आदरणीय जज साहिब महोदया। अनकंडीशनली जो भी हमसे हुई हम अपोलोजाइज किए हैं। जिस चीज का आप प्रचार कर रहे हैं, हमारी संस्कृति में ऐसी कई चीजें हैं। लोग सिर्फ ऐलोपैथी नहीं, घरेलू पद्धतियां भी इस्तेमाल कर रहे हैं। नानी के नुस्खे भी। आप अपनी पद्धतियों के लिए दूसरों (एलोपैथी) को गलत क्यों बता रहे हैं। रामदेव ने कहा- किसी को भी गलत बताने का हमारा कोई इरादा नहीं था। आयुर्वेद को रिसर्च बेस्ड एविडेंस के लिए तथ्य पर लाने के लिए पतंजलि ने प्रयास किए हैं। आगे से इसके प्रति जागरूक रहूंगा। कार्य के उत्साह में ऐसा हो गया। आगे से नहीं होगा। इस पर कोर्ट ने कहा- आप इतने मासूम नहीं हैं। ऐसा लग नहीं रहा है कि कोई हृदय परिवर्तन हुआ हो। अभी भी आप अपनी बात पर अड़े हैं। आपको सात दिन का समय देते है।

# कांग्रेस ने आयरलैंड में तैनात भारत के राजदूत पर लगाया पक्षपाती होने का आरोप, पद से हटाने की मांग



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस ने आयरलैंड में भारत के राजदूत के एक लेख पर कड़ी आपत्ति जताई है और उन पर पक्षपाती होने का आरोप लगाया है। दरअसल आयरलैंड के एक अखबार में भारत के चुनाव पर एक लेख लिखा गया था, जिस पर आयरलैंड में भारत के राजदूत अखिलेश मिश्रा ने जो प्रतिक्रिया अखबार को भेजी, उस पर कांग्रेस ने नाराजगी जाहिर की है और राजदूत पर पार्टी कार्यकर्ता की तरह काम करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस ने राजदूत को पद से हटाने की भी मांग की है।

### राजदूत के जवाब पर हुआ हंगामा

दरअसल आयरिश अखबार में भारतीय चुनाव पर एक लेख लिखा गया था। लेख में लिखा गया था कि पीएम मोदी ने चुनाव पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। इसके जवाब में आयरलैंड में भारत के राजदूत अखिलेश मिश्रा ने अखबार को लिखित जवाब भेजा, जिसमें कहा गया कि पीएम मोदी की देश में लोकप्रियता अभूतपूर्व है। भारत का लोकतंत्र मजबूत है। वह किसी राजनीतिक परिवार से ताल्लुक नहीं रखते हैं और उनकी निजी जिंदगी करोड़ों लोगों को प्रेरित करती है। पीएम मोदी की सरकार में गरीबों, महिलाओं और युवाओं के विकास पर फोकस किया जा रहा है। पीएम मोदी की लोकप्रियता चरम पर है और वे न सिर्फ भारत के बल्कि वैश्विक स्तर पर प्रभावी नेता हैं, जो अपनी नेतृत्व क्षमता, समावेशी प्रशासन और सतत विकास को बढ़ावा दे रहे हैं। लेख में लिखा गया कि वे देश में भ्रष्टाचार की व्यवस्था (जो 55 साल के शासन के दौरान बना और पहले 30 वर्षों में खास तौर पर ये शुरू हुआ) से लड़ रहे हैं और पीएम मोदी की लोकप्रियता बढ़ने की ये भी एक वजह है।

### जयराम रमेश ने बोला हमला

कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि आयरलैंड में भारत के राजदूत का आयरिश अखबार को भेजा गया लेख बेहद पक्षपाती, पूर्वाग्रहों से ग्रस्त है, जिसमें पीएम मोदी, भारतीय लोकतंत्र, कानूनी प्रवर्तन एजेंसियों और हिंदू बहुमत की तारीफ की गई है। जयराम रमेश ने कहा कि भारत सरकार का बचाव करना एक बात है और ये राजदूतों से उम्मीद भी की जाती है, लेकिन विपक्षी पार्टियों पर खुलेआम पार्टी कार्यकर्ता की तरह हमला करना बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में जयराम रमेश ने लिखा कि राजदूत एक राजनयिक हैं, ऐसे में उनकी टिप्पणी और भी शर्मनाक और अस्वीकार्य हैं। उन्होंने सेवा नियमों का उल्लंघन किया है और उन्हें तुरंत पद से हटाया जाना चाहिए।

# पुरी से बंगाल जा रही यात्री बस पुल से नीचे गिरी पांच लोगों की मौत, 40 से अधिक लोग थे सवार




**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जाजपुर**

ओडिशा में भीषण बस दुर्घटना की खबर सामने आई है। जाजपुर जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) विनीत अग्रवाल ने बताया कि हादसे का शिकार हुई बस पुरी से पश्चिम बंगाल जा रही थी। रास्ते में बस चालक नियंत्रण खो बैठा और गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस में 42-43 लोग सवार थे। फिलहाल, उपलब्ध जानकारी के अनुसार, पांच लोगों की जान चली गई है। एसपी विनीत अग्रवाल ने बताया कि मृतकों की शिनाख्त का प्रयास जारी है। बस में सवार ज्यादातर यात्री पश्चिम बंगाल के रहने वाले थे।

### बाराबती पुल से नीचे गिरी यात्री बस

हादसे के बारे में मिली जानकारी के मुताबिक कोलकाता जा रही बस के ओडिशा के जाजपुर जिले में सोमवार शाम पुल से गिर गई। हादसे में एक महिला सहित कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और करीब 40 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना रात करीब नौ बजे राष्ट्रीय राजमार्ग-16 के बाराबती पुल पर हुई। हादसे के बाद पीड़ित यात्रियों के इलाज के बारे में जाजपुर के सीडीएमओ शिबाशीष मोहराणा ने बताया कि गंभीर रूप से घायल 5 लोगों ने दम तोड़ दिया। 38 घायलों को बेहतर उपचार के लिए एससीबी मेडिकल कॉलेज, कटक भेजा गया। एक शख्स गंभीर रूप से घायल है।

### मुख्यमंत्री पटनायक ने जताया शोक

ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इस दुर्घटना पर खेद प्रकट करने के साथ-साथ मृतकों के परिजनों को आर्थिक मदद मुहैया कराने का एलान भी किया। ओडिशा सरकार मृतकों के परिजनों को तीन-तीन लाख रुपये की अनुग्रह राशि देगी।

### घायलों की मदद के लिए 16 एंबुलेंस

ओडिशा के परिवहन आयुक्त अमिताव ठाकुर ने बताया कि हादसे का शिकार हुई यात्री बस पश्चिम बंगाल के हल्दिया जा रही थी। उन्होंने कहा, घायलों के इलाज के लिए डॉक्टरों की एक टीम बनाई गई है। महिलाओं और बच्चों सहित घायलों की मदद के लिए मौके पर 16 एंबुलेंस भेजे गए। पुल से नीचे गिरी बस को क्रेन की मदद से उठाया गया। बचाव अभियान देर रात समाप्त हो गया। जाजपुर के कलेक्टर और जिला मजिस्ट्रेट निखिल पवन कल्याण ने कहा कि यात्रियों को बस से निकालने के लिए गैस कटर का इस्तेमाल किया गया।

### हादसे के प्रभावितों को पूरी सहायता करेगी: ममता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दुर्घटना पर दुख प्रकट किया और कहा कि उनकी सरकार इस हादसे के प्रभावितों को सहायता प्रदान करेगी।इस दुर्घटना में पश्चिम बंगाल के जिन लोगों की मौत हुई, उनके परिवारों को और जो लोग घायल हुए हैं, उन्हें नियमानुसार अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी। राज्य प्रशासन सहायता की खातिर अधिकारियों, सामग्री और एंबुलेस को दुर्घटनास्थल पर भेज रहा है।

### घायलों का इलाज एससीबी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कराया गया

धर्मशाला पुलिस थाना प्रभारी निरीक्षक तपन कुमार नाइक ने बताया कि हादसे में घायल हुए करीब 40 लोगों में से 30 को कटक एससीबी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि दुर्घटनास्थल पर राहत और बचाव अभियान के लिए जरूरी बंदोबस्त किए गए हैं।

### ड्राइवर की लापरवाही के कारण हुआ हादसा: अधिकारी

दुर्घटना चालक की लापरवाही के कारण हुई। अतिरिक्त आयुक्त परिवहन (सड़क सुरक्षा) लाल मोहन सेठी ने दुर्घटनास्थल पर प्रारंभिक जांच के बाद यह बात कही। यह कहते हुए कि बस अच्छी स्थिति में थी, सेठी ने कहा कि बस का पंजीकरण 2020 में हुआ था। वाहन के लिए फिटनेस प्रमाणपत्र भी मार्च 2024 में जारी किया गया था। ऐसे में दुर्घटना या तो लापरवाही से गाड़ी चलाने या बाईं ओर से किसी वाहन को ओवरटेक करने की वजह से हुई होगी। उन्होंने इस बात से भी इनकार नहीं किया कि ड्राइवर द्वारा गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने के कारण दुर्घटना हुई होगी। उन्होंने आगे बताया कि इंजीनियरिंग में कोई कमी नहीं थी। फ्लाईओवर पर उचित बैरिकेड्स और आवश्यक साइनेज थे। ड्राइवर के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया जाएगा।

## कांग्रेस ने तीन उम्मीदवारों की एक और लिस्ट जारी की, धनबाद से अनुपमा सिंह को टिकट

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए तीन उम्मीदवारों की एक और लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में झारखंड की तीन लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों के नामों का एलान किया गया है। जिसमें गोड्डा से दीपिका पांडे सिंह, चतरा से कृष्णा नंद त्रिपाठी और धनबाद से अनुपमा सिंह को टिकट दिया गया है। गोड्डा सीट पर दीपिका पांडे सिंह का मुकाबला भाजपा उम्मीदवार निशिकांत दुबे से होगा। वहीं चतरा में कृष्णानंद त्रिपाठी के सामने भाजपा के कालीचरण सिंह की चुनौती है। धनबाद लोकसभा सीट पर कांग्रेस की अनुपमा सिंह को भाजपा के ढुलु महतो से मुकाबला करना होगा। झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और वामपंथी पार्टियां का गठबंधन है।

# पटना मेट्रो का काम कर रहे क्रेन से जा टकराया ऑटो सात की मौत, सीएम नीतीश कुमार ने जताया शोक

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना**

पटना में मेट्रो का काम कर रहे क्रेन और ऑटो में भयंकर टक्कर हो गई जिसमें सात लोगों की मौत हो गई। ऑटो में आठ लोग सवार थे। घटना कंकड़बाग थाना क्षेत्र के न्यू बाईपास की है। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी का माहौल फैल गया। घटना के संबंध में ट्रैफिक डीएसपी ने बताया कि एक ऑटो मीठापुर से जीरोमाइल की तरफ जा रही थी, जिसमें आठ लोग सवार थे। वहीं दूसरी तरफ मीठापुर के नजदीक मेट्रो का काम चल रहा था। इसी क्रम में ऑटो मेट्रो की क्रेन से टकरा गई। इस हादसे में बच्चा महिला समेत चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि तीन लोग की मौत अस्पताल ले जाने के क्रम में हो गई।



### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जताया शोक

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के कंकड़बाग थाना क्षेत्र के रामलखन पथ पर सड़क हादसे में हुई 7 लोगों की मौत पर गहरी दु:ख संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहां कि यह घटना अत्यंत दुखद है और मैं इस घटना से मर्माहत हूं। उन्होंने इस घटना में घायल लोगों को शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

मिली जानकारी के अनुसार घटना में मोतिहारी, रोहतास और नेपाल के लोग पटना जंक्शन से उतरकर ऑटो से जीरो माइल स्थित बस स्टैंड की ओर जा रहे थे तभी राम कृष्ण नगर बाईपास पर यह हादसा हुआ।

## दिनदहाड़े 6 साल के मासूम की नृशंस हत्या, कांच की बोतल से गला काट कर उतारा मौत के घाट

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बैतूल**

बैतूल में 6 साल के मासूम की दिन दहाड़े गला काटकर हत्या कर दी गई। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। जिस कॉलोनी के पास ये घटना घटित हुई वहीं के लोगों ने मौके पर पहुंच कर आरोपी को धर दबोचा और पुलिस को सौंप दिया। जिस बच्चे की हत्या हुई वो कक्षा दूसरी में पढता था और हत्या करने वाला आरोपी बच्चे को आज स्कूल से ले आया और सदर क्षेत्र में स्थित एक बंद पड़े गेराज में ले गया, जहां उसने बच्चे की गर्दन पर बियर की बोतल से वार कर दिया। इस जघन्य हत्या के मामले को लेकर बैतूल एसडीओपी शालिनी परस्ते का कहना है कि बच्चे की माँ संगीता बिहारे निवासी नांदपुर थाना आमला ने दिए बयान में कहा कि शिवा उसका इकलौता पुत्र था, जिसकी उम्र 6 साल थी और वह सदर स्थित सरकारी नवीन प्राथमिक शाला में कक्षा 2 में पढ़ाई करता था। मृतक बच्चे की मां ने बताया कि आज भी 11 बजे शिवा को वह स्कूल छोड़कर आई थी। वहां से कुछ देर बाद आरोपी गणेश मीणा शिवा को स्कूल से लेकर आया और सदर में बीएसएनएल आफिस के पास इसाई कॉलोनी में एक खाली गैरेज में ले गया और वहां पर आरोपी ने बीयर की बोतल फोड़कर बच्चे के गले पर वार कर दिया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)